राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 64
लखनऊ, शनिवार 14 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मुख्य आरक्षी चालक समेत छह पुलिसकर्मी लाइन हाजिर 10

रक्षा मंत्री ने किया ब्रह्माकुमारीज के दिव्य संस्कृति भवन का लोकार्पण 03

## संक्षिप्त समाचार

### भारत का सपना पांच ट्रिलियन डॉलर तक सीमित नहीं : राजनाथ

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारा लक्ष्य ऐसा राष्ट्र बनाना है, जहां परिवारों में संस्कार, समाज में सद्भाव, महिलाओं के प्रति सम्मान, युवाओं में अनुशासन और नागरिकों में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध हो। रक्षा मंत्री ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को दिशा देने का पवित्र जरिया है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत हित से पहले समाज के हित को महत्व देना चाहिए। राजनीति में आने वालों के मन में अधिकार से पहले उत्तरदायित्व का भाव होना चाहिए।

### चक्रवाती तूफान का अलर्ट उत्तर-पश्चिम में बारिश के आसार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश भर में बदलते मौसम के कारण एक तरफ जहां अलग-अलग क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं, वहीं दूसरी तरफ दिल्ली-एनसीआर में दिन-ब-दिन धुंध और कोहरा बढ़ने का अनुमान है। इसके अलावा मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने दबाव के क्षेत्र के एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होकर और अधिक तीव्र होने की प्रबल संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को कुछ बादल छाए रहने के आसार हैं। सुबह के समय अधिकतर जगहों पर हल्का कोहरा रहने की संभावना है।

### बद्रीनाथ धाम के कपाट हुए बंद

**ज्योतिर्मठ,एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट आगामी सोमवार, 16 नवंबर रात्रि 9 बजकर 37 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। कपाट बंद की प्रक्रियाओं के तहत संपादित होने वाली पंच पूजाएं बीते गुरूवार से शुरू हुई। शुक्रवार को कपाट मंगल के अंतर्गत द्वितीय दिवस अपराह्न सवा दो बजे पूजा अर्चना के बाद श्री आदिकेदारेश्वर मंदिर तथा श्री आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो गए। बदरीनाथ धाम के रावल अमरनाथ नंबूदरी ने कपाट बंद से पहले आदि केदारेश्वर जी तथा आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पके चावलों का भोग अर्पित किया। नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी, धर्माधिकारी स्वयंबर आचार्य सेमवाल, डा. रवीन्द्र भट्ट, आचार्य वाणी विलास डिमरी ने पूजा-अर्चना संपन्न की।

### आरएचटीसी में शुरू होंगे विशेष क्लीनिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नजफगढ़ ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र (आरएचटीसी) में अगले महीने से थैलेसीमिया, नशामुक्ति, किशोर स्वास्थ्य, यौन संचारित रोग, रूमेटोलॉजी और गैर-संचारी रोगों से संबंधित विशेष क्लीनिक शुरू होने जा रहा है। यह जानकारी शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने दी। शुक्रवार को आरएचटीसी की संस्थागत प्रगति और विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने बताया कि इस केन्द्र पर फैमिली मेडिसिन और इमरजेंसी मेडिसिन के शिक्षण विभाग स्थापित किया जाएगा जो 2027 की पहली तिमाही के अंत तक शुरू हो जाएगा। इसके साथ यहां बीएससी नर्सिंग कॉलेज, एलाइड हेल्थ साइंसेज कॉलेज, आवासीय छात्रावास और चिकित्सा शिक्षा सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

# दिव्या, विदित, तेजस्विन, त्रिशा अर्जुन पुरस्कार से अलंकृत





**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 प्रदान किए। शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख और विदित गुजराती, एथलीट तेजस्विन शंकर तथा बैडमिंटन खिलाड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद सहित 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से अलंकृत किया गया। फुटबॉल खिलाड़ी इसायाह अरुमनायगम को अर्जुन पुरस्कार की लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी में सम्मानित किया गया। वहीं, तीन प्रशिक्षकों को नियमित श्रेणी और दो प्रशिक्षकों को लाइफटाइम श्रेणी में द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किए गए। भारतीय सेना के पैरा खेल केंद्र पुणे को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में एथलेटिक्स कोच परवीर सिंह, मुक्केबाजी कोच छोटे लाल यादव और निशानेबाजी कोच नेहा नंदकुमार चव्हाण को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा पुणे स्थित आर्मी पैरालंपिक नोड को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल दलजीत सिंह ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया। अर्जुन पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख और विदित गुजराती, डेकाथलॉन एथलीट तेजस्विन शंकर, एथलीट मुहम्मद अजमल वी. और रेस वॉकर प्रियंका गोस्वामी शामिल हैं। बैडमिंटन में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद, मुक्केबाजी में नरेंद्र, हॉकी में लालरेमसियामी और राजकुमार पाल, कबड्डी में सुरजीत और पूजा को यह सम्मान मिला।

## डॉ. संजय निषाद ने शाह से की भेंट

## 2027 चुनाव को लेकर हुई चर्चा



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री डॉ. संजय निषाद ने शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान निषाद समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों, पार्टी पदाधिकारियों से संबंधित विषयों और आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. संजय निषाद ने समाज की मांगों से संबंधित पत्र भी गृहमंत्री को सौंपा। भेंट के दौरान आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में निषाद पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन के तहत मिलकर चुनाव लड़ने, जीत की रणनीति और राजनीतिक समीकरणों पर सकारात्मक बातचीत हुई।

# प्रधानमंत्री ने मैसूरु में किया कॉसमॉस तारामंडल का उद्घाटन

- बोले, भारत की वैज्ञानिक यात्रा में जुड़ेगा नया अध्याय

**एजेंसी, मैसूरु।**



### विश्व का पहला 15 डिग्री झुका एलईडी तारामंडल

मैसूरु में निर्मित कॉसमॉस तारामंडल विश्व का पहला 15 डिग्री झुका हुआ एलईडी गुंबद वाला तारामंडल है। मैसूरु विश्वविद्यालय की ओर से 3.5 एकड़ क्षेत्र में जयचामराजा वाडियार उच्च अध्ययन केंद्र परिसर में इसका निर्माण कराया गया है। इस परियोजना पर लगभग 115 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। तारामंडल की एक अन्य विशेषता यह है कि इसमें कन्नड़, अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं के अक्षरों का उपयोग कर मैसूरु नाम को आकर्षक रूप दिया गया है। अत्याधुनिक तकनीक से विकसित इस केंद्र का उद्देश्य लोगों, विशेषकर विद्यार्थियों और युवाओं में खगोल विज्ञान एवं अंतरिक्ष के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। ऐसे में मैसूरु में अत्याधुनिक कॉसमॉस तारामंडल का निर्माण देश की वैज्ञानिक यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ेगा। उन्होंने यह बात शुक्रवार को कर्नाटक के मैसूरु में चामुंडी पहाड़ी की तलहटी में निर्मित कॉसमॉस तारामंडल का उद्घाटन करने के बाद कही।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर भारत की प्राचीन वैज्ञानिक परंपरा, अंतरिक्ष क्षेत्र की वर्तमान उपलब्धियों और युवा वैज्ञानिकों के नवाचारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आर्यभट्ट, वराहमिहिर, भास्कराचार्य और नीलकंठ सोमयाजी जैसे महान खगोल वैज्ञानिकों ने सीमित संसाधनों और तकनीकी सुविधाओं के बावजूद महत्वपूर्ण खोजें कीं। उन्होंने जटिल गणनाओं के माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया है। इससे निजी क्षेत्र के लिए नई संभावनाएं पैदा हुई हैं और भारतीय स्टार्टअप को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। आज बड़ी संख्या में युवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सक्रिय हैं। युवा वैज्ञानिक रॉकेट प्रक्षेपित कर रहे हैं और नवाचार के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी तेजी से दुनिया को बदल रही है। आज लोग आसानी से पता लगा सकते हैं कि कोई ट्रेन कहां है और कितनी देर में स्टेशन पहुंचेगी। इस तरह के वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास में युवाओं की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। मैसूरु आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ महीने पहले भी उन्हें स्वामी विवेकानंद स्मारक के उद्घाटन के लिए यहां आने का अवसर मिला था। इस दौरान उन्होंने कर्नाटक की आराध्य देवी मां चामुंडेश्वरी का स्मरण किया। कॉसमॉस तारामंडल के निर्माण में योगदान देने वाले सभी लोगों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने मैसूरु के राजपरिवार की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि नालवडी कृष्णराज वाडियार के परिवार ने विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित कर शिक्षा एवं अनुसंधान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## कर्नाटक को गोवा से जोड़ने वाली नई वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**बेंगलुरु,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने इस अवसर पर नई रेल और मेट्रो कनेक्टिविटी से जुड़ी परियोजनाओं का शुभारंभ करने के साथ कर्नाटक को गोवा से जोड़ने वाली नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी देश की विकास यात्रा में बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बेहतर कनेक्टिविटी से प्रगति, रोजगार और उद्योग के नए अवसर पैदा होते हैं। जब विकास के अवसर समाज के हर वर्ग तक पहुंचते हैं तो गरीबी के खिलाफ लड़ाई और मजबूत होती है। इसी का परिणाम है कि हाल के वर्षों में करीब 50 करोड़ नागरिक अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले हैं। मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो की नई पिंक लाइन का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बेंगलुरु सहित कई शिक्षण संस्थानों और प्रमुख कारोबारी, प्रौद्योगिकी एवं व्यावसायिक केंद्रों तक पहुंच आसान होगी। इससे लाखों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ समय और पैसे की बचत होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली-एनसीआर और मुंबई महानगर क्षेत्र के बाद बेंगलुरु देश का तीसरा शहर बन गया है, जहां मेट्रो नेटवर्क 100 किलोमीटर के पार पहुंचा है। वर्ष 2014 में नम्मा मेट्रो का नेटवर्क केवल 17 किलोमीटर था, जो अब 100 किलोमीटर से अधिक हो गया है। रेलवे के आधुनिकीकरण का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि भारतीय रेल औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर निकलकर अपनी विशिष्ट पहचान के साथ नई विरासत तैयार कर रही है। वंदे भारत ट्रेन और अमृत भारत स्टेशन इसी बदलाव के उदाहरण हैं। कर्नाटक में 60 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।



# वोटर लिस्ट पर बीजेपी गंभीर, योगी ने थामी कमान

**यूपी चुनाव 2027**

- मतदाता जोड़ो अभियान-2026 का शंखनाद

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले मतदाता सूची के स्ढ्ढक्र को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पूरी संगठनात्मक ताकत झोंक दी है। शुक्रवार को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में प्रदेश स्तरीय बड़ी कार्यशाला एवं संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। पार्टी नेताओं के अनुसार, मतदाता सूची से बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम गायब होने के मुद्दे पर बैठक में गहन मंथन किया गया और मतदाता जोड़ो अभियान-2026 की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। तय रणनीति के तहत आगामी 22 नवंबर को पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी किसी न किसी बूथ पर पहुंचकर घर-घर संपर्क अभियान में शामिल होगा। जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पहले से योजना बनाकर पदाधिकारियों को बूथ और विधानसभा आवंटित करें।

बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, बूथ अध्यक्ष और बीएलए-2 मिलकर घर-घर संपर्क करेंगे और छूटे हुए पात्र लोगों के ऑनलाइन या ऑफलाइन फॉर्म-6 भरवाकर उन्हें मतदाता बनवाएंगे। कार्यकर्ता बूथ और विधानसभावार डेटा 'KamalSathi App' से डाउनलोड कर सकेंगे और पंचायत सहायक से भी सहयोग लेंगे। अभियान के दौरान मुख्य रूप से उन युवाओं की सूची बनेगी, जो 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हो जाएंगे। इसके अलावा शादी के बाद ससुराल आई महिलाएं, ग्राम पंचायत की सूची में शामिल, लेकिन विधानसभा सूची से छूटे नागरिक, सरकारी योजनाओं के लाभार्थी, राशन कार्ड धारक और काम के सिलसिले में कुछ समय के लिए बाहर गए लोगों को चिह्नित कर उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज कराए जाएंगे।

### क्वाड नेताओं की 17 नवंबर को मनीला में होगी बैठक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी फिलीपींस यात्रा के दौरान भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान से मिलकर बने हिन्द-प्रशांत से जुड़े चार देशों के समूह क्वाड के शीर्ष नेताओं की बैठक होने जा रही है। सूत्रों के अनुसार क्वाड नेताओं की बैठक 17 नवंबर को होगी। यह बैठक पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के बाद होगी। यह पहली बार है कि क्वाड नेताओं की बैठक इन देशों के बजाय किसी अन्य देश में हो रही है। साथ ही फिलीपींस हिन्द प्रशांत क्षेत्र के केंद्र में पड़ता है। क्वाड शिखरवार्ता सितंबर 2024 के बाद नहीं हुई।

क्वाड देशों के शीर्ष नेता पिछली 21 सितंबर 2024 को अमेरिका के विलमिंगटन में साथ बैठे थे। इसके बाद से समूह की मंत्री स्तर की बातचीत ही होती रही है। उल्लेखनीय है कि भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया से मिलकर बना क्वाड एक स्वतंत्र, खुले और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री सोमवार सुबह तीन दिवसीय यात्रा पर मनीला रवाना होंगे। यहां वे वार्षिक भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

# बस-ट्रक की टक्कर में 26 लोगों की मौत

- मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की मदद
- सीएम बोले, मैं आज जाऊंगा काजीरंगा

**काजीरंगा, असम एजेंसी।**



काजीरंगा नेशनल पार्क के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार ने कहर बरपाया। बेकाबू होकर दौड़ रही मिनी बस एक कंटेनर ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भयावह था कि 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

वहीं हादसे में अब तक 26 लोगों के मौत की पुष्टि हुई है। वहीं 18 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मरने वालों में दो महिलाएं थीं। जबकि कई कॉलेज के छात्र थे, जो कक्षाएं खत्म होने के बाद घर लौट रहे थे। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि मैं शनिवार को काजीरंगा जाऊंगा। सरकार इस बात की जांच कराएगी कि यह घटना कैसे और क्यों हुई? गोलाघाट जिले के एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने कहा कि हादसे में मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। नई जानकारी के अनुसार, डॉक्टरों ने कुल 26 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मरने वालों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। यहां के डॉक्टरों ने 20 लोगों को बेहतर इलाज के लिए जोरहाट भेजा इससे पहले, गोलाघाट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वप्नील डेका ने बताया कि राहत एवं बचाव अभियान में जुटे लोगों की मदद के लिए सभी वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि बस में सवार लोगों की सही संख्या का तत्काल पता नहीं चल पाया है।

# छठ महापर्व शुरू पूजा की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़े लोग



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

आस्था और सूर्य उपासना को समर्पित चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ हो गई। दिल्ली में छठ पूजा की सामग्री खरीदने के लिए लोग बाजारों में बड़ी संख्या में बाजार आ रहे हैं। छठ पूजा का समापन 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। सूर्यदेव और छठी मैया को समर्पित चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय के साथ होने के बाद दिल्ली की आजादपुर मंडी, गाजीपुर मंडी, वाराणसी की फल मंडियों तथा विभिन्न स्थानीय बाजारों में खरीदारों के जुटने से कई जगहों पर जाम की स्थिति भी बन गई है। छठ महापर्व को लेकर छोटे-छोटे बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। फल, गन्ना, नारियल, सूप, दउरा और पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदार पहुंचने लगे हैं।

### बांग्लादेश से सकारात्मक संबंध चाहता है भारत

**एजेंसी,नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर दोहराया कि वह बांग्लादेश के साथ सकारात्मक और रचनात्मक संबंध चाहता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस संबंध में व्यापार, रेलवे, जल संसाधन और सीमा प्रबंधन पर हुई बैठकों का उल्लेख करते हुए कहा कि अगली कांसुलर वार्ता आपसी सहमति से तय की गई तारीख पर होगी। प्रवक्ता का यह बयान 17-18 नवंबर को होने वाली निर्धारित कांसुलर वार्ता के हाल ही में स्थगित होने के संदर्भ में था। माना जा रहा है कि यह मामला पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत में स्थिति और बांग्लादेश से प्रत्यर्पण के अनुरोधों को लेकर तनाव की स्थिति से जुड़ा है। जायसवाल ने शुक्रवार को नियमित पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत-बांग्लादेश कांसुलर वार्ता का अगला दौर, जिसमें संशोधित यात्रा समझौते से संबंधित मामलों पर भी चर्चा होगी, आपसी सहमति से तय की गई तारीख पर आयोजित किया जाएगा।

**परियोजनाएं**

**आंध्र प्रदेश में तीन लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं पर काम चालू**

# बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे से निवेश व रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

**एजेंसी,विशाखापत्तनम।**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि आंध्र प्रदेश में करीब तीन लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं पर काम चल रहा है या उन्हें प्रस्तावित किया गया है। राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क 2014 के 4,100 किलोमीटर से बढ़कर 2026 में 8,700 किलोमीटर हो गया है। राज्य में 60 हजार करोड़ रुपये की लागत से 4,750 किलोमीटर की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि एक लाख करोड़ रुपये की 2,500 किलोमीटर की परियोजनाओं पर काम जारी है। इसके अलावा 1.20 लाख करोड़ रुपये की लागत से 4,600 किलोमीटर सड़कों के उन्नयन का काम चल रहा है। गडकरी ने शुक्रवार को यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के 31वें शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे से निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। राज्य में ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, एक्सप्रेसवे, बंदरगाह संपर्क मार्ग, रिंग रोड और बाईपास विकसित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 14 हजार करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 340 किलोमीटर लंबे बेंगलुरु-कडप्पा-विजयवाड़ा कॉरिडोर का 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसे दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इससे दूरी करीब 210 किलोमीटर कम होगी और यात्रा का समय 12 घंटे से घटकर चार घंटे रह जाएगा। वहीं, 16 हजार करोड़ रुपये की लागत वाले 460 किलोमीटर लंबे रायपुर-विशाखापत्तनम कॉरिडोर का 96 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसे 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बनने से यात्रा का समय 13 घंटे से घटकर पांच घंटे रह जाएगा और छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा को विशाखापत्तनम बंदरगाह से बेहतर संपर्क मिलेगा।




हैदराबाद-विजयवाड़ा-मछली पट्टनम राजमार्ग को 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से 286 किलोमीटर तक छह लेन का बनाया जाएगा। परियोजना को सार्वजनिक-निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति की मंजूरी मिल चुकी है और मंत्रिमंडल की मंजूरी का इंतजार है। इसके पूरा होने पर हैदराबाद से विजयवाड़ा की यात्रा का समय साढ़े चार घंटे से घटकर ढाई घंटे रह जाएगा। बंदरगाह संपर्क के लिए 1,100 किलोमीटर लंबे खड़गपुर-विशाखापत्तनम-अमरावती कॉरिडोर पर 71 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें आंध्र प्रदेश का हिस्सा 460 किलोमीटर लंबा और 30 हजार करोड़ रुपये की लागत वाला होगा। इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इससे विशाखापत्तनम, गंगावरम, काकीनाडा और मछलीपट्टनम बंदरगाहों को सीधा संपर्क मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जंगल सफारी के दौरान नेपाल के पर्यटकों को बाघ का दीदार, फोटो वायरल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** कतर्नियाघाट वन्य प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में बीती शाम नेपाल से आए पर्यटक निरंजन, सुरेश और राघव अपने परिवार व मित्रों के साथ जंगल सफारी पर गए थे। तभी बंधा रोड के पास अचानक झाड़ियों से एक बाघ निकलता हुआ दिखाई दिया। बाघ को देखकर सभी सहम गए, लेकिन खुशी का ठिकाना न रहा। पर्यटकों ने तत्काल अपने मोबाइल कैमरे में बाघ की खूबसूरत तस्वीर कैद कर ली। फोटो खींचने के बाद पर्यटकों ने इसकी जानकारी वन विभाग के कर्मियों से साझा की।

### नानपारा-मैलानी प्रखंड पर पुनः दौड़ेगी ट्रेन, 16 नवंबर से गूंजेगा फिर इंजन का हॉर्न

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** नानपारा-मैलानी रेल प्रखंड पर पुनः 16 नवंबर से ट्रेन दौड़ेगी। मीटर गेज की इस लाइन पर लगभग ढाई माह बाद 16 नवंबर से पुनः संचालन शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। रेल सूत्रों के अनुसार आज दोपहर दो बजे बिछिया रेलवे स्टेशन पर खाली रैक के साथ ट्रायल किया गया। मैलानी रेलवे जंक्शन से बिछिया रेलवे स्टेशन होते हुए बोगी और इंजन के साथ रैक को नानपारा के लिए रवाना किया गया। ट्रैक की मरम्मत और सेफ्टी जांच का कार्य पूरा होने के बाद रेल विभाग ने यह कदम उठाया है। इस रेल खंड के बंद होने से बिछिया, कतर्नियाघाट, निशानगाड़ा, मुर्तिहा, पलिया, भीरा के हजारों दैनिक यात्रियों, छात्रों और व्यापारियों को दिक्कत हो रही थी। रूट शुरू होने से दुधवा टाइगर रिजर्व जाने वाले पर्यटकों और नेपाल सीमा तक जाने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### जंगल में घुसी यात्रियों से भरी प्राइवेट बस



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** बहराइच से सुजौली जा रही एक निजी बस शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे कतर्नियाघाट जंगल क्षेत्र में सड़क से नीचे उतर गई। गिरिजापुरी पेट्रोल पंप के पास चलते समय बस का अगला टायर अचानक फट गया। इससे अनियंत्रित हुई बस सड़क से उतरकर जंगल में जा घुसी। हादसे में चालक समेत बस में सवार करीब 50 यात्री बाल-बाल बच गए। किसी को गंभीर चोट नहीं आई। बस के जंगल में घुसते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सभी आनन-फानन में बस से बाहर निकल आए। कुछ देर तक मौके पर भीड़ जुटी रही। सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने यात्रियों की मदद की। बाद में यात्री अपने-अपने साधनों से गंतव्य के लिए रवाना हो गए। जानकारी के अनुसार, बस संख्या यूपी 40 एटी 2251 शुक्रवार सुबह पांच बजे बहराइच से सुजौली के लिए निकली थी।

### कोटेदारों व ग्रामीणों के साथ बैठक कर एसडीएम ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की किया अपील

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील सिरौलीगौसपुर के चैला, करौरा समेत कई ग्राम पंचायतों में उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने कोटेदारों और गांव के लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक किया।उन्होंने कहा कि 18 साल की उम्र पूरी कर चुके जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में नहीं है,वे नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म भरें। फॉर्म बीएलओ के पास जमा करें या ऑनलाइन भरें।एसडीएम ने गांव के लोगों से घर और मोहल्ले में यह देखने को कहा कि किसी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में छूटा तो नहीं है।उन्होने कहाकि सभी पात्र लोगों के नाम सूची में होने चाहिए, ताकि वे चुनाव में वोट दे सकें।अनिल कुमार सरोज ने बताया कि गांव के अधिकतर लोग राशन लेने कोटेदार के पास आते है।इसलिए कोटेदारों से लोगों को जागरूक करने के लिए कहा गया है।इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार भी मौजूद रहे।उन्होने कोटेदारों को जरूरी निर्देश दिए।एसडीएम ने बताया कि सभी पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### छठ पूजा को लेकर घाटों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। एसडीएम अनिल कुमार सरोज व तहसीलदार वीर बहादुर सिंह ने क्षेत्र के घाटों का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।सिरौलीगौसपुर तहसील के तेलवारी गांव में सरयू नदी किनारे छठ घाट तैयार किया जा रहा है।छठ पूजा से पहले घाट की सफाई और समतलीकरण का काम चल रहा है।जेसीबी से घाट को समतल किया जा रहा है।नदी किनारे जमा मिट्टी, गंदगी और झाड़ियां हटाई जा रही है।बैठने की जगह, आने-जाने के रास्ते और पानी की व्यवस्था भी ठीक की जा रही है।शुक्रवार को पंचायत सचिव राजेश कुमार और अन्य अधिकारियों-कर्मचारियो ने सफाई अभियान चलाया और घाट की मरम्मत की।कर्मचारियों ने पूजा की जगह को व्यवस्थित किया।गांव के लोगो ने भी काम में सहयोग किया।उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज के निर्देश पर घाटो की सफाई और दूसरी जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही है।प्रशासन ने सभी घाटों पर रोशनी, सुरक्षा और सफाई के इंतजाम करने को कहा है।अधिकारियो ने बताया कि छठ पर्व से पहले सभी घाट तैयार कर लिए जाएंगे।छठ पूजा के लिए महिलाओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

फतेहपुर बाराबंकी। फतेहपुर कस्बे में गुरुवार देर रात एक युवक खाली मकान की दूसरी मंजिल पर फंदे से लटका मिला। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पुलिस के मुताबिक, साईं ग्रीन सिटी के पीछे रहने वाले करीब 25 वर्षीय राज नाग उर्फ प्रिंस का शव पड़ोस के खाली मकान में मिला।वह बांस से बंधी नारियल की रस्सी के सहारे फंदे से लटका था।राज अविवाहित था और कस्बे के एक कोल्ड स्टोरेज में काम करता था।स्थानीय लोगो के बीच चर्चा है कि गुरुवार रात राज की कुछ दोस्तो से किसी बात पर कहासुनी हुई थी।हालांकि, घटना की वजह अभी साफ नही है।कोतवाली प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।मामले की जांच की जा रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### एचपीवी टीकाकरण में सीएचसी पयागपुर की बड़ी उपलब्धि, 3283 किशोरियों का हुआ टीकाकरण

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर ने एचपीवी (HPV) टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 3283 किशोरियों का टीकाकरण कर निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया है। इस उपलब्धि से स्वास्थ्य विभाग में हर्ष का माहौल है।यह सफलता सीएचसी पयागपुर के अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी के कुशल नेतृत्व तथा बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल के लगातार सघन पर्यवेक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग का परिणाम है। अभियान को सफल बनाने के लिए क्षेत्र की एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों ने आपसी समन्वय के साथ विशेष प्रयास किए।टीकाकरण अभियान के दौरान लाभार्थियों को जागरूक करने, पात्र किशोरियों तक पहुंच बनाने तथा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य टीम ने लगातार मेहनत की। सभी के सामूहिक प्रयास और समर्पण से 3283 किशोरियों का प्रतिरक्षण कर लक्ष्य प्राप्त किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जनपद बहराइच के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह ने सीएचसी पयागपुर की समस्त स्वास्थ्य टीम को बधाई देते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक, सड़कों की मरम्मत कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाय

समृद्धि न्यूज़




**बहराइच**. जनपद के विभिन्न ग्रामों में संचालित पेयजल परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की गहन समीक्षा एवं अनुश्रवण के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी श्री पाण्डेय द्वारा ''हर घर नल से जल'' के लक्ष्य को साकार करने हेतु पाइपलाइन बिछाने, घरेलू नल कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) और ओवरहेड टैंक निर्माण के कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। सड़क मरम्मत (रोड रेस्टोरेशन) कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों की मरम्मत (रोड रेस्टोरेशन) का कार्य मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि आमजन को आवागमन में असुविधा न हो।जिलाधिकारी ने अंतर-विभागीय समन्वय पर बल देते हुए निर्देश दिया कि भूमि विवाद और विद्युत संयोजन/आपूर्ति से जुड़ी बाधाओं का संबंधित विभागों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जलापूर्ति से संबंधित जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

सभी अधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता परखें और शासन को समय-समय पर अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य एवं सम्बन्धित कार्मिकों के बीच ''जल सारथी ऐप'' के उपयोग को बढ़ावा दिया जाय तथा अधिकाधिक लोग जल सारथी ऐप को डाउनलोड कर सकें, इसके लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाय।

जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को कार्यों में तेज़ी लाते हुए गतिशील सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

डीएम श्री पाण्डेय द्वारा ने सभी सम्बन्धित को सचेत करते हुए कहा कि 'जल जीवन मिशन' शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसलिए गांवों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और किसी भी स्तर पर शिथिलता (लापरवाही) बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, अधि.अभि. जल निगम (ग्रामीण) एवं विद्युत, समस्त सहायक अभियंता, टी.पी.आई. टीम, डी.पी.एम.यू. से जिला समन्वयक, जी.आई.एस., सी.बी.टी., एम.आई.एस. विशेषज्ञ तथा सभी संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।

# साप्ताहिक परेड में पुलिस अधीक्षक ने परखी पुलिसकर्मियों की दक्षता

समृद्धि न्यूज़



**बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)।** पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए दौड़ कराई गई। अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार अभ्यास भी कराया गया।

परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आपातकालीन सेवा के वाहनों का निरीक्षण कर उनमें उपलब्ध दंगा नियंत्रण उपकरणों, प्राथमिक उपचार पेटी और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं स्थिति जांची। उन्होंने कर्मचारियों को आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने तथा प्रतिक्रिया समय बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर भंडार कक्ष, क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, सामान्य डायरी कार्यालय, कैंटीन, नाई की दुकान, परिवहन शाखा, आदर्श आरक्षी बैरक, आवासीय परिसर, निर्माणाधीन प्रशिक्षण संस्थान और पुलिस भोजनालय का निरीक्षण किया। भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई की व्यवस्था भी परखी। उन्होंने आरक्षी बैरक, आवासीय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने और पूरे परिसर को साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी उतरौला एवं लाइन डॉ. जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात विजय कुमार पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं राहवीर योजना के प्रति किया जागरूक

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात माह के अंतर्गत यातायात पुलिस जनपद बहराइच द्वारा सेंट नॉर्बर्ट्स स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्हें सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करने, सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के संबंध में जागरूक किया।

# जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

- जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन, बच्चों को खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने के लिए किया प्रेरित

समृद्धि न्यूज़

**बाराबंकी।** शहर स्थित पुलिस लाइन प्रांगण में शुक्रवार को दो दिवसीय जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इसके उपरांत रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर प्रतियोगिता का आगाज किया। इस अवसर पर जनपद के सभी 15 विकासखंडों से आए नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सलामी मंच से आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिवादन किया और अपनी अनुशासित प्रस्तुति से समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कंपोजिट विद्यालय बड़ेल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। वहीं, यूपीएस कुरौली के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया।

लिाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चे खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और क्षमता का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में टीम भावना, अनुशासन और आपसी समन्वय का विशेष महत्व है। सभी प्रतिभागियों को निर्धारित नियमों का पालन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए। खेल के दौरान कभी-कभी विवाद अथवा असहमति की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, लेकिन खेल समाप्त होने के बाद सभी को आपसी सौहार्द और एकजुटता बनाए रखनी चाहिए।

उन्होंने बच्चों को मोबाइल एवं टीवी गेम की बढ़ती लत से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि आजकल छोटे बच्चों का काफी समय मोबाइल और टेलीविजन पर व्यतीत हो रहा है। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खुले मैदान में खेलना और खेल गतिविधियों में भाग लेना बेहद आवश्यक है।

**बीएसए ने प्रस्तुत की प्रतियोगिता की रूपरेखा**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को पूरी ऊर्जा, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

**प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम**

प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। उच्च प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में निंदूरा की आराध्या प्रथम तथा हरख की सलोनी द्वितीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में फतेहपुर की आसिया बानो ने प्रथम और बनीकोडर की आस्था ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो में सिरौली गौसपुर विजेता तथा निंदूरा उपविजेता रहा। चक्रक्षेपण में हरख की एकता प्रथम और सिरौली गौसपुर की अलशिफा द्वितीय रहीं।

गोला फेंक में देवा की आराधना ने प्रथम तथा सिरौली गौसपुर की सलोनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूडो के 20 किग्रा भार वर्ग में फतेहपुर की नाजिया तथा 25 से 30 किग्रा भार वर्ग में फतेहपुर की अनुष्का विजेता रहीं। 30 से 35 किग्रा भार वर्ग में पूरेडलई एवं 44 किलो में निन्दूरा की मानवी ने प्रथम स्थान हासिल किया। वॉलीबॉल में सिद्धौर विजेता तथा देवा उपविजेता रहा। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में पूरेडलई के शादाब प्रथम और देवा के अंकुर द्वितीय रहे। 200 मीटर दौड़ में दरियाबाद के सत्यदेव ने प्रथम तथा पूरेडलई के शादाब ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुश्ती के 35 किग्रा भार वर्ग में पूरेडलई के अरुण विजेता तथा फतेहपुर के सिद्धार्थ उपविजेता रहे। 38 किग्रा में फतेहपुर के मुकीम विजेता और निंदूरा के तौफीक उपविजेता रहे। 44 किग्रा में फतेहपुर के अजीत कुमार विजेता बने। 48 किग्रा में सिद्धौर के रामजी विजेता तथा पूरेडलई के शुभम उपविजेता रहे।

वॉलीबॉल में सिद्धौर विजेता और बनीकोडर उपविजेता रहा। जूडो के 25 किग्रा भार वर्ग में फतेहपुर के हिमांशु विजेता तथा पूरेडलई के अरुण उपविजेता रहे। 30 से 35 किग्रा में फतेहपुर के सिद्धार्थ विजेता और निंदूरा के पीयूष उपविजेता बने। 35 से 40 किग्रा में निंदूरा के तौफीक विजेता तथा फतेहपुर के अजीत उपविजेता रहे। 40 से 45 किग्रा भार वर्ग में फतेहपुर विजेता रहा। पीटी एवं विशेष प्रदर्शन में हरख विजेता और दरियाबाद उपविजेता रहा। चक्रक्षेपण में पूरेडलई के शादाब ने प्रथम तथा गोला फेंक में देवा के अंकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# जनगणना में सहभागिता की डीएम ने की अपील

समृद्धि न्यूज़

**बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने जनपदवासियों से भारत की जनगणना-2027 में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के समग्र विकास, भविष्य की योजनाओं और नीतियों के निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विकास की प्राथमिकताएं तय करने में सहायता मिलती है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी। इसमें पहली बार स्वगणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से लोग घर बैठे अपने परिवार से संबंधित आवश्यक जानकारियां स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। सामान्य प्रक्रिया के तहत जनगणना कर्मी घर-घर जाकर परिवारों से जानकारी एकत्र करेंगे, लेकिन स्वगणना के माध्यम से लोग अपनी सुविधानुसार पहले ही विवरण भर सकेंगे। उन्होंने बताया कि स्वगणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक विशिष्ट पहचान संख्या प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है। जनगणना कर्मी के घर पहुंचने पर यह पहचान संख्या उपलब्ध करानी होगी, ताकि दर्ज की गई जानकारियों का सत्यापन कर उन्हें जनगणना में शामिल किया जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वगणना की सुविधा से जनगणना प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और व्यवस्थित होगी। इससे आंकड़ों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी और निर्धारित समय में जनगणना कार्य पूरा करने में भी मदद मिलेगी।

# स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज को आदर्श बनाने की पहल

समृद्धि न्यूज़



**बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)।** स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज तुलसीपुर को जनपद के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में शामिल करने के लिए जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गन्ना प्रबंध समिति तुलसीपुर की बैठक हुई। इसमें विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, शिक्षण व्यवस्था, खेलकूद, आधारभूत सुविधाओं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा दिया जाए। शिक्षकों को केंद्रीय विद्यालय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय का शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा, ताकि वे वहां की उत्कृष्ट शिक्षण पद्धतियों, कक्षा प्रबंधन और नवाचारों का अध्ययन कर उन्हें अपने विद्यालय में लागू कर सकें।

उन्होंने विद्यालय में नियमित रूप से समाचार पत्र उपलब्ध कराने और विद्यार्थियों में समाचार पत्र पढ़ने की आदत विकसित करने पर जोर दिया। साथ ही दैनिक प्रार्थना सभा में समसामयिक घटनाओं, सामान्य ज्ञान, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय समाचारों तथा महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी देने के निर्देश दिए, जिससे विद्यार्थियों की ज्ञानवर्धक क्षमता बढ़ने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी मदद मिले।

विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विद्यालय में खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति तथा नियमित खेलकूद गतिविधियां आयोजित कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा वाद-विवाद, भाषण, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, चित्रकला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं नियमित रूप से कराने तथा वार्षिकोत्सव आयोजित करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय की प्रबंध समिति को बेहतर संचालन, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार, आधारभूत सुविधाओं के विकास और पाठ्येतर गतिविधियों के विस्तार के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में विद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर की कनिष्ठ शाखा की गतिविधियों की जानकारी दी गई। वर्तमान में यहां 100 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वहीं इंस्पायर पुरस्कार योजना के अंतर्गत पांच विद्यार्थियों का पंजीकरण पूरा होने की जानकारी भी दी गई।

इसके अतिरिक्त विद्यालय में प्रस्तावित छह भवनों एवं कक्षों के निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज को जनपद का आदर्श शिक्षण संस्थान बनाने का आह्वान किया।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा पयागपुर

- पुलिस मुठभेड़ में दो दर्जन मुकदमों का हिस्ट्रीशीटर बब्बू घायल, तमंचा और चोरी के जेवरात बरामद
- रेलवे अंडरपास के पास थानाध्यक्ष दीपक सिंह की घेराबंदी में फंसा शातिर बदमाश
- जवाबी फायरिंग में पैर में लगी गोली

समृद्धि न्यूज़



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** बहराइच जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस और एक शातिर अपराधी के बीच हुई मुठभेड़ में दो दर्जन से अधिक गंभीर मुकदमों में वांछित हिस्ट्रीशीटर घायल हो गया। रेलवे अंडरपास के पास हुई इस आमने-सामने की मुठभेड़ के दौरान बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग किए जाने पर जवाबी कार्रवाई में उसे पैर में गोली लगी। पयागपुर थानाध्यक्ष दीपक सिंह के नेतृत्व में की गई इस त्वरित कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा और उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस तथा चोरी के जेवरात व नकदी बरामद की है।् राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार देर रात थानाध्यक्ष दीपक सिंह को मुखबिर के जरिए पयागपुर के रेलवे अंडरपास पुलिया के पास किसी शातिर अपराधी के संदिग्ध गतिविधियों के साथ मौजूद होने की पुख्ता सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने बिना देर किए अपनी पुलिस टीम को सतर्क किया और बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर दी। पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ संदिग्ध के आने का इंतजार कर रहे थे। कुछ ही देर में वहाँ एक संदिग्ध व्यक्ति पहुँचा, जिसे पुलिस टीम ने रुकने की चेतावनी दी। खुद को घिरता देख बदमाश ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिसकर्मियों पर तमंचे से फायर झोंक दिया। अचानक हुई इस फायरिंग से मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन पुलिस टीम ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली बदमाश के दाहिने पैर में जा लगी, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और पुलिस ने उसे तुरंत दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पयागपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर बब्बू के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उसके खिलाफ बहराइच समेत कई अन्य जनपदों में दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बाराबंकी एवं जैदपुर विधानसभा के 899 बीएलओ और 85 सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण संपन्न

समृद्धि न्यूज़

**बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को हिन्द मेडिकल कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 268-बाराबंकी एवं 269-जैदपुर के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं सुपरवाइजरों को मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इस संकल्प के साथ कार्य करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाते हुए प्रत्येक पात्र नागरिक की लोकतांत्रिक भागीदारी सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ से संबंधित बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के निरंतर संपर्क में रहें तथा बिना किसी भेदभाव के आयोग द्वारा निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप उनसे समान रूप से सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बीएलओ को अपने बूथ के ईपी रेशियो एवं जेंडर रेशियो की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की विसंगति को समय रहते दूर किया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं तथा नवविवाहित महिलाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर प्राथमिकता से ध्यान देने के निर्देश दिए।

# अमित शाह से मिले संजय निषाद



- 2027 में बनने जा रही एनडीए की प्रचण्ड बहुमत की सरकार-निषाद

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद नई दिल्ली पहुंचे। उन्होंने देश गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। गृहमंत्री अमित शाह से निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया है। इस अवसर पर संजय निषाद ने कहा कि गृहमंत्री हमारे अभिभावक हैं और उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हमारे लिए सदैव महत्वपूर्ण है।उन्होंने बताया कि भेंट के दौरान निषाद समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा पार्टी पदाधिकारियों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और मांगों से संबंधित पत्र भी सौंपा। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर निषाद पार्टी के भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लडने तथा जीत की रणनीति एवं समीकरणों पर भी सकारात्मक वार्ता हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में एनडीए की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि जब भी दो नेता मिलते हैं, तो राजनीतिक विषयों पर चर्चा होना स्वाभाविक है।इस दौरान राष्ट्रीय संयोजक निषाद पार्टी एवं पूर्व सांसद प्रवीण निषाद तथा विधायक सरवन निषाद भी उपस्थित रहे।

# रक्षा मंत्री ने किया ब्रह्माकुमारीज के दिव्य संस्कृति भवन का लोकार्पण

समृद्धि न्यूज़



**लखनऊ।** राजधानी में रक्षामंत्री और सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि राजनीति में फैसले समाज के हित को ध्यान में रखकर होने चाहिए, न कि राजनीतिक फायदे के लिए। अगला चुनाव जीतने से ज्यादा जरूरी है कि अगली पीढ़ी का भविष्य बेहतर बनाया जाए। लखनऊ में कई साथी फैसलों से चुनावी नुकसान होने की आशंका जताते हैं। उन्हें लगता है कि इससे लोग नाराज हो सकते हैं। लेकिन हम चुनाव हारें या जीतें, जो उचित होगा वही करेंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि उनकी डोर लखनऊ से बंधी है। वह कहीं भी रहें, उनका मन लखनऊ आता रहता है। उन्होंने बताया कि पिछले चार दिनों से वायरल से अस्वस्थ हैं। इसी वजह से आवाज बदली हुई है। इसके लिए उन्होंने लोगों से क्षमा मांगी। शुक्रवार को वह सुल्तानपुर रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज के राजयोग प्रशिक्षण केंद्र गुलजार उपवन पहुंचे। यहां उन्होंने नवनिर्मित दिव्य संस्कृति भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। एयरपोर्ट पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने उनका स्वागत किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी गरीब को देखें तो केवल उसकी गरीबी नहीं, बल्कि उसके भीतर छिपी संभावनाओं को भी पहचानें। वंचितों की समस्याओं पर चर्चा करने के साथ उनके समाधान का प्रयास करें। समाज में कोई कमी दिखे तो सिर्फ आलोचना न करें, उसे दूर करने की जिम्मेदारी भी उठाएं। राजनाथ सिंह ने स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि विदेश में धर्म संसद के दौरान उनके पहनावे पर कुछ लोगों ने व्यंग्य किया था। इस पर विवेकानंद ने कहा था कि आपके देश में टेलर आदमी बनाता है, जबकि हमारे देश में कैरेक्टर आदमी बनाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सफलता के साथ चरित्र निर्माण पर भी ध्यान देना चाहिए। राजनाथ सिंह ने बताया कि वह पिछले चार दिनों से वायरल संक्रमण के कारण अस्वस्थ हैं। इसी वजह से उनकी आवाज बदली हुई लग रही है। इसके लिए उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से क्षमा मांगी। राजनाथ सिंह ने गणित का उदाहरण देते हुए कहा कि मन को एक वृत्त मान लें। जैसे-जैसे मन की परिधि बढ़ती जाएगी, उसी अनुपात में सुख की अनुभूति भी बढ़ेगी। इससे व्यक्ति को आनंद और अंत में परमानंद की प्राप्ति होगी। युवाओं के पास आज टेक्नोलॉजी, इनफॉर्मेशन और कम्युनिकेशन के बेहतर साधन हैं। लेकिन सूचनाओं की अधिकता के बीच सही और गलत की पहचान करना चुनौती बन रहा है। तकनीक का इस्तेमाल करें, लेकिन उसे अपने ऊपर हावी न होने दें। दुनिया से जुड़ें, लेकिन अपनी जड़ों को न भूलें।

रक्षामंत्री ने युवाओं से कहा कि करियर पहचान दिलाता है, लेकिन कैरेक्टर सम्मान दिलाता है। केवल सफल बनना जीवन का उद्देश्य नहीं होना चाहिए। यह भी जरूरी है कि आपके होने से कितने लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया। राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ में कई साथी उनसे कहते हैं कि कुछ फैसलों से लोग नाराज हो सकते हैं और चुनाव में नुकसान हो सकता है। लेकिन वह स्पष्ट कहना चाहते हैं कि चुनाव हारें या जीतें, जो उचित होगा वही करेंगे। उन्होंने रामायण और महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान राम का जीवन सिखाता है कि शासक के लिए प्रजा का हित अपने स्वार्थ से ऊपर होना चाहिए।

वहीं भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म, कर्तव्य और धर्म का बोध कराया। भारतीय परंपरा में राजधर्म का यही महत्व रहा है। रक्षामंत्री ने कहा कि राजनीति शब्द राज और नीति से मिलकर बना है। नीति का अर्थ समाज को सही दिशा में ले जाना है। आज राजनीति अपने मूल अर्थ और भाव को खोती जा रही है। इसे फिर से स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसी भी फैसले में सिर्फ राजनीतिक लाभ नहीं देखना चाहिए। यह भी सोचना चाहिए कि उससे समाज को कितना फायदा होगा। अगला चुनाव जीतने के बजाय अगली पीढ़ी का भविष्य बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए। राजनाथ सिंह ने कहा कि विकसित भारत का मतलब केवल सीएमी अर्थव्यवस्था या पांच ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य नहीं है। ऐसा देश बनाना है, जहां नागरिक ईमानदार हों, परिवारों में संस्कार हों, समाज में सद्भाव हो, महिलाओं का सम्मान हो और युवाओं में अनुशासन हो। ब्रह्माकुमारीज ने दशकों पहले महिलाओं को आध्यात्मिक नेतृत्व के केंद्र में स्थापित किया।

आज देश के गांव-गांव में संस्था की बहनें नशामुक्ति अभियान चला रही हैं। यह काम आध्यात्मिक ज्ञान, सेवा और समर्पण से ही संभव है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आध्यात्मिकता का अर्थ संसार से विरक्त होना नहीं, बल्कि व्यक्ति को अधिक जिम्मेदार बनाना है। भीतर से स्थिर व्यक्ति क्रोध में फैसले नहीं लेता। आत्मसम्मान से भरा व्यक्ति दूसरों का अपमान नहीं करता और संतोष रखने वाला भ्रष्टाचार की ओर नहीं बढ़ता। कानून व्यवस्था बनाए रख सकते हैं, लेकिन समाज में विश्वास और सद्भाव अच्छे संस्कारों से आते हैं।

## एनईपी के व्यावसायिक शिक्षा के कौशल मानक पूरा करने वाला देश का पहला राज्य यूपी-कपिलदेव

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020 के अनुरूप स्कूली शिक्षा को रोजगारपरक कौशल विकास से जोडने की दिशा में उत्तर प्रदेश ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत निर्धारित कौशल विकास के सभी पांचों मानकों को पूरा करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन और मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को केवल डिग्रीधारक ही नहीं, बल्कि हुनरमंद और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो नए मॉड्यूल वित्तीय कौशल और उद्यमिता विकास को सम्मिलित किया गया है।

# सात ठेकों पर सवाल, सरकार के सामने कांग्रेस ने खोला मोर्चा

- पवन खेड़ा ने 17,542 करोड़ रुपये के आवंटन में कथित कार्टेल का आरोप लगाया, सीसीआई और न्यायिक जांच की मांग उठाई

समृद्धि न्यूज़




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चार लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण ठेकों को लेकर कांग्रेस ने योगी सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा ने सात टेंडरों में कथित कार्टेल और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए 17,542 करोड़ रुपये के आवंटन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि सात पैकेजों के ठेके छह कंपनियों के बीच इस तरह बंटे कि प्रत्येक कंपनी को कम से कम एक पैकेज मिल गया।

खेड़ा के मुताबिक, यूपीडा ने 28 सितंबर को सात पैकेजों की वित्तीय बोलियां खोली थीं, जबकि 27 अक्टूबर को योगी कैबिनेट ने इनके लिए मंजूरी दे दी। उन्होंने आरोप लगाया कि विजेता कंपनियों की बोलियां अनुमानित लागत से मामूली कम थीं, जबकि कुछ प्रतिद्वंद्वी कंपनियों ने 20 से 38 प्रतिशत तक अधिक दरें पेश कीं। कांग्रेस ने इसे प्रतिस्पर्धा के बजाय कथित दिखावटी मुकाबला बताया है। खेड़ा ने 2018 में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की बोलियां रद्द किए जाने का हवाला देते हुए सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने सातों ठेके रद्द कर नए सिरे से टेंडर कराने, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और न्यायिक जांच की मांग की है। साथ ही कंपनियों की पात्रता, बैंक गारंटी और बोली प्रक्रिया का विवरण सार्वजनिक करने को कहा है।

### एसआईआर के आंकड़ों पर भी सवाल

खेड़ा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर दावा किया कि स्थानीय निकाय की मतदाता सूचियों में 16.77 करोड़ से अधिक नामों के मुकाबले विधानसभा मतदाता सूची में संख्या करीब 13.40 करोड़ रह गई है। उन्होंने लगभग 3.31 करोड़ के अंतर पर सवाल उठाते हुए हटाए गए नामों और उनके कारणों का ब्योरा सार्वजनिक करने की मांग की।

### दवाओं की कीमतों और रोजगार का मुद्दा भी उठाया

कांग्रेस नेता ने दवाओं की कीमतों में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए 10 हजार करोड़ रुपये के दवा घोटाले का दावा किया। उन्होंने पॉलीमिक्सिन-बी इंजेक्शन की कीमत का उदाहरण भी दिया। इसके अलावा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, राम मंदिर में दान से जुड़ी कथित अनियमितताओं और भाजपा के अंदरूनी राजनीतिक समीकरणों पर भी सरकार से जवाब मांगा।

हालांकि, इन सभी आरोपों और आंकड़ों पर सरकार तथा संबंधित विभागों का पक्ष भी सामने आना जरूरी है। फिलहाल उपलब्ध जानकारी में उनकी प्रतिक्रिया शामिल नहीं है।

# फार्मासिस्टों ने 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीएमओ को सौंपा

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** लंबित 18 सूत्रीय मांगों के निस्तारण को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार को जनपद के सभी चीफ फार्मासिस्ट और फार्मासिस्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय पर एकत्र हुए और धरना-प्रदर्शन किया। धरने के बाद संघ के मंत्री कपिल वर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएमओ डॉ. एनबी सिंह को सौंपा गया। पदाधिकारियों ने बताया कि मांगों पर जल्द अमल न हुआ तो आंदोलन के दूसरे चरण में 20 नवंबर को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसमें जनपद के सभी चीफ फार्मासिस्ट और फार्मासिस्ट शामिल होंगे। एसोसिएशन का कहना है कि लंबे समय से 18 सूत्रीय मांगों पर शासन स्तर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लगातार अनदेखी से फार्मासिस्टों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। इस मौके पर आरबी मौर्या वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद सिंह उपाध्यक्ष अविनाश सिंह संगठन मंत्री चंद्रशेखर श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष श्रवण सचान पूर्व महामंत्री प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय पांडे पंकज रस्तोगी सुशील त्रिपाठी आदि साथी उपस्थिति रहे। प्रमुख मांगें फार्मेसिस्ट को फार्मेसी अधिकारी और चीफ फार्मेसिस्ट को चीफ फार्मेसी अधिकारी का पदनाम दिया जाए। फार्मेसिस्ट को ग्रेड पे 4600, चीफ फार्मेसिस्ट को 5400, प्रभारी अधिकारी को 6600, विशेष कार्याधिकारी को 7600 और संयुक्त निदेशक को 8700 का वेतनमान दिया जाए। फार्मेसिस्टों को प्राथमिक उपचार व सीमित दवाएं लिखने का अधिकार दिया जाए। नियुक्ति हेतु न्यूनतम योग्यता बैचलर इन फार्मेसी या फार्म-डी की जाए। 2005 के बाद नियुक्त फार्मेसिस्टों की स्थायी वरिष्ठता सूची जारी कर रिक्त पदों पर पदोन्नति की जाए। प्रभार भत्ता 75 रुपये से बढ़ाकर 750 रुपये प्रतिमाह किया जाए। -ड्रग वेयर हाउस से अस्पतालों तक दवा पहुंचाने की सरकारी व्यवस्था की जाए। पीएचसी पर 2 और सीएचसी पर 3 फार्मेसिस्ट व 2 चीफ फार्मेसिस्ट का मानक तय कर पद सृजित किए जाएं।

# बाल दिवस पर इंदिरा गांधी तारामंडल में लगेगा विशेष आधार शिविर, बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के प्रति किया जाएगा जागरूक

समृद्धि न्यूज़



**लखनऊ।** बाल दिवस के अवसर पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा इंदिरा गांधी तारामंडल, लखनऊ के सहयोग से एक विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के आधार में निर्धारित आयु पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने के प्रति अभिभावकों एवं बच्चों को जागरूक करना है।

बच्चों के आधार में दो महत्वपूर्ण आयु पड़ावों पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराना आवश्यक है। पहला अपडेट बच्चे की आयु 5 वर्ष पूरी होने पर तथा दूसरा अपडेट 15 वर्ष की आयु पूरी होने पर कराया जाना चाहिए। इन अपडेट के दौरान बच्चे के फिंगरप्रिंट, आइरिस स्कैन और फोटो को अपडेट किया जाता है, ताकि आधार में दर्ज बायोमेट्रिक जानकारी बच्चे की वर्तमान पहचान के अनुरूप रहे।

बच्चों के बढ़ने के साथ उनके बायोमेट्रिक विवरण में बदलाव होता है। ऐसे में निर्धारित समय पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे आधार आधारित प्रमाणीकरण में संभावित समस्याओं से बचा जा सके। यह बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करने, छात्रवृत्ति एवं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) जैसी सुविधाओं तथा शिक्षा से संबंधित प्रक्रियाओं में आधार प्रमाणीकरण की आवश्यकता पड़ने पर सहायक होता है।

इस अवसर पर इंदिरा गांधी तारामंडल आने वाले सभी अभिभावकों से अपील की जाती है कि वे अपने बच्चों के आधार कार्ड की एक प्रति साथ लेकर आएं, ताकि विशेष शिविर में पात्र बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराया जा सके। यूआइडीएआई, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ अभिभावकों से आग्रह करता है कि वे बच्चों के आधार में 5 और 15 वर्ष की आयु पर होने वाले अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट को समय पर अवश्य कराएं और इस संबंध में अन्य अभिभावकों को भी जागरूक करें।

# योगी सरकार पूरे करेगी परिवारों के अरमान

- 14 नवंबर को कुलवंत सिंह स्टेडियम में सजेगा पूर्व सैनिक रैली का मंच
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य कमान के सेनाध्यक्ष की रहेगी मौजूदगी

समृद्धि न्यूज़



**लखनऊ।** सरहद की रक्षा करते हुए दुश्मनों के मंसूबों को नाकाम करने वाले वीर सैनिकों के सम्मान और उनके परिवारों के कल्याण के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। 14 नवंबर को मेरठ के कुलवंत सिंह स्टेडियम में पूर्व सैनिक रैली होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में होने वाली रैली में 2500 से 3000 पूर्व सैनिक, वीर नारियां और दिवंगत सैनिकों की पत्नियां शामिल होंगी। यह आयोजन न केवल देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिकों के शौर्य और बलिदान को सम्मान देने का अवसर बनेगा, बल्कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से जुड़ी समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच भी बनेगा। रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भारतीय सेना की मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। दोनों की मौजूदगी प्रदेश सरकार और भारतीय सेना की ओर से पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के सम्मान और कल्याण के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाएगी। इस आयोजन के माध्यम से राष्ट्र की सुरक्षा में पूर्व सैनिकों के अतुलनीय योगदान को याद करने के साथ उनके प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त की जाएगी।रैली का प्रमुख उद्देश्य पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और दिवंगत सैनिकों के परिवारों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक समर्पित मंच उपलब्ध कराना है। इसके लिए विभिन्न विभागों और संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। रैली में वीर नारियों और दिवंगत सैनिकों की पत्नियों के त्याग, संघर्ष और योगदान को भी विशेष महत्व दिया जाएगा।

## डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से होगा परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों का आकलन

**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने और विद्यार्थियों की वास्तविक अधिगम दक्षताओं का आकलन करने के लिए योगी सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को गति दी जा रही है। प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में कक्षा-1 और 2 के विद्यार्थियों का निपुण विद्यालय आकलन कराया जाएगा।

डीएलएड प्रशिक्षुओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आकलन दो चरणों में होगा। प्रथम चरण 21 से 30 दिसंबर तथा द्वितीय चरण 20 से 30 जनवरी 2027 तक किया जाएगा।

## त्योहार और सर्दियों में गोवंश संरक्षण को लेकर योगी सरकार की विशेष कार्ययोजना

- सड़कों पर निराश्रित गोवंश की मौजूदगी रोकने के लिए चलेगा विशेष अभियान
- नगर आयुक्तों और निकायों के अधिशासी अधिकारियों को सतर्कता के निर्देश

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** त्योहारों के दौरान बढने वाली भीड़ और यातायात तथा शीत ऋतु में निराश्रित गोवंश की सुरक्षा को लेकर विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप प्रदेश में गोवंश संरक्षण की व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए गो-आश्रय स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने और निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। योगी सरकार का स्पष्ट ध्येय है कि गोवंश को सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुंचाने के साथ उनकी देखभाल और संरक्षण की व्यवस्था को मजबूत किया जाए। कहीं भी गोवंशों के पाए जाने पर उनका संरक्षण कराया जाएगा।

इसके तहत विशेष अभियान चलाकर पेट्रोलिंग की जाएगी।राजमार्गों, बाजारों, मंडियों और प्रमुख मार्गों पर त्यौहार के समय लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में विशेष अभियान चलाने और पेट्रोलिंग कराने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्गों के साथ ही बाजारों, हाटों और मंडियों के आसपास निराश्रित गोवंश की मौजूदगी रोकने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# बीमारियों पर लगाम के लिए जांच और निगरानी का नया जोर

- एसजीपीजीआई में डब्ल्यूएचओ के सहयोग से कार्यशाला आयोजित, 30 से अधिक विशेषज्ञों ने लिया हिस्सा और सीखा जांच का तरीका

समृद्धि न्यूज़



**लखनऊ।** मलेरिया और कालाजार जैसी संक्रामक बीमारियों के उन्मूलन की जंग सिर्फ दवाओं से नहीं, बल्कि सटीक जांच और मजबूत निगरानी व्यवस्था से जीती जा सकती है। इसी मकसद से संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस) में शुक्रवार को एक दिवसीय सीएमई सह प्रयोगशाला कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विशेषज्ञों ने बीमारियों की समयबद्ध पहचान और संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण को उन्मूलन की सबसे अहम कड़ी बताया।

संस्थान के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) इंडिया के सहयोग से 'मलेरिया एवं कालाजार : प्रयोगशाला से उन्मूलन तक' विषय पर यह आयोजन किया। इसमें विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के 30 से अधिक विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

संस्थान के निदेशक प्रो. आर.के. धीमन ने कहा कि मलेरिया और कालाजार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए समय पर और सटीक प्रयोगशाला जांच बेहद जरूरी है। रोग की शुरुआती पहचान से मरीज का उपचार बेहतर होने के साथ संक्रमण की निगरानी और प्रसार रोकने में भी मदद मिलती है। उन्होंने उन्मूलन के प्रमाणन के लिए प्रशिक्षित चिकित्साकर्मियों, सक्षम प्रयोगशालाओं और विश्वसनीय आंकड़ों को आवश्यक बताया।

आंकड़ों से लेकर निदान तक हुई चर्चा

आयोजन अध्यक्ष प्रो. रुंगमेई एस.के. मारक ने कहा कि भारत सरकार और डब्ल्यूएचओ के प्रयासों से कालाजार नियंत्रण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जबकि मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य 2030 निर्धारित है। तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने दोनों बीमारियों के लक्षण, जांच, निदान, उपचार और निगरानी व्यवस्था पर जानकारी दी।

## गोरखपुर में उत्तर प्रदेश फिशरीज प्रोजेक्ट ऑफिस खोलेगा मलेशिया का वर्ल्ड फिश सेंटर

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** वर्ल्डफिश गोरखपुर में उत्तर प्रदेश फिशरीज प्रोजेक्ट ऑफिस खोलेगी। इस निमित्त शुक्रवार को उत्तर प्रदेश, मत्स्य विभाग तथा वर्ल्ड फिश सेंटर, मलेशिया के बीच एमओयू हुआ। समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान उत्तर प्रदेश सरकार की महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. व वर्ल्डफिश सेंटर, मलेशिया के महानिदेशक डॉ. ईसाम यासीन मोहम्मद ने किया।योजना के माध्यम से पूर्वांचल के मत्स्य पालकों, हैचरी संचालकों, युवाओं, शोधकर्ताओं एवं विभागीय कार्मिकों को व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य प्रदेश में मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज की उपलब्धता, आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों के प्रसार तथा मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करना है। योजना के माध्यम से प्रदेश में आधुनिक मत्स्य बीज उत्पादन केन्द्र हैचरी विकसित कर उन्नत मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य उत्पादन व उत्पादकता एवं खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना साथ ही उन्नत प्रजातियों के गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज उत्पादन तकनीक का विकास एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं मत्स्य पालकों का तकनीकी प्रशिक्षण व एक्सपोजर विजिट के माध्यम से क्षमता विकास करना है।डीजी मत्स्य ने बताया कि वर्ल्डफिश उत्तर प्रदेश फिशरीज प्रोजेक्ट द्वारा पेंगेसियस एवं गिफ्ट तिलापिया जैसी उन्नत मत्स्य प्रजातियों के हैचरी बीज उत्पादन हेतु तकनीकी सहयोग एवं हैंडहोल्डिंग प्रदान की जाएगी।

# खरीद की धीमी रफ्तार पर जताई नाराजगी, प्रभारियों को तेजी लाने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**



शासन के निर्देश पर लखनऊ से आई तीन सदस्यीय संयुक्त टीम ने शुक्रवार को रोजा मंडी में संचालित धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। टीम ने केंद्रों पर धान खरीद से संबंधित अभिलेखों, किसानों के भुगतान, लैपटॉप पर की गई फीडिंग और मंडी में अब तक हुई धान की आवक की बारीकी से जांच की। खरीद की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी मिलने पर केंद्र प्रभारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। शुक्रवार दोपहर आरएफसी मेरठ संजीव कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम सबसे पहले आरएफसी के क्रय केंद्र एक और दो पर पहुंची। यहां केंद्र प्रभारी सुजीत कुमार से धान खरीद की प्रगति की जानकारी ली। टीम ने खरीद से संबंधित अभिलेखों और पोर्टल में दर्ज आंकड़ों का मिलान कर फीडिंग की जांच कर भुगतान और पेडिंग की जानकारी ली। इस दौरान केंद्र पर धान लेकर पहुंचे शाहगंज निवासी किसान पंकज कुमार शुक्ला के दस्तावेज भी देखे। अभिलेखों में 135 कुंतल धान दर्ज था, जबकि किसान उस समय 85 कुंतल धान लेकर पहुंचा था। किसान ने बताया कि शेष धान की तौल होने के बाद वह बाकी उपज भी केंद्र पर लेकर आएगा।इसके बाद टीम पीसीयू भावलखेड़ा के क्रय केंद्र पहुंची। जहां धान खरीद चल रही थी, टीम ने केंद्र प्रभारी संजय कुमार से खरीद संबंधी अभिलेखों की जानकारी ली और लैपटॉप पर दर्ज आंकड़ों की जांच की। टीम ने केंद्र पर मौजूद किसानों से भी बातचीत कर धान बेचने में आ रही परेशानियों के बारे में पूछा। किसानों ने बताया कि शुरुआत में कागजात के सत्यापन को लेकर दिक्कतें आ रही थीं, लेकिन अब सत्यापन की प्रक्रिया में कोई परेशानी नहीं हो रही है।।टीम ने किसानों को उनकी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो और शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित व्यवस्था के तहत धान खरीद में तेजी लाई जाए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय, मंडी सचिव धनंजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## धान केंद्र पर बिचौलिए दिखे तो केंद्र प्रभारी होंगे जिम्मेदार: खरीद अधिकारी




**शाहजहांपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जनपद में धान क्रय कार्य चालू है। धान क्रय में पारदर्शिता लाये जाने के दृष्टिगत एडीएम प्रशासन एवं जिला खरीद अधिकारी रजनीश कुमार मिश्रा ने दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केन्द्र प्रभारी का यह दायित्व होगा कि वह केन्द्र पर विक्रय को आए कृषकों द्वारा प्रस्तुत पंजीकरण प्रपत्रों में जुड़े गॉटों का खतौनी से एवं आधार कार्ड से कृषक का नाम व पिता का नाम का मिलान अनिवार्य रूप से कर पूर्णतयः संतुष्ट होने पर धान क्रय कार्य निष्पादित किया जाए। केन्द्र पर जिन कृषकों से धान क्रय किया जाएगा, धान क्रय-नीति के प्रस्तर संख्या-19 में दी व्यवस्था के अनुसार उन कृषकों से सम्बन्धित सभी अभिलेख केन्द्र पर सुरक्षित रखे जाएगे। निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा केन्द्र के निरीक्षण के समय मांगे जाने पर उपलब्ध कराये जाए। साथ ही कृषकों को अपना धान विक्रय किए जाने में किसी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े तथा केन्द्र पर कोई बिचौलिया, अराजक तत्त्व सक्रिय न होने पाए, लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## भूमि विवाद में चले लाठी डंडे, चार लोग घायल

**बंडा, शाहजहांपुर।** खेत की जुताई बुवाई कर रहे किसान पर विपक्षी लोगों ने अपना हक जताते हुए लोहे की राड व लाठी डंडो से हमला बोलकर चार लोगों को पीट कर घायल कर दिया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भगवंतापुर के प्रभांकर कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी गांव में भूमि गाटा संख्या 88 विपक्षी बृजेश के शामिल शरीक है। वह अपनी भूमि की जुताई कर रहे थे। मंगलवार शाम 5ः बजे बुबाई कर रहे थे इसी बीच मोहल्ला गांधीनगर पुवाया के विपक्षी बृजेश अपने पुत्र सौरभ, गौरव, नरेंद्र और साथी बंडा के मोहल्ला चरनदास कॉलोनी के शिवाशू अपने आठ अन्य साथियों के साथ आए और लोहे की राड व लाठी डंडों से मुझे और मेरे पुत्र प्रवीण, परितोष, विजय को पीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर उक्त लोगों ने मेरे पुत्र की चार पहिया गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। बंडा थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### रेडक्रॉस में 16-17 नवंबर को लगेगा कृत्रिम अंग शिविर, दिव्यांगजनों को मिलेंगे सहायक उपकरण

**शाहजहाँपुर।** दिव्यांगजनों की सहायता के लिए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 16 और 17 नवंबर 2026 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय प्रांगण में सुबह 10 बजे से लगाया जाएगा। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि शिविर में पात्र दिव्यांगजनों को कैलिपर्स, कृत्रिम हाथ-पैर और अन्य आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जाएगी। शिविर में आने वाले दिव्यांगजन अपने साथ आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाणपत्र, मोबाइल नंबर और पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लेकर आएं। डॉ. जौहरी ने जनपद के सभी जरूरतमंद दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं।

### तमंचे व दो कारतूस के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार



**रोजा, शाहजहांपुर।** थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने गुरुवार देर रात चेकिंग और गश्त के दौरान एक शातिर अपराधी को अवैध तमंचे और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उपनिरीक्षक संत कुमार राठी ने बताया कि गुरुवार रात पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और वांछित व वारंटियों की तलाश में गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम हरदोई चौराहे पर पहुंची। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि हरदोई बाईपास से आगे सीतापुर-बरेली हाईवे से बाड़ीगांव की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और रात करीब एक बजे संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुनील पुत्र बिहारी निवासी ग्राम बाबूपुर नगरा, थाना कटरा बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ अलग-अलग थानों में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# अधिवक्ता के भाई गैर-इरादतन हत्या में कार्रवाई को लेकर धरने पर बार एसोसिएशन पदाधिकारी

- एसपी से मिलने को लेकर अड़े अधिवक्ता धरनास्थल पर बुलाने की मांग
- लगभग आधा घंटा बाद धरने से उठे वकील, बोले- अब मीटिंग में लेंगे निर्णय

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



थाना खुदागंज के अधिवक्ता अवनीश कुमार सिंह के भाई सुधीर कुमार सिंह का शव मिलने के बाद गैर इरादतन हत्या में मुदकमा दर्ज कराया गया था। जिसकी जांच सिंधौली थाना को ट्रांसफर की गई थी, लेकिन उसमें कार्यवाही न होने पर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने कचहरी गेट रोड पर बैठकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के महासचिव नंद किशोर अवस्थी उर्फ राजेश अवस्थी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर एसपी द्वारा न मिलने पर आक्रोश जताया। आधा घंटे से ज्यादा चले धरना प्रदर्शन के बाद वकील वापस कचहरी चले गए। वकीलों का कहना था कि जब तक कोई कार्यवाही नहीं होगी तो सोमवार को आंदोलन होगा। बार एसोसिएशन महासचिव ने बताया कि हम लोग मीटिंग में आगे का निर्णय लेगे और सोमवार को हम पुनः धरना देगें। अधिवक्ता हित में जो भी करना होगा करेगें। बता दें कि सेन्ट्रल बार एसोसियेशन के सदस्य अवनीश कुमार सिंह एडवोकेट के भाई सुधीर कुमार सिंह की हत्या बीती दिनांक 30 अगस्त 2026 को गांव के ही बब्लू व शिव शंकर पुत्र चन्द्रपाल तथा ओम पाल पुत्र भगबन्नू ने कर दी थी। रिपोर्ट थाना खुदागंज में दर्ज कराई गयी थी। उक्त प्रकरण का स्थान्तरण थाना खुदागंज से थाना सिंधौली को किया जा चुका है। लगभग ढाई माह बीत जाने के बाद भी उक्त प्रकरण में कोई भी कार्यवाही नही हो सकी है। ज्ञापन के माध्यम से सेन्ट्रल बार एसोसियेशन ने मांग की है कि जल्द से जल्द अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा जाता है,तो बार एसोसियेशन आन्दोलन को बाध्य होगें। जिसकी सम्पर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।धरनास्थल पर राजेश अवस्थी, रमित त्रिवेदी, रामजी अवस्थी, अभिषेक पाण्डेय, सुनील शुक्ला, अवनीश द्विवेदी, दीपक, ज्ञानदेव दीक्षित, अवधेश तोमर आदि मौजूद रहे।

## सांसद के प्रयास से पीएमजीएसवाई में छह सड़कों को मिली मंजूरी



**शाहजहांपुर।** सांसद अरुण सागर के प्रयास से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जनपद की छह सड़कों को मंजूरी मिली है। कुल 8.85 किलोमीटर लंबी इन सड़कों के निर्माण पर 637.94 लाख रुपये की लागत आएगी। सांसद अरुण सागर ने बताया कि तिलहर ब्लॉक में एनएच-30 फीलनगर से देवनगर तक 0.80 किलोमीटर सड़क का निर्माण 79.38 लाख रुपये की लागत से होगा। मदनापुर ब्लॉक में चार सड़कों को मंजूरी मिली है। इसमें मदनापुर-बुधवाना मार्ग पर 2.60 किलोमीटर सड़क 253.66 लाख रुपये, रामनगर से चांदपुर तक 1.35 किलोमीटर सड़क 149.30 लाख रुपये, मदनापुर-मथाना मार्ग पर 1.40 किलोमीटर सड़क 149.88 लाख रुपये तथा रतनपुर से सुजावलपुर तक 1.50 किलोमीटर सड़क 161.90 लाख रुपये की लागत से बनेगी। वहीं जैतीपुर ब्लॉक में वाहनपुर लिंक रोड 1.20 किलोमीटर लंबी बनेगी, जिसकी लागत 142.82 लाख रुपये होगी। सांसद ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और विकास को गति मिलेगी। शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# सपा सांसद ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात संगठन मजबूती पर दिया जोर

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।**



जलालाबाद स्थित आवास पर आंवला लोकसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी सांसद नीरज कुशवाहा मौर्य एवं उनकी धर्मपत्नी रश्मि मौर्य ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ भेंटवार्ता की। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने सांसद दंपति का गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में क्षेत्र की राजनीतिक परिस्थितियों, स्थानीय जनसमस्याओं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सांसद नीरज कुशवाहा मौर्य ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों और जनहितकारी कार्यों को गांव-गांव तथा घर-घर तक पहुंचाना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए आपसी समन्वय और एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं रश्मि मौर्य ने उपस्थित महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं से संवाद कर क्षेत्र की सामाजिक और विकास संबंधी समस्याओं पर सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। बैठक में आगामी पार्टी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। अंत में सांसद ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त किया।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक की मौत, कमरे में मिला शव



**बंडा, शाहजहांपुर।** मकसूदापुर में एक 23 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि युवक का अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। करीब 15 दिन पहले पत्नी मायके चली गई थी, जिसके बाद से युवक मानसिक रूप से परेशान बताया जा रहा था। शुक्रवार सुबह उसका शव कमरे में मिला। मृतक की पहचान मकसूदापुर निवासी शिवराम पुत्र डालचंद के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक शिवराम की शादी कुछ वर्ष पहले पीलीभीत के बीसलपुर क्षेत्र में हुई थी। पिछले 15 दिनों से पत्नी मायके में रह रही थी। इस दौरान दोनों के बीच फोन पर कई बार बातचीत भी हुई थी। बताया जा रहा है कि वैवाहिक विवाद को लेकर शिवराम परेशान चल रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# शाहजहांपुर स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान

- 283 मामले पकड़े बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वालों से वसूला 2.22 लाख रुपये का जुर्माना व किराया, 20 ट्रेनों की हुई जांच



**रोजा, शाहजहांपुर।** छठ पर्व के दौरान रेल यात्रियों की सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के साथ ही बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे प्रशासन की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 20 ट्रेनों की सघन जांच कर 283 मामले पकड़े गए। इनसे रेलवे को कुल 2,22,560 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। मुरादाबाद मंडल की मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के निर्देश और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक हरि सिंह मीना ने किया। अभियान में 13 टिकट चेकिंग कर्मचारियों के साथ रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के नौ जवान भी शामिल रहे। टिकट जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करते हुए 75 यात्री पकड़े गए। इनसे 71,695 रुपये वसूल किए गए। वहीं, अनियमित यात्रा के 208 मामले सामने आए, जिनमें किराया और जुर्माने के रूप में 1,50,865 रुपये वसूले गए। इस तरह कुल 283 मामलों में रेलवे ने 2,22,560 रुपये का राजस्व अर्जित किया। अभियान के तहत स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 20 ट्रेनों की जांच की गई। रेलवे प्रशासन ने छठ पर्व के मद्देनजर यात्रियों से अपील की है कि वे उचित और वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें। स्टेशन और ट्रेनों में अनावश्यक भीड़ न लगाएं तथा चलती ट्रेन में चढ़ने-उतरने से बचें। साथ ही अपने सामान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। रेलवे ने यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा या संदिग्ध गतिविधि की सूचना रेलवे सुरक्षा बल अथवा रेल कर्मचारियों को देने की सलाह दी है। जरूरत पड़ने पर रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर भी सहायता प्राप्त की जा सकती है।

# बाल दिवस: शिक्षिका पल्लवी की अनूठी पहल

- खिलौनों की जगह बच्चों को दिया ज्ञान का खजाना

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को कुछ नया सीखने और उनके ज्ञान में वृद्धि करने के उद्देश्य से राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका पल्लवी ने एक अभिनव पहल की है। उन्होंने बच्चों को उपहार स्वरूप देने के लिए आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक 'ज्ञान बैंक बॉक्स' तैयार किया है। इस ज्ञान बैंक बॉक्स में विभिन्न विषयों से संबंधित रोचक प्रश्नोत्तरी के फ्लैश कार्ड रखे गए हैं। इन कार्डों के माध्यम से बच्चे सामान्य ज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, पर्यावरण एवं सामाजिक विषयों से जुड़े प्रश्नों के उत्तर जान सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि विकसित करना, जिज्ञासा बढ़ाना, तार्किक चिंतन को प्रोत्साहित करना तथा खेल-खेल में सीखने की प्रवृत्ति विकसित करना है। बच्चे इन फ्लैश कार्डों के माध्यम से स्वयं प्रश्न पूछकर, उत्तर खोजकर और एक-दूसरे के साथ ज्ञान साझा करके अपनी सीखने की क्षमता को बेहतर बना सकेंगे। शिक्षिका पल्लवी का मानना है कि बच्चों को दिया गया सबसे अच्छा उपहार वह है, जो उनके ज्ञान और व्यक्तित्व को समृद्ध करे। इसी सोच के साथ तैयार किया गया यह ज्ञान बैंक बॉक्स बाल दिवस पर बच्चों के लिए एक अनूठा, उपयोगी और यादगार उपहार है। उपहार ऐसा हो जो केवल खुशी ही नहीं, बल्कि जीवनभर सीखने की प्रेरणा भी दे।

## सौरभ सिंह गांधी ने न्याय पंचायत स्तर पर दिए दो शव संरक्षण फ्रीजर

**पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने माता-पिता व भाई की चिर स्मृति में की सराहनीय पहल**



**तिलहर - शाहजहांपुर।** सपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य सौरभ सिंह गांधी ने न्याय पंचायत स्तर पर स्व माता, पिता व भाई की चिर स्मृति में दो शव संरक्षण फ्रीजर दिए हैं। शुक्रवार को श्री गांधी ने अपने निज प्रतिष्ठान शिव शक्ति रेस्टोरेंट पर ग्रामीणों को शव संरक्षण फ्रीजर भेंट किए । उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तर पर किसी के निधन हो जाने पर रिश्तेदारों के पहुंचने तक शव को सुरक्षित रखने की बाबत परेशानी को देखते हुए उन्होंने पिता स्व नरेंद्र पाल सिंह , बड़ी माता स्व सत्यवती सिंह , माता स्व मनोरमा सिंह व बड़े भाई स्व शील कुमार सिंह (सेवा निवृत्त डीएसपी ) की चिर स्मृति में दो शव संरक्षण फ्रीजर रुजवारी न्यायपंचायत स्तर पर ग्राम डभौरा में व ढकिया रघा न्याय पंचायत स्तर पर ढकिया रघा गांव में दिए गए हैं।

# एसीएमओ ने सीएचसी पुवायां का किया औचक निरीक्षण, कई कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहाँपुर।**



अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीपी श्रीवास्तव ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले, वहीं दवा भंडार में अव्यवस्थाएं मिलने पर एसीएमओ ने नाराजगी जताई। निरीक्षण के समय तक अस्पताल में 150 मरीजों का पंजीकरण हो चुका था। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेंद्रपाल, डॉ. आमिर त्यागी, डॉ. सोनल, चीफ फार्मासिस्ट पवन गुप्ता, मोनी सिंह, नीलम शर्मा, सुनीता भार्गव स्टाफ नर्स और धर्मेंद्र कुमार शर्मा अनुपस्थित मिले। हालांकि निरीक्षण के दौरान ही पवन गुप्ता बाद में पहुंच गए। ड्रग स्टोर के निरीक्षण में दवाओं पर लेबलिंग नहीं मिली और स्टॉक रजिस्टर में एआरवी अपडेट नहीं पाई गई। ईडीएल के अनुसार दवाओं की उपलब्धता भी कम मिलने पर एसीएमओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए फार्मासिस्ट से स्पष्टीकरण तलब किया। बीपीएचयू भी क्रियाशील नहीं पाई गई। वहीं डॉ. सुशील कुमार, डॉ. रेनू मीणा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान सहायक शोध अधिकारी अंशुल शुक्ला साथ रहे।

# विधिक सेवा दिवस पर एसएस कॉलेज में संगोष्ठी, न्याय की समान पहुंच पर दिया जोर

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन संकाय में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को न्याय तक समान पहुंच और निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में चीफ डिफेंस काउंसिल दिनेश कुमार मिश्रा ने कहा कि आर्थिक अथवा सामाजिक परिस्थितियां किसी भी व्यक्ति के न्याय पाने के अधिकार में बाधा नहीं बननी चाहिए। विधिक सेवा दिवस हमें यह आत्मचिंतन करने का अवसर देता है कि क्या देश का प्रत्येक गरीब, आदिवासी, महिला, श्रमिक, दिव्यांग और वंचित नागरिक अपने कानूनी अधिकारों से परिचित है। न्याय केवल सक्षम और संपन्न व्यक्तियों तक सीमित नहीं होना चाहिए। असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल विवेक शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य गरीब, कमजोर और वंचित वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता की संवैधानिक अवधारणा और विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। विधि अध्ययन संकाय के प्रभारी डॉ. जयशंकर ओझा ने कहा कि विधि के विद्यार्थियों को समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। विधिक शिक्षा को सामाजिक न्याय से जोड़ने पर उन्होंने बल दिया। लीगल ऐड क्लिनिक के संयोजक डॉ. अनिल कुमार शाह ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 39-क राज्य को समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश देता है। यह समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना संवैधानिक दायित्व है। संगोष्ठी में सहायक आचार्य डॉ. मृदुल शुक्ल, अजीत कुमार, प्रदीप कुमार सिंह और अरविन्द कुमार ने भी विचार व्यक्त किए। समापन अवसर पर उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।

छठ पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट

# डीएम ने लोधीपुल घाट का किया निरीक्षण

- साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था समय से पूरी करने के निर्देश
- मोबाइल टॉयलेट, चेंजिंग रूम और बैरिकेडिंग के इंतजाम दुरुस्त रखने को कहा

समृद्धि न्यूज, शाहजहाँपुर।



छठ पर्व पर श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी के साथ खन्नौत नदी स्थित लोधीपुल छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर चल रही तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने घाट पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट, चेंजिंग रूम, सेल्फी प्वाइंट और बैरिकेडिंग की व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि छठ पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाट पर पहुंचेंगे। ऐसे में उनकी सुविधा और सुरक्षा में किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि घाटों पर स्वच्छता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर काम करें और व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी भी करें। पर्व से पहले घाट को पूरी तरह स्वच्छ और व्यवस्थित किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान परेशानी न हो। डीएम ने स्पष्ट किया कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

# जिलास्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

- रोली वर्मा सहित कई खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।



वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड सिंधौली के गांव महाऊ दुर्ग स्थित वेटलिफ्टिंग सेंटर पर बालक एवं बालिका वर्ग में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा और ताकत का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं एसोसिएशन के संरक्षक अनिल कुमार गुप्ता, प्रधान भटपुरा रसूलपुर ने बजरंगबली की प्रतिमा के समक्ष पूजन-अर्चन कर एवं फीता काटकर किया। बालक वर्ग के 55 किलोग्राम भार वर्ग में कौशल ने प्रथम, 60 किलोग्राम में सुनील कुमार ने प्रथम, 65 किलोग्राम में यीशु सिंह ने प्रथम, 75 किलोग्राम में दिव्यांशु सिंह ने प्रथम तथा 85 किलोग्राम भार वर्ग में विजय सिंह यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग के 44 किलोग्राम में निकिता वर्मा प्रथम, 49 किलोग्राम में रोली वर्मा प्रथम, 53 किलोग्राम में प्रियांशी देवी प्रथम और उर्वशी द्वितीय रहीं। 57 किलोग्राम में खुशबू प्रथम और नेहा वर्मा द्वितीय, 61 किलोग्राम में शैल्वी मिश्रा प्रथम तथा 69 किलोग्राम भार वर्ग में जोहर खान प्रथम और इशिका गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के समापन पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में दीपक वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसोसिएशन के सचिव अजय पाल वर्मा ने सभी खिलाड़ियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरिराम वर्मा, विवेक वर्मा, राम अवतार, हयात अली, मोइन खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## हरदेव राजा के नवनिर्मित देवस्थान पर 22 नवंबर को होगा पूजन, कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा



सिंधौली, शाहजहांपुर। कस्बे में हरदेव राजा के भक्तों के लिए खुशी की खबर है। हाईवे पर पुल के समीप हरदेव राजा का नया देवस्थान बनकर तैयार हो गया है। यहां आगामी 22 नवंबर को विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर कन्याओं को भोजन कराया जाएगा। देवस्थान के पुजारी लाल बाबा रोशन लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले हरदेव राजा का स्थान सिंधौली कस्बे की मुस्लिम बस्ती में स्थित था। उन्होंने बताया कि उन्हें सपना हुआ कि हरदेव राजा आ चुके हैं। इसके बाद यहां नया देवस्थान बनाने का संकल्प लिया गया। अब पुल के समीप हाईवे किनारे देवस्थान का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। पुजारी लाल बाबा रोशन लाल ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से 22 नवंबर को आयोजित होने वाले पूजा कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी भक्तों का स्वागत है। श्रद्धालु हरदेव राजा देवस्थान पर पहुंचकर पूजा-अर्चना करें और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें। आयोजन को लेकर भक्तों में उत्साह है।

# नकली नोट गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।



जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना सदर बाजार पुलिस की संयुक्त टीम ने नकली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 1,01,500 रुपये की कूटरचित करेंसी, 37,500 रुपये की असली करेंसी, प्रिंटर, कागज, कैंची और पांच मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत टीम क्षेत्र में मामूर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर एनसीसी तिराहे के पास से दोपहर 2.37 बजे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मो. आकिल (32) पुत्र नाजिर हुसैन, निवासी मो. कुमारन, थाना नवाबगंज, बरेली, रीना (30) पत्नी आकिल, निवासी उपरोक्त, सुहेल (20) पुत्र नसीर अहमद, निवासी खुरमुनी, थाना पिहानी, हरदोई, इमरान (19) पुत्र जामिल, निवासी लोहानी, थाना पिहानी, हरदोई, आशुतोष (21) पुत्र राजकुमार, निवासी मिंडापुरवा, थाना पिहानी, हरदोई को गिरफ्तार किया गया। इनके खिलाफ थाना सदर बाजार में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**पूछताछ में क्या बोले आरोपी:** मुख्य आरोपी आकिल ने बताया कि उसकी बहन की ससुराल पिहानी में है, वहीं उसकी मुलाकात मुकर्रम उर्फ ठाकुर से हुई। ठाकुर ने बताया कि उसका दोस्त इमरान 35 हजार के बदले 50 हजार रुपये नकली नोट देता है। 2 नवंबर को दिल्ली में सीलमपुर मेट्रो स्टेशन के पास इमरान ने उसे छल्लों से बंधी नोटों की गड्डी दी, जिस पर मनोरंजन बैंक लिखा था। शिकायत करने पर इमरान ने पिहानी बुलाकर प्रिंटर से नकली नोट छापने की योजना बनाई। कागज मुकर्रम लाता था। आकिल ने अपनी पत्नी रीना को भी शामिल कर लिया ताकि वह छोटे-छोटे नोट बाजार में चलाती रहे। गिरोह बरेली, शाहजहाँपुर आदि में थोड़े-थोड़े नोट चला रहा था। प्रिंटर लेकर बरेली जाते समय पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, एसओजी प्रभारी प्रिंस शर्मा, सर्विलांस प्रभारी मोहनदेव शर्मा, उप निरीक्षक अजयपाल सिंह, अक्षय पंवार, सूरज सिंह सहित कांस्टेबल अंकुर मलिक, उज्जवल, परिक्षित, विमल, आकाश, मो. आकिब, शुभम, महिला कांस्टेबल मीनाक्षी और सपना तोमर शामिल रहे।

# साड़ी वापस करने को लेकर बाजार में बवाल

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।


- महिलाओं को सड़क पर दौड़ाकर पीटने का आरोप, दुकान स्वामी ने आरोप लगाया गल्ले से रुपए व बेटे की चेन तोड़ने का

नगर के मुख्य बाजार में बीती रात साड़ी वापस करने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया। आरोप है कि एक कपड़ा व्यापारी ने अपने नौकरों और साथियों के साथ मिलकर ग्राहक पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया। सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर हुई मारपीट में महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। आरोप है कि मारपीट के दौरान महिलाओं के कपड़े तक फट गए। घटना से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार ग्राहक पक्ष की एक महिला ने दीपावली से पहले एक कपड़ा व्यापारी की दुकान से साड़ी खरीदी थी। बीती रात महिला साड़ी वापस करने के लिए दुकान पर पहुंची तो इसी बात को लेकर दुकानदार से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि व्यापारी पक्ष के लोगों ने अपने नौकरों और साथियों के साथ मिलकर ग्राहक तथा उसके साथ आई महिलाओं को सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस दौरान महिलाओं के कपड़े भी फट गए।वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उनका कहना है कि मारपीट के दौरान दुकान के गल्ले से रुपये निकाल लिए गए और उनके बेटे की सोने की चेन भी तोड़ ली गई। इस प्रकार दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और सामान छीनने के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया था। इस संबंध में कोतवाल प्रभास कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है तथा दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

# मवेशियों की चपेट में आकर युवक घायल बाइक क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बची जान

- कचहरी गेट नंबर छह के सामने हुआ हादसा, व्यस्त मार्गों पर मवेशियों की आवाजाही से हादसों का खतरा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।




शहर की सड़कों पर खुलेआम घूम रहे मवेशी अब राहगीरों की जान पर भारी पड़ने लगे हैं। शुक्रवार को कचहरी के गेट नंबर छह के सामने बेकाबू भैंसों के झुंड ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि युवक की जान बच गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कचहरी गेट के सामने अचानक भैंसों का झुंड बेकाबू हो गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे बाइक सवार को भैंसों ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक सड़क पर जा गिरा। उसके चेहरे समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उसे संभाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और घायल को उपचार के लिए भिजवाया। कचहरी के आसपास दिनभर अधिवक्ताओं, वादकारियों और आम लोगों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद व्यस्त मार्गों पर मवेशियों के झुंड खुलेआम घूम रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बावजूद मवेशियों के आवागमन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। न उनके निकलने का समय निर्धारित है और न ही कोई अलग मार्ग तय किया गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि व्यस्त मार्गों पर मवेशियों की आवाजाही रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए। डेयरी संचालकों के लिए अलग रूट और समय निर्धारित किया जाए, ताकि राहगीरों को हादसों का सामना न करना पड़े। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए।

# कार-डीसीएम की भीषण भिड़ंत, दो लोग घायल, बैल की दर्दनाक मौत

- करीब दो घंटे तक लगा रहा जाम, पुलिस ने हाइड्रा मशीन की मदद से खुलवाया रास्ता

समृद्धि न्यूज़, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।



लखनऊ-दिल्ली राज्य मार्ग पर सीयूरा मोड़ कट और सब्जी मंडी के समीप शुक्रवार को तेज रफ्तार कार और सीमेंट से लदी डीसीएम के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए, जबकि एक बैल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बैलगाड़ी के परखच्चे उड़ गए और कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, सीमेंट से लदी डीसीएम सीयूरा मोड़ कट से सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान कटरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने पहले सड़क पर जा रही बैलगाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अनियंत्रित कार सीधे डीसीएम में जा घुसी। हादसे में कार सवार हिमांशु तिवारी (35) पुत्र श्रीकांत तिवारी निवासी गांधी नगर, इटावा तथा मुन्ने (50) पुत्र अय्यूब खां निवासी मोहल्ला आतिशबाजान, मीरानपुर कटरा घायल हो गए।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा भिजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया।

वहीं, हादसे के बाद हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। देखते ही देखते करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस प्रशासन ने हाइड्रा मशीन मंगवाई और उसकी मदद से दुर्घटनाग्रस्त कार, डीसीएम, क्षतिग्रस्त बैलगाड़ी तथा मृत बैल को सड़क से हटवाया। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के साथ यातायात व्यवस्था को संभाला। काफी प्रयासों के बाद जाम खुलवाकर वाहनों का आवागमन दोबारा सुचारू कराया गया। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस प्रशासन की तत्परता से बड़ा जाम खुल सका और राहगीरों को राहत मिली।

## सरसों बीज मिनी किट के संशोधित लक्ष्य के सापेक्ष 86.58 प्रतिशत बुकिंग पूर्ण

**लखीमपुर खीरी।** रबी अभियान के अंतर्गत सरसों बीज मिनी किट वितरण हेतु निर्धारित संशोधित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक कुल 16,500 के लक्ष्य के विरुद्ध 14,286 बीज मिनी किट की बुकिंग पूर्ण हो चुकी है, जो लक्ष्य का 86.58 प्रतिशत है। वर्तमान में 2,214 बीज मिनी किट की बुकिंग शेष है। इसी प्रकार सामान्य सरसों बीज अंतर्गत 121 ह्व बीज के सापेक्ष 13 ह्व बीज की बुकिंग पूर्ण हो चुकी है । गेहूं बीज में 18000 कुं के सापेक्ष मात्र 7332 कु बीज की बुकिंग हुई है । जिला कृषि अधिकारी, लखीमपुर खीरी द्वारा कृषक भाइयों को सूचित किया गया है कि जो किसान अनुदान पर सरसों / गेहूं बीज ब निशुल्क सरसों मिनी किट प्राप्त करना चाहते हैं, वे विभागीय पोर्टल https://upagriculture.gov.in पर अपनी बुकिंग शीघ्र पूर्ण कर लें। जिन कृषकों द्वारा पूर्व में बुकिंग की जा चुकी है, वे संबंधित राजकीय कृषि बीज भंडार से अपनी बुकिंग के अनुसार बीज मिनी किट प्राप्त करना सुनिश्चित करें। कृषकों की सुविधा हेतु राजकीय कृषि बीज भंडार आगामी दो दिनों तक पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार खुले रहेंगे, जिससे पात्र कृषक अपनी बीज मिनी किट प्राप्त कर सकें।

# विकास की नई पहचान बनेगा खीरी, काशी की तर्ज पर संवरेगा गोला शिव कॉरिडोर

## राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री बोले- विकास के साथ पारदर्शिता और जवाबदेही भी जरूरी

- जन सूचना अधिकारियों को नसीहत, 30 दिन में दें सूचना आवेदकों की समस्याओं के समाधान में भी करें सहयोग

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



धार्मिक आस्था, औद्योगिक संभावनाओं और बेहतर कनेक्टिविटी के संग लखीमपुर खीरी विकास की नई इबारत लिखने की ओर अग्रसर है। काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर गोला गोकर्णनाथ में प्रस्तावित भव्य शिव मंदिर कॉरिडोर जनपद को धार्मिक पर्यटन के नए मानचित्र पर स्थापित करने की क्षमता रखता है। यह बात राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने शुक्रवार को एलआरपी स्थित निरीक्षण गृह में जन सूचना अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जनपद के समग्र विकास में प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही की भी उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका है। जन सूचना अधिकारी इस व्यवस्था की अहम कड़ी हैं और उन्हें अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद में सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य कराए जा रहे हैं। गोला क्षेत्र में देश का पहला पीएलए प्लांट और नया प्लास्टिक पार्क स्थापित करने की पहल औद्योगिक विकास को नई दिशा देगी। वहीं पलिया को बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए एयरपोर्ट एवं विमान सेवाओं को आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जनजातीय समुदाय सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना भी समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**सूचना देना केवल औपचारिकता नहीं, जिम्मेदारी भी:** बैठक में राज्य सूचना आयुक्त ने जन सूचना अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदकों को निर्धारित 30 दिनों की समयसीमा में सूचना उपलब्ध कराई जाए। केवल सूचना देने तक ही सीमित न रहें, बल्कि आवेदकों की समस्याओं के समाधान में भी यथासंभव सहयोग करें। पारदर्शी प्रशासन ही सुशासन की मजबूत नींव है और प्रत्येक अधिकारी को जनहित के प्रति जवाबदेह रहना चाहिए। इस दौरान तहसीलदार (न्यायिक) सुरेंद्र कुमार यादव एवं नायब तहसीलदार अश्वनी कुमार उपस्थित रहे।

# थरबरनगंज नाला निर्माण अधर में लटका, नगर पालिका परिषद लखीमपुर की घोर लापरवाही

- भीषण गन्दगी व मच्छर बाइट की वजह से आज अचानक एक डेढ़ साल के बच्चे की मौत

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर-खीरी।



मुस्तफा वकील के घर से, राशिद वार्ड मेम्बर के घर तक लगभग 200 मीटर का नाला 6 महीने से ज्यादा समय बीतने के बाद भी, नहीं बन सका है। नगर पालिका न ही फागिंग कराती है, न ही सफाई व्यवस्था कराती है। थरबरनगंज वासियों को भंयकर गन्दगी में, नगर पालिका परिषद लखीमपुर की लापरवाही से गुज़ारनी पड़ रही है। भीषण गन्दगी की वजह से शाहरुख का डेढ़ साल का बच्चा भी मच्छर जनित बुखार से मौत के मुंह में चला गया। इस से पहले भी, यहां पर वायरल फीवर से कई मौतें हो चुकी हैं।

# छठ महापर्व की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन, सेठघाट पहुंचे डीएम ने परखी व्यवस्थाएं

- श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए उल्ल नदी में नाव से होगी निगरानी, मगरमच्छ व अन्य जलीय जीवों पर रखी जाएगी नजर
- पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा में न रहे कोई कमी: डीएम

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



लोक आस्था, आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पर्व के सकुशल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर शुक्रवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने शहर के सेठघाट पहुंचकर तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियों का पुनः परीक्षण कर लें, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएम ने घाट की साफ-सफाई, पूजन स्थल की व्यवस्था, नदी में सुरक्षित दूरी तक बैरिकेडिंग तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े अन्य इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने छठ पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं संरक्षक से संवाद कर तैयारियों की जानकारी भी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि छठ महापर्व श्रद्धा और आस्था का विशेष पर्व है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होते हैं, लिहाजा सभी संबंधित विभाग पूरी जिम्मेदारी और आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**उल्ल नदी में नाव से निगरानी करेगी वन विभाग की टीम:** छठ पूजा के दौरान नदी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए उल्ल नदी में वन विभाग की टीम नाव के माध्यम से निगरानी करेगी। टीम नदी क्षेत्र में मगरमच्छ एवं अन्य जलीय जीवों की गतिविधियों पर नजर रखेगी, ताकि श्रद्धालु निर्भय होकर पर्व से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर सकें। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को पूरी सतर्कता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलवा राजू आर, बीडीओ संदीप कुमार, अवर अभियंता नगर पालिका परिषद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय शिविर 16-17 को सीएमओ आफिस में: सृष्टि



शाहजहांपुर। कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनान्तर्गत जिन दिव्यांगजनों को कैलीपर्स, बनावटी हाथ, पैर आदि लगवाना है, वह लोग 16 से 17 नवम्बर को पुराने जिला चिकित्सालय कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी के परिसर में कार्यालय, भारतीय रेडकास सोसाइटी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन अधिकारी सृष्टि जायसवाल ने बताया कि इच्छुक दिव्यांगजन जिन्हें कैलीपर्स, बनावटी हाथ व पैर लगवाना है। वह लोग निर्धारित तिथि में सुबह 10 बजे से उपस्थित होकर योजना का लाभ उठा सकते है। पात्रता के लिए 1 फोटो, आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र व मोबाइल नम्बर साथ में लाएं।

## सूचना

मैं PHULAMANI HANSDAH, आधार नं. 3448 1587 4012, पत्नी JC-563157X Rank-NB/SUB, LUDHIYA MURMU, निवासी AT-TADKI SOLE, PO-BUDHIKHAMARI, VIA-K.C.PUR, DIST-MAYURBHANJ, STATE-ODISHA, PIN-757029 के सैन्य दस्तावेज में मेरी जन्मतिथि 02.07.1984 व PHULAMANI MURMU उक्तिवश गलत अंकित हो गया है, जबकि वास्तविक सही जन्मतिथि 02.06.1991 व सही नाम PHULAMANI HANSDAH है। भविष्य में इसी नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाये।

## विदेशी पत्रकार के भारत आने पर रोक



नॉर्वे की पत्रकार हेले लिंग एक बार फिर चर्चा में हैं। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार द्वारा हैदराबाद में 13 और 14 नवंबर को आयोजित भारत समिट में देश और दुनिया की कई जानी-मानी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है और अलग-अलग विषयों पर उनके भाषण या व्याख्यान हैं। हेले लिंग को इस समिट में श्मीडिया के भविष्य और प्रेस की आजादीश् पर एक पैनलिस्ट के तौर पर शामिल होना था। लेकिन सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए हेले लिंग ने जानकारी दी कि उनके एयरपोर्ट निकलने से 10 मिनट पहले नार्वे स्थित भारतीय दूतावास ने उन्हें जानकारी दी कि उनका वीजा रद्द किया जाता है और वे अब भारत नहीं जा सकती है। हेले लिंग ने इस पूरे मामले में गृहमंत्री अमित शाह पर सवाल उठाए हैं, क्योंकि उन्हें गृह मंत्रालय के निर्देश पर ही भारत आने से रोका गया है। हेले लिंग ने अपने वीडियो में अनुमान लगाया है कि इस साल मई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नार्वे यात्रा के दौरान उन्होंने मोदी से प्रेस की आजादी से जुड़े सवाल किए थे, क्या इसी वजह से उनकी यात्रा रोकी गई है या फिर जून-जुलाई में कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के समर्थन में उन्होंने संपादकीय लेख लिखे, इस वजह से मोदी सरकार ने उनका वीजा रद्द किया है या सीजेपी के अभिजित दिपके का इंटरव्यू हेले लिंग ने लिया है, यह बात मोदी सरकार को नागवार गुजरी है। अपने वीडियो में हेले लिंग ने यह भी कहा है कि अमित शाह अब गेंद आपके पाले में है। लिंग ने अमित शाह से मामले में हस्तक्षेप करने और उन्हें भारत आने की अनुमति देने की अपील की। उन्होंने कहा कि समिट में उनके बोलने का कार्यक्रम 48 घंटे बाद है और वह अगली उपलब्ध उड़ान से हैदराबाद पहुंच सकती हैं। फिलहाल इस पूरे प्रकरण में अमित शाह, गृह मंत्रालय या विदेश मंत्रालय की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। शायद हेले लिंग उनकी नजर में इतनी अहमियत नहीं रखतीं कि उनकी पोस्ट में उठाए सवालों का जवाब दें, या फिर हेले लिंग एक पत्रकार के तौर पर मोदी सरकार को अब इतना डराती हैं कि उन्हें भारत आने से ही रोक दिया गया है। असलियत जो भी हो, इतना तो तय है कि हेले लिंग को आने से रोककर मोदी सरकार ने अपना ही नुकसान करवाया है। अगर वे तेलंगाना आतीं और अंग्रेजी में अपना भाषण देतीं, तो उस पर सीमित चर्चा ही होती, क्योंकि एक राज्य के कार्यक्रम में किसी वक्ता ने क्या कहा है, इस पर कम लोगों का ही ध्यान जाता। लेकिन अब मोदी सरकार के डर के कारण यह मुद्दा वैश्विक स्तर पर चर्चा में आ गया है। हेले लिंग को रोकना महज स्वतंत्र पत्रकारिता पर अंकुश लगाने का प्रयास नहीं माना जाएगा, यह विदेशी मीडिया में मोदी की नकारात्मक छवि बनाएगा। देश में तो मीडिया का बड़ा हिस्सा उनके मालिकान के कारण मैनेज किया जा चुका है, लेकिन यूरोप और अमेरिका में मीडिया की स्वतंत्रता और साख अब भी कायम है। हेले लिंग को हैदराबाद के मंच से जो बातें कहनी थीं अगर वे नॉर्वे में बैठकर ही सोशल मीडिया के जरिए कहें तो अब दुनिया और गौर से उनकी बात सुनेगी। हेले लिंग मीडिया के भविष्य और प्रेस की आजादी के साथ अब यह भी दुनिया को बताएंगी कि कैसे उनकी आवाज को मोदी सरकार ने रोकने की कोशिश की। क्योंकि उन्होंने कहा है कि प्रेस की आजादी और लोकतंत्र की मजबूती आपस में जुड़े हुए हैं। उनकी इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि भारत में हम लगातार देख रहे हैं कि किस तरह प्रेस की आजादी, अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार पर अंकुश लगाने की कोशिशें हो रही हैं। प्रधानमंत्री प्रेस कांफ्रेंस नहीं करते यह एक शर्मनाक तथ्य है। इससे पहले जितने भी प्रधानमंत्री हुए, सबमें कोई न कोई खामी रही, उनके फैसलों पर उंगलियां उठीं, जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ा और अखबारों-चौनलों में उन पर नकारात्मक खबरें चलाई गई। लेकिन बावजूद इसके कभी किसी प्रधानमंत्री ने इतने लंबे अर्से तक प्रेस को सीधे सवाल नहीं पूछने दिए। मोदी ने तो अपना बचाव करने के लिए धन और सत्ता की शक्ति के दम पर पत्रकारिता की स्वतंत्रता को कुचलने की कोशिश की ही है, इसके लिए वे पत्रकार और मीडिया मालिक भी उतने ही जिम्मेदार हैं, जो करोड़ों की कमाई और अन्य लाभ के लिए अपने पेशे से बेईमान करने से नहीं हिचके। जब मई में हेले लिंग ने प्रधानमंत्री मोदी से इतना ही पूछा था कि आप प्रेस से सवाल क्यों नहीं लेते, तो उस पर भारत में बैठे पिट्ठूपत्रकारों ने हाय तौबा मचाई थी। हेले लिंग को चौनल पर बुलाकर उनसे अपमानजनक तरीके से सवाल-जवाब किए गए, उनके भारत संबंधी ज्ञान पर सवाल उठाए गए। मानो लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री से सवाल कर उन्होंने कोई बड़ा गुनाह कर दिया हो। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तब भी मोदी सरकार की किरकिरी हुई थी और अब फिर से वही मौका सरकार ने खुद दे दिया है। वैसे हेले लिंग ने अब अमित शाह पर जिम्मेदारी डाली है कि वे उन्हें भारत आने की इजाजत दें, देखना होगा कि अमित शाह क्या फैसला लेते हैं।

# सुवेंदु सरकार की नई औद्योगिक नीति का स्वागत, लेकिन क्रियान्वयन सबसे महत्वपूर्ण

**कुणाल बोस**



इस सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता कि पश्चिम बंगाल पर इतिहास का बोझ आज भी भारी है। इस पिछड़े राज्य के संदर्भ में, कार्लमार्क्स के श्द एटीनथब्रुमेयर ऑफ लुई बोनापार्टश् से एक उद्धरण देना उचित होगारू श्बीती पीढ़ियों की परंपराएं जीवित लोगों के दिमाग पर एक बुरे सपने की तरह हावी रहती हैं।श् इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि वाम मोर्चा के लंबे शासन और उसके बाद तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्षों के कार्यकाल में, पश्चिम बंगाल कभी भी औद्योगिक निवेशकृखासकर बड़े उद्योगोंकृके लिए सही माहौल नहीं बना पाया। दोहराते हुए कहें तो, वाम मोर्चा के शासनकाल में जहां बड़े भारतीय औद्योगिक घरानों और विदेशी पूंजी को सत्ता में बैठे लोगों की नजरों में संदेह की दृष्टि से देखा जाता था, वहीं उग्र ट्रेड यूनियन गतिविधियां निवेश में बाधा बनी रहीं। इसके बाद तृणमूल के शासन में निवेश और कामकाज का माहौल और भी खराब हो गया, जहां जबरन वसूली और गुंडागर्दी का बोलबाला रहा। एक उदाहरणरू 2008 में, जब वाम मोर्चा सत्ता में था, तब जेएसडब्ल्यू ने पश्चिम मेदिनीपुर के सालबोनी में एक बहुत बड़ी स्टील मिल लगाने के लिए लगभग 4,300 एकड़ जमीन हासिल की थी। लेकिन यह परियोजना कभी शुरू नहीं हो सकी, क्योंकि कंपनी ओडिशा से लौह अयस्क की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं कर पाई। परिस्थितियां ऐसी रहीं कि यह समूह मुश्किलों में घिर गयाकृउग्रवादियों की धमकियां, किसानों के विरोध-प्रदर्शन, और स्थानीय गुंडों द्वारा पैसे की मांग तथा सामान की आपूर्ति के ठेकों के लिए दबाव। ये सब वाम मोर्चा के अंतिम वर्षों और तृणमूल शासन, दोनों के दौरान हुआ। लेकिन, पिछली दो सरकारों के ये बुरे सपने आज की भाजपा राज्य सरकार को क्यों परेशान कर रहे हैं? कहा जाता है कि व्यापारिक घरानों की याददाश्त बहुत तेज होती है। किसी राज्य में श्ग्रीनफील्डश् (नई) परियोजना में पूंजी लगाने या पहले से चल रही किसी इकाई में बड़ा निवेश करने के लिए, उनके लिए एक महत्वपूर्ण पैमाना यह होता है कि वहां प्रबंधन का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित हो। दुर्भाग्य से, पश्चिम बंगाल - जो कभी मारवाड़ी पूंजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए पसंदीदा जगह हुआ करता था- वहां 1960 से 1980 के दशक के बीच कई बड़े औद्योगिक घरानों (जैसे बिड़ला, सिंघानिया, थापर) और कंपनियों (जैसे ब्रिटानिया, फिलिप्स) ने राज्य छोड़ दिया। इसके कारण भी अच्छी तरह से दर्ज हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि ज्योति बसु 23 साल से भी ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रहे। देश के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ उनकी अच्छी दोस्ती थी और वे उनका सम्मान भी करते थे, फिर भी बसु राज्य की औद्योगिक स्थिति में आ रही लगातार गिरावट को रोक नहीं पाए। बाहरी दुनिया को यह पता नहीं है कि किस बात ने बसु को सुधार के कदम उठाने से रोका। संभव है कि मार्क्सवादी पार्टी - जिसकी हर मामले में अंतिम राय होती है- ने बसु को इस गिरावट को रोकने के लिए पूरी छूट न दी हो। कारण चाहे जो भी रहा हो, पश्चिम बंगाल आज भी औद्योगिक और उपभोक्ता उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार है, और यहां से पूर्वोत्तर (नॉर्थ-ईस्ट) और उसके आगे के क्षेत्रों तक पहुंच भी मिलती है। इसलिए, पिछली दो सरकारों के दौरान आयोजित निवेशक सम्मेलनों में देश भर के व्यवसायी आते थे और निवेश का वादा करते थे। लेकिन ये वादे ज्यादातर कागजों तक ही सीमित रह गए और कभी जमीन पर नहीं उतरे। क्या मई 2026 में सुवेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने के बाद हालात बदले हैं? उनके पास 294 सदस्यों वाली विधानसभा में 209 भाजपा विधायकों का समर्थन है। एक कहावत है कि असली परख इस्तेमाल करने पर ही होती है। वर्तमान मुख्यमंत्री से पहले के तीन मुख्यमंत्रियों- ज्योति बसु, बुद्धदेव भट्टाचार्य और ममता बनर्जी- के कार्यकाल में बड़े उद्योगों में भारी निवेश के ढेरों वादे किए गए थे, और इसका नतीजा सबके सामने है। डॉ. बी.सी. रॉय के बाद की हर सरकार को इस बात के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है कि देश के कुल औद्योगिक उत्पादन में पश्चिम बंगाल की हिस्सेदारी आजादी के तुरंत बाद लगभग 30 प्रतिशत थी, जो अब गिरकर लगभग 3.5 प्रतिशत रह गई है। पिछले कुछ दशकों में, कभी मशहूर रही कई इकाइयां एक-एक करके घाटे में चली गईं और अंततरू बंद हो गईं। इनके बंद होने या ऐसी हालत में पहुंच जाने जहां से सुधार मुमकिन न हो, इसके कई कारण थे। इनमें शामिल हैं- गलत हाथों में जाना, खराब प्रबंधन, उत्पादों का पुराना हो जाना या बहुत महंगा पड़ना, और आधुनिकीकरण में कोई निवेश न करना। सरकार का उग्र ट्रेड यूनियनों की गतिविधियों को अनदेखा करना भी निवेश के माहौल को खराब करने का एक बड़ा कारण रहा। पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जड़ें होने के बावजूद, फिलिप्स का अब यहां कोई मैन्युफैक्चरिंग प्लांट नहीं है। मेटल बॉक्स बहुत पहले ही खत्म हो गया। ब्रिटानिया, जिसने यहां अपना बड़ा साम्राज्य खड़ा किया था, उसने भी कलकत्ता में अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट बंद कर दी। इसी तरह, कई बड़े केंद्रीय और राज्य उपक्रम भी यहां से चले गए, और अपने पीछे काफी मात्रा में ऐसी जमीन छोड़ गए जिसका कोई इस्तेमाल नहीं हो रहा है। राज्य में बहुत बड़ी औद्योगिक इकाइयां न लग पाने का एक बड़ा कारण यह है कि यहां सैकड़ों एकड़ की बड़ी जमीन के टुकड़े आसानी से उपलब्ध नहीं हैं।

अच्छी बात यह है कि राज्य प्रशासन अब ऐसी जमीन को वापस लेने की पहल कर रहा है जो बंद हो चुकी इकाइयों के पास बेकार पड़ी है। इनमें दुर्गापुर की एमएएमसी और हल्दिया की हिंदुस्तान फर्टिलाइजर जैसी इकाइयां शामिल हैं - जो दोनों ही केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं। चूंकि केंद्र और पश्चिम बंगाल में एक ही पार्टी की सरकार है, इसलिए नई इकाइयों को बसाने के लिए खाली पड़ी जमीन को हासिल करना कोई बड़ी समस्या नहीं होनी चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि स्थानीय सरकार के लिए उन सरकारी इकाइयों की जमीन वापस लेना आसान होगा, जो बंद हो चुकी हैं या घाटे में चल रही हैं। इस तरह से कुछ हजार एकड़ जमीन खाली हो जाएगी, जिसका इस्तेमाल आधुनिक और बड़ी औद्योगिक इकाइयों को बसाने के लिए किया जा सकता है। अंबानी, अडानी और अनिल अग्रवाल जैसे उद्योगपतियों ने सुवेंदु अधिकारी से मुलाकात की है और पश्चिम बंगाल में बड़े निवेश का वादा किया है, जहां लंबे समय से पूंजी की कमी रही है। निवेश आने के लिए एक जरूरी शर्त यह है कि बड़े टुकड़ों में जमीन उपलब्ध हो, जिसे हासिल करने पर कोई कानूनी विवाद या सामाजिक टकराव न हो। नीति आयोग के उपाध्यक्ष और जाने-माने अर्थशास्त्री अशोक कुमार लाहिरी का कहना है कि राज्य प्रशासन को उद्योगों के लिए जमीन हासिल करने पर विचार करना चाहिए, भले ही उस पर अभी खेती हो रही हो। उनके अनुसार, रोजगार के संकट से निपटने के लिए राज्य में कुछ बड़े उद्योगों का होना जरूरी है। इस बात से संतुष्ट नहीं होना चाहिए कि पश्चिम बंगाल में बेरोजगारी की दर राष्ट्रीय औसत से कम है। राज्य में अच्छे रोजगार की कमी है, जिसके कारण प्रतिभाशाली लोग दूसरे शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं, जहां उन्हें बेहतर अवसर मिल जाते हैं। इसके अलावा, अपने राज्य में काम न मिलने की वजह से 20 लाख से ज्यादा मजदूरकृजिनमें से ज्यादातर उत्तरी बंगाल के जिलों से हैंकृदेश के अन्य हिस्सों और विदेशों में काम करने के लिए चले जाते हैं। राज्य की आबादी 10 करोड़ से ज्यादा है और यहां प्रति वर्ग किलोमीटर जनसंख्या घनत्व भी बहुत अधिक है। भाजपा प्रशासन राज्य में उद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए देश के अन्य हिस्सों के बड़े व्यापारिक घरानों से निजी निवेश लाने को लेकर गंभीर नजर आता है। इस कोशिश में, सरकार जमीन मालिकों से सीधे जमीन खरीदकर एक लैंड बैंक (जमीन का भंडार) बनाने की इच्छुक है। साथ ही, वह संभावित निवेशकों को भी जमीन हासिल करने की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। लेकिन राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जमीन मालिकों को उनकी संपत्ति के बदले सही दाम मिले। कुछ राज्यों के पास तो पहले से ही बहुत बड़े श्लैंड बैंकश् मौजूद हैं। निवेशकों के पास निवेश करने के लिए कई विकल्प हैं। इसलिए, सिर्फ गंभीर होना ही काफी नहीं होगा। निवेश पाने की होड़ में पश्चिम बंगाल को हर कदम पर अन्य राज्यों के बराबर खड़ा होना पड़ेगा।

# हिंदू समाज के आत्मबोध, सांस्कृतिक पुर्नजागरण और भारतीय राष्ट्रचेतना के सशक्त विचार-स्तंभ

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

क्या एक व्यक्ति अपने जीवन की पूरी ऊर्जा किसी ऐसे उद्देश्य के लिए समर्पित कर सकता है, जिसका प्रतिफल उसे व्यक्तिगत प्रतिष्ठा, सत्ता अथवा संपत्ति के रूप में कभी प्राप्त न हो? क्या कोई व्यक्ति अपनी विद्वत्ता, प्रतिभा, लेखनी और संगठनात्मक क्षमता को एक व्यापक राष्ट्रीय संकल्प का माध्यम बना सकता है? इन प्रश्नों का उत्तर तलाशना हो तो होंगसन्द्र वेंकटरमैया शेषाद्रि के जीवन को पढ़ना और समझना होगा, जिन्हें हजारों स्वयंसेवक स्नेह और सम्मान से शेषाद्रि जी कहते थे। उनका जीवन बताता है कि राष्ट्र के लिए समर्पण जीवन जीने की एक ऐसी साधना है, जिसमें व्यक्ति अपने निजी सुख, महत्वाकांक्षा और सुविधाओं से ऊपर उठकर समाज के भविष्य के लिए स्वयं को समर्पित कर देता है।

बेंगलुरु में जन्मे शेषाद्रि जी की जन्मशताब्दी (वर्ष 2026) इस साल मनाई जा रही है। यह अवसर उस विचार-साधना, बौद्धिक परिश्रम और संगठनात्मक तपस्या को समझने का अवसर है, जिसने भारतीय सांस्कृतिक चेतना, हिंदू समाज के संगठन और राष्ट्रीय अस्मिता से जुड़े प्रश्नों पर कई दशकों तक विमर्श को प्रभावित किया।

शेषाद्रि जी अकसर एक बात कहा करते थे, किसी राष्ट्र का पुनरुत्थान उसके समाज के आत्मबोध से प्रारंभ होता है। भारत की पहचान, उनकी वैचारिक दृष्टि में, उसकी सनातन सांस्कृतिक परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और हिंदू जीवनदृष्टि से गहराई से जुड़ी हुई है। इस विचार को समझने के लिए हिन्दू जीवन के साथ उनके साहित्य का अध्ययन भी आवश्यक है। शेषाद्रि जी की प्रतिभा का परिचय उनके विद्यार्थी जीवन से ही मिलने लगता है। उन्होंने मैसूर विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में एमएससी की उपाधि स्वर्ण पदक के साथ प्राप्त की। सामान्य परिस्थितियों में उनके सामने विश्वविद्यालय, अनुसंधान और प्रतिष्ठित पेशेवर जीवन के अनेक अवसर उपलब्ध थे, परंतु उन्होंने अपने जीवन की दिशा अलग चुनी। वर्ष 1946 में वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक प्रचारक बन गए। इस निर्णय के साथ उनका व्यक्तिगत जीवन राष्ट्रकार्य की साधना में समाहित हो गया। इस निर्णय को समझने के लिए उस समय के भारत को समझना होगा। देश स्वतंत्रता की ओर बढ़ रहा था। विभाजन की आशंकाएं गहरी हो रही थीं। समाज जाति, भाषा, क्षेत्र और धार्मिक पहचान के आधार पर अनेक अंतर्विरोधों से गुजर रहा था। औपनिवेशिक शासन ने भारतीय इतिहास, शिक्षा और सांस्कृतिक परंपराओं की व्याख्या को भी प्रभावित किया था। ऐसे वातावरण में शेषाद्रि जी ने संगठन को सामाजिक जागरण और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के माध्यम के रूप में देखा। उनकी दृष्टि में भारत की राष्ट्रीयता का आधार उसकी भौगोलिक सीमाओं के साथ-साथ हजारों वर्षों में विकसित हुई सांस्कृतिक एकात्मता भी थी, इसीलिए हिंदू समाज के इस संगठन को वे भारत की सांस्कृतिक निरंतरता और राष्ट्रीय जीवन की मजबूती से जोड़कर देखते थे। उनका जीवन एक महत्वपूर्ण प्रश्न सामने रखता है, वह यह कि प्रतिभा का सर्वोच्च उपयोग किसमें है? व्यक्तिगत उपलब्धियों में अथवा समाज और राष्ट्र के लिए अपनी क्षमताओं को समर्पित करने में? शेषाद्रि जी ने अपने आचरण से इसका उत्तर दिया। वर्ष 1960 से 1980 तक उन्होंने अविभाजित कर्नाटक के प्रांत प्रचारक के रूप में दायित्व निभाया। यह काल संघ के लिए संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक चुनौतियों के लिहाज से महत्वपूर्ण था। आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों पर प्रतिबंध, संघ पर प्रतिबंध और उसके कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारियों ने संगठन के सामने गंभीर परिस्थितियां खड़ी कीं। शेषाद्रि जी ने कठिन परिस्थितियों में संगठनात्मक संपर्क, कार्यकर्ताओं के मनोबल और सामाजिक संवाद को बनाए रखने का प्रयास किया। उनके व्यक्तित्व की विशेषता थी कि वे संगठनात्मक कार्य को बौद्धिक तैयारी से जोड़ते थे। वे जानते थे कि किसी समाज को लंबे समय तक प्रभावित करने के लिए शाखा, संपर्क और सेवा गतिविधियों के साथ विचार और साहित्य की भी आवश्यकता होती है। उनके लिए लेखन सामाजिक संवाद का माध्यम था। कन्नड़ भाषा में उनकी लेखनी ने स्थानीय समाज के बीच भारतीय इतिहास, सांस्कृतिक परंपरा और समकालीन चुनौतियों पर विमर्श को आगे बढ़ाया। उनके विचार अंग्रेजी और हिंदी पाठकों तक भी पहुंचे। 1980 में उन्हें दक्षिण क्षेत्र का क्षेत्र प्रचारक बनाया गया। इसके अंतर्गत कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल में संगठनात्मक समन्वय का दायित्व आया। वर्ष 1987 में वे संघ के अखिल भारतीय सरकार्यवाह बने। उन्होंने लगभग नौ वर्ष तक यह दायित्व निभाया। इसके बाद स्वास्थ्यगत परिस्थितियों में अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख के रूप में कार्य किया। 14 अगस्त 2005 को बेंगलुरु स्थित केशव कृपा में उनका निधन हुआ।

विभाजन की त्रासदी और इतिहास को देखने की अलग दृष्टि शेषाद्रि जी के बौद्धिक योगदान को समझने के लिए उनकी पुस्तक द ट्रैजिक स्टोरी ऑफ पार्टिशन÷ का उल्लेख आवश्यक है। भारत विभाजन पर लिखी गई यह पुस्तक उनके ऐतिहासिक चिंतन का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसका प्रथम अंग्रेजी संस्करण 1982 में बेंगलुरु के जागरण प्रकाशन से प्रकाशित हुआ था। पुस्तक में 1947 के विभाजन तक पहुंचने वाली राजनीतिक घटनाओं, मुस्लिम लीग की पृथकतावादी राजनीति, कांग्रेस के निर्णयों और उस समय के सामाजिक-राजनीतिक वातावरण का विश्लेषण किया गया है। पुस्तक के प्रथम संस्करण में 278 पृष्ठ हैं। इस पुस्तक के प्रारंभिक पृष्ठों में शेषाद्रि जी भारत की ऐतिहासिक एकता को एक सांस्कृतिक अवधारणा के रूप में प्रस्तुत करते हैं। उनका विचार है कि भारत की एकता उसकी प्रकृति और राष्ट्रीय आत्मा से अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। इसमें वे लिखते हैं, ÷भारत की एकता उसकी प्रकृति में इतनी मूलभूत और उसकी गहराइयों में इतनी उदात्त है कि वह उसकी राष्ट्रीय आत्मा का अविभाज्य अंग बन जाती है।÷ (एच.वी. शेषाद्रि, द ट्रैजिक स्टोरी ऑफ पार्टिशन, पृष्ठ 9, जागरण प्रकाशन, बेंगलुरु, 1982)

वस्तुतः यह विचार उनके राष्ट्रबोध की बुनियाद को समझने में सहायता करता है। उनके लिए भारत की पहचान सत्ता परिवर्तन से निर्मित होने वाली अवधारणा नहीं थी। वह एक ऐसी सांस्कृतिक यात्रा थी, जिसमें पीढ़ियों का अनुभव, तीर्थ परंपराएं, दर्शन, साहित्य, भाषा और जीवनमूल्य एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। पुस्तक के पृष्ठ 12 पर विभाजन के संबंध में वे लिखते हैं कि 1947 में देश के विभाजन ने मातृभूमि के कुछ हिस्सों पर अलग राजनीतिक अधिकार को स्वीकार करने की स्थिति उत्पन्न की। उनके विश्लेषण में विभाजन स्वतंत्रता के साथ जुड़ी एक ऐसी ऐतिहासिक त्रासदी थी, जिसकी राजनीतिक और सांस्कृतिक परिणतियों पर गंभीर विमर्श आवश्यक था। उनके इस निष्कर्ष से सहमति अथवा असहमति का अपना ऐतिहासिक आधार हो सकता है। महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने विभाजन को घटनाओं के क्रम से आगे बढ़ाकर राष्ट्रीय मनोविज्ञान, नेतृत्व के निर्णयों और समाज की संगठनात्मक कमजोरियों के संदर्भ में देखने का प्रयास किया। पुस्तक के पृष्ठ 51 पर कांग्रेस की तत्कालीन राजनीतिक दिशा की आलोचना करते हुए उन्होंने लिखा कि एक राष्ट्रीय संगठन का दायित्व समूचे राष्ट्र के हितों और अखंडता के प्रति दृढ़ रहना है। किसी भी वर्ग के दबाव के आगे उसे अपने राष्ट्रीय दायित्व से विचलित नहीं होना चाहिए। (द ट्रैजिक स्टोरी ऑफ पार्टिशन, पृष्ठ 51, जागरण प्रकाशन, 1982)। यहां शेषाद्रि जी की लेखन पद्धति का एक पक्ष सामने आता है। वे किसी घटना का वर्णन करके आगे नहीं बढ़ते, उसके पीछे काम कर रही राजनीतिक मानसिकता और वैचारिक प्रवृत्तियों की पड़ताल करते हैं। धर्मांतरण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पहचान शेषाद्रि जी के लेखन का एक महत्वपूर्ण विषय धार्मिक पहचान और धर्मांतरण से जुड़े प्रश्न थे। वर्ष 1981 में तमिलनाडु के मीनाक्षीपुरम में हुए सामूहिक धर्मांतरण ने देशव्यापी चर्चा उत्पन्न की थी। इस घटना के बाद उन्होंने ÷वार्निंग ऑफ मीनाक्षीपुरम÷ नामक पुस्तक के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रिंसटन विश्वविद्यालय के डिजिटल संग्रह में इस पुस्तक का अभिलेख उपलब्ध है। उसमें लेखक के रूप में एच.वी. शेषाद्रि और प्रकाशक के रूप में बेंगलुरु स्थित जागरण प्रकाशन का उल्लेख है। उनकी चिंता का केंद्र हिंदू समाज के भीतर व्याप्त सामाजिक विषमता और उसके कारण उत्पन्न होने वाली दूरी भी थी। उनकी दृष्टि में जातिगत भेदभाव और सामाजिक असमानता समाज की एकता को कमजोर करते हैं, इसलिए हिंदू समाज के संगठन की चर्चा करते समय सामाजिक समरसता को केंद्रीय स्थान मिलना चाहिए।

# विभाजन की राजनीति पर जिंदगी से जुड़े मुद्दे भारी पड़े

**राजेश पांडेय**

अभी हाल कुछ देशों में हुए चुनावों ने नफरत और भेदभाव की राजनीति के खिलाफ स्पष्ट संकेत दिए हैं। दक्षिणपंथी राजनीति को जबर्दस्त आघात पहुंचाया है। वोटर ने रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े मुद्दों और प्रश्नों को अहमियत दी है। उसने समाज को नस्ल, धर्म और राष्ट्रीयता के आधार पर बांटने की कोशिशों को ठुकराया है। अमेरिका, ब्राजील, सर्बिया और इजराइल के चुनाव नतीजे इन स्थितियों पर रोशनी डालते हैं। ये परिणाम भारत जैसे देश में इस तरह की राजनीति को बढ़ावा देने वालों के लिए सबक हो सकते हैं। किसी देश में लोगों ने अल्पसंख्यकों, दूसरे देशों से आए इमिग्रांट्स के विरुद्ध भावनाएं भड़काने का विरोध किया है तो कहीं बेरोजगारी, महंगाई और रहन-सहन के बढ़ते खर्च पर गुस्सा जताया गया है। असंतोष की लहर को युवाओं ने भी आगे बढ़ाया है। दुनिया खासकर लोकतांत्रिक देशों की राजनीतिक,आर्थिक स्थिति पर अमेरिका का बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ता है। इस संदर्भ में अमेरिकी चुनाव का वैश्विक महत्व है। वहां संसद के मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की ऐतिहासिक पराजय से सवाल उठता है, क्या विदेशियों और इमिग्रेशन की राजनीति ने वोटर पर असर डाला है? क्या शासन तंत्र में अरबपतियों के दबदबे और ईरान युद्ध ने वोटर को बेचैन किया है? मध्यावधि चुनावों में राष्ट्रपति की पार्टी को अक्सर हार का मुंह देखना पड़ता है। लेकिन, इतनी जबर्दस्त हार पहले किसी राष्ट्रपति के कार्यकाल में नहीं हुई थी। सीनेट और प्रतिनिधि सदन पर रिपब्लिकन पार्टी का नियंत्रण खत्म हो गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने 37 साल में पहली बार टेक्सास राज्य में सीनेट की कोई सीट जीती है। डेमोक्रेट अब्दुल अल सैयद ने मिशिगन से चुनाव जीतकर अमेरिका के पहले मुस्लिम सांसद होने का इतिहास बनाया है। चुनाव परिणामों का अमेरिका की फेडरल सरकार के कामकाज पर असर पड़ सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को विधेयक पारित कराने के लिए डेमोक्रेट्स पर निर्भर होना पड़ेगा। वैसे, राष्ट्रपति को असीमित अधिकार होते हैं। वे संसद से पास कानूनों को वीटो कर सकते हैं। लेकिन हर मुद्दे पर टकराव से रिपब्लिकन पार्टी की मुश्किलें बढ़ेंगी। यों भी पार्टी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का विरोध बढ़ रहा है। ट्रम्प ने नतीजों के बाद कहा कि हमें डेमोक्रेट्स का सहयोग लेना पड़ेगा। वे स्वीकार करते हैं, उनकी सरकार द्वारा दूसरे देशों से आए इमिग्रांट्स पर सख्ती को लोगों ने पसंद नहीं किया है। इमिग्रेशन डोनाल्ड ट्रम्प की राजनीति का मुख्य मुद्दा रहा है। वे 2016 से 2020 के बीच राष्ट्रपति रहते हुए इमिग्रांट्स के लिए मुश्किलें खड़ी करते रहे। 2024 में दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने इस मुद्दे को जीवित रखा। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मैगा) के नाम से मशहूर उनके समर्थक भी इमिग्रांट्स का विरोध करते हैं। लेकिन दो साल के भीतर लोगों ने इस मुद्दे को भुला दिया। ईरान युद्ध के कारण तेल, गैस के मूल्य तेजी से बढ़े हैं। मकान किराया सहित जीवन के लिए जरूरी अन्य चीजों की बढ़ती कीमतों ने लोगों को उद्वेलित किया। ट्रम्प इन सबसे बेखबर थे।

2024 के बाद ट्रम्प सरकार की इमिग्रेशन विरोधी एजेंसी आईसीई ने कई राज्यों में छापे मारने का कार्यक्रम चलाया। अवैध इमिग्रांट्स को देश से बाहर निकालने का आक्रामक अभियान छेड़ा गया। हालांकि इसका जमकर विरोध भी हुआ। ट्रम्प ने इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए चुनाव प्रचार में मुसलमानों के खिलाफ नफरत भड़काने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। ट्रम्प ने एक रैली में कहा, अगर डेमोक्रेट्स और अल सैयद चुनाव जीतते हैं तो वे अमेरिका में जेहादियों को ले आएंगे। लोगों का क्रिसमस मनाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी यह मुद्दा गर्म रखा। ट्रम्प के विभाजनकारी अभियान को देखते हुए अन्य रिपब्लिकन उम्मीदवारों ने भी इमिग्रांट्स और मुसलमानों को निशाना बनाया। ट्रम्प ने चुनाव से पहले कुछ राज्यों में चुनाव क्षेत्रों का सीमांकन (जेरीमांडरिंग) कराया। इससे भी अंतिम नतीजों पर फर्क नहीं पड़ा। अपार धन की ताकत भी चुनाव को प्रभावित नहीं कर सकी। रिपब्लिकन पार्टी को कई अरबपतियों ने डेमोक्रेट्स के मुकाबले ज्यादा चंदा दिया है। दुनिया के सबसे अमीर शख्स इलोन मस्क ने चार हजार करोड़ रुपए से ज्यादा लगाए। उन्होंने अकेले टेक्सास में रिपब्लिकन केन पैक्सटन के चुनाव पर दो हजार करोड़ रुपए खर्च किए। स्पेसएक्स, टेस्ला और एक्स के मालिक मस्क के टेक्सास में कई कारोबार चलते हैं। फिर भी, पैक्सटन को डेमोक्रेट जेम्स टेलेरिको ने हरा दिया। ट्रम्प ने 2024-25 में मस्क को प्रशासन तंत्र की कार्यप्रणाली सुधारने की जिम्मेदारी सौंपी थी। मस्क ने सरकारी सक्षमता विभाग (डीओजीई) के जरिये कई फैसले लिए। ज्यादा विरोध होने पर मस्क ने यह काम छोड़ दिया था। दूसरे देशों में भी ट्रम्प समर्थक नेताओं के पांव उखड़ गए हैं। ट्रम्प के सत्तारूढ़ होने से कई देशों में दक्षिणपंथी राजनीति को सहारा मिला था। संयोगवश उनमें से कुछ राजनेता अभी हाल में चुनाव हार गए हैं। मसलन सर्बिया में राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूसिक 12 साल सत्ता में रहने के बाद पराजित हुए। हंगरी में विक्टर ओर्बन पहले ही बाहर हो चुके हैं। ब्राजील में वामपंथी झुकाव रखने वाले राष्ट्रपति लुला डा सिल्वा ने फ्लावियो बोलसोनारो को हरा दिया। डॉ. सिल्वा ने चार साल पहले फ्लावियो के पिता जेयर बोलसोनारो को हराया था। ट्रम्प ने फ्लावियो का खुलकर समर्थन किया था। ट्रम्प के एक अन्य प्रमुख सहयोगी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के भी सत्ता में बने रहने की संभावनाएं कम हो गई हैं। चुनाव में उनके गठबंधन को बहुमत नहीं मिला है। वहां पूर्व सैनिक अधिकारी गादी आइजनकोट सरकार बनाने की जोड़-तोड़ में लगे हैं। राजनीतिक उथल-पुथल की हलचल कई यूरोपीय देशों में सामने आई है। फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्पेन, बेल्जियम में युवाओं, छात्रों ने आंदोलन छेड़े हैं। लेकिन फ्रांस में मेरीन ली पेन की दक्षिणपंथी नेशनल पार्टी को काफी समर्थन मिल रहा है। जर्मनी में आल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) ने चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की सरकार के सामने चुनौती खड़ी की है। यूरोप में मुख्यरूप से महंगाई और बेरोजगारी के विरूद्ध आवाज उठाई जा रही है। इधर, भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एनडीए सरकार को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। आर्थिक, सैनिक शक्ति के हिसाब से तो अमेरिका और भारत में काफी अंतर है। लेकिन, ट्रम्प की राजनीतिक प्राथमिकताओं और भारत में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में काफी समानता है। मोदी सरकार को कॉकरोच जनता पार्टी की अगुआई में हुए छात्रों के आंदोलन के सामने झुकना पड़ा है। नीट पेपर लीक के विरोध में हुआ आंदोलन शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद खत्म हुआ था। इसके बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुआई में विपक्षी दलों ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग के साथ चल रहे अभियान का निशाना मोदी सरकार भी है। चुनाव प्रक्रिया में भारी अनियमितताओं की कथा तो अनंत साबित हो रही है। चुनाव आयोग भी अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए आदेश जारी कर रहा है। इसके बावजूद अब तक किसी की जवाबदेही तय नहीं हुई है। चुनाव आयोग के बचाव में खड़ी भाजपा सवालों का जवाब देने की बजाय विपक्ष को देशद्रोही, अराजक और विदेशियों का टूलकिट घोषित कर रही है। भाजपा के सभी शीर्ष नेता कांग्रेस पर घुसपैठियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हैं। वे दावा करते हैं, एसआईआर के तहत जिन 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे गए हैं उनमें तीन करोड़ घुसपैठिये हैं। कांग्रेस इन लोगों को बचाने के लिए अभियान चला रही है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प भी डेमोक्रेटिक पार्टी पर इमिग्रांट्स को बढ़ावा देने के आरोप लगाते हैं। भाजपा की हिंदुत्व राजनीति में अल्पसंख्यकों की हैसियत दोयम दर्जे की है। उनके खिलाफ सोशल मीडिया से लेकर हर जगह घृणा फैलाने का अभियान चलाया जाता है। ट्रम्प भी अमेरिका में इमिग्रांट्स और मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाते हैं। एक और मामले में ट्रम्प और भाजपा नेतृत्व के बीच समानता है। यों तो अमेरिका पूंजीवाद का सबसे मजबूत दुर्ग है। लेकिन, ट्रम्प ने पूंजीवाद में नया अध्याय जोड़ा है। उनका प्रशासन मस्क जैसे कुछ अरबपतियों को ज्यादा तवज्जो देता है। अमेरिका में ट्रम्प के साथ मस्क हैं तो भारत में एनडीए सरकार अंबानी, अडानी और अन्य उद्योगपतियों के साथ खड़ी है। ट्रम्प सरकार और मोदी सरकार के बीच समानताएं यहां खत्म नहीं होती हैं। ट्रम्प ने वहां जैरीमांडरिंग के मार्फत कुछ चुनाव क्षेत्रों का नया सिरे से निर्धारण कराया है। इसके बावजूद ऐसे क्षेत्रों में रिपब्लिकन पार्टी हार गई। भारत सरकार भी चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन कराने जा रही है। परिसीमन पर राज्यों में हो रही बैठकों की खबरों से संकेत मिलते हैं कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में उनकी संख्या कम की जाएगी। अल्पसंख्यकों के नाम दूसरे क्षेत्रों में जोड़े जा सकते हैं। अमेरिका, यूरोप और भारत में सत्ताधारी पार्टियों के खिलाफ उमड़े आक्रोश के कारणों में काफी कुछ समानता है। हर देश की अपनी स्थितियां और कारण हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों से टोलीवार ड्रिल कराई गई और शारीरिक फिटनेस के लिए दौड़ लगवाई गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित आदेश कक्ष में अर्दली रूम (ओआर) के दौरान विभागीय अभिलेखों का निरीक्षण किया और विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया। उन्होंने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था देखी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### मेडिकोलीगल और पोस्टमार्टम की ऑनलाइन फीडिंग का दिया प्रशिक्षण

**हमीरपुर।** पुलिस लाइन स्थित सभागार में शुक्रवार को MedLEaPR पोर्टल पर मेडिकोलीगल केस (एमएलसी) और पोस्टमार्टम रिक्वेस्ट (पीएमआर) की ऑनलाइन फीडिंग को लेकर पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्यालय तकनीकी सेवाएं, लखनऊ की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण में जनपद के सभी थानों से नामित पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में सीसीटीएनएस के माध्यम से पोर्टल पर एमएलसी और पीएमआर अनुरोधों की ऑनलाइन फीडिंग की प्रक्रिया तथा तकनीकी जानकारी दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभागियों को अपने-अपने थानों में दोनों प्रक्रियाओं की शत-प्रतिशत ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान कराने को कहा।

### एक माह बाद भी शुरू नहीं हुई सरकारी धान व मोटे अनाज की खरीद

**सुमेरपुर।** सरकारी खरीद केंद्र खुले एक माह बीतने के बाद भी गल्ला मंडी में धान और ज्वार-बाजरा की खरीद शुरू नहीं हो सकी है। किसान रोजाना उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, लेकिन खरीद न होने से मायूस लौटना पड़ रहा है। मजबूरी में किसानों को निजी व्यापारियों के हाथों कम दाम पर फसल बेचनी पड़ रही है। मंडी स्थित धान और ज्वार-बाजरा खरीद केंद्रों पर कांटे खाली पड़े हैं। केंद्र प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि फसल में नमी अधिक होने के कारण खरीद नहीं हो पा रही है। किसानों की उपज में 20 से 22 प्रतिशत तक नमी मिल रही है, जबकि सरकारी मानक 17 प्रतिशत निर्धारित है। अधिक नमी होने के कारण पोर्टल पर खरीद की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। मौसम साफ होने और नमी निर्धारित मानक पर आने के बाद खरीद शुरू कराई जाएगी।

### नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू, घाटों पर उमड़ी व्रतियों की भीड़

**सुमेरपुर।** चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ हुई। व्रती महिलाओं ने गायत्री गंगा घाट और विभिन्न तालाबों में स्नान कर सात्विक भोजन ग्रहण किया और व्रत का संकल्प लिया। पहले दिन घरों में चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद तैयार किया गया। व्रतियों के साथ परिवार के अन्य सदस्यों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। व्रती महिलाओं शालू सिंह, मीरा देवी और शबनम शास्त्री ने बताया कि शनिवार को खरना होगा। रविवार को डूबते सूर्य और सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा। छठ पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक रही। बांस के सूप, टोकरी, नारियल और फलों की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुटी।

### भरत राजपूत बने भाजपा पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री नगर, क्षेत्र में हुआ स्वागत



**समथर (झांसी)।** कस्बा समथर के ग्राम बरनाया निवासी भरत राजपूत को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का क्षेत्रीय मंत्री बनाए जाने पर नगर एवं क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों में उत्साह देखने को मिला इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों ने भरत राजपूत का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। स्वागत के दौरान लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी।

### माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्मः प्रदीप जैन



**गुरसराय (झांसी)।** पत्रकार सुनील जैन डीकू के पिता शिखर चंद्र मंटू जैन के निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उनके अनुसार, जीवन की सार्थकता ईश्वर की प्राप्ति और माता-पिता की सेवा में है ।शोकसभा का संचालन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल ने किया। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष देवेश पालीवाल, पं. सुरेंद्र कुमार व्यास, मेजर अखिलेश पिपरैया, चक्रेश जैन सहित नगर के अनेक गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरसराय के पत्रकारों ने भी कुंवर राम सिंह कुमार सिंह की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित कर पत्रकार डीकू जैन के पिता के निधन पर दुख व्यक्त किया। सभा का संचालन डॉ. सुकदेव कुमार व्यास ने किया। इस मौके पर सत्य प्रकाश द्विवेदी ,अखिलेश तिवारी सुट्टा, सुनील चौहान, राजीव अरजरिया, जयप्रकाश बरसैया, शिशुपाल सिंह सरस, सोम मिश्रा, फूल सिंह परिहार सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

### 45 दिन बाद भी पांच बैटरी चोरियों का नहीं हुआ खुलासा

**गुरसराय ( झांसी)।** कस्बे में ट्रक और ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने पर पीड़ित मोहनीश अग्रवाल ने पुलिस महानिरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि 20 सितंबर 2026 की रात मोदी चौराहा रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने खड़े उनके ट्रक (UP93BT7961) से बैटरियां चोरी हो गई थीं। 21 सितंबर को थाने में शिकायत देने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद 25 सितंबर को एसएसपी से शिकायत करने पर मुकदमा दर्ज किया गया ।पीड़ित के अनुसार, 20 से 28 सितंबर के बीच ट्रक और ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी की पांच घटनाएं हुईं। आरोप है कि अन्य चार पीड़ितों की शिकायतों पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि 45 दिन से अधिक बीतने के बाद भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ है। उन्होंने सभी मामलों में मुकदमा दर्ज कर चोरियों का खुलासा करने की मांग की है।

# खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**




कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास (DMF) की शासी परिषद एवं प्रबंध समिति की संयुक्त बैठक हुई। इसमें सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी और सांसदों के प्रतिनिधियों ने विकास कार्यों से जुड़े सुझाव रखे। बैठक में वार्षिक एवं पंचवर्षीय कार्ययोजना और खनन प्रभावित क्षेत्रों में कराए जाने वाले विकास कार्यों पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि DMF निधि का उपयोग पारदर्शिता और निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाए। खनन प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

# युवा संसद में अमन गुप्ता प्रथम उज्ज्वल द्वितीय और श्रेया रहीं तृतीय

- तीनों विजेता लखनऊ विधानसभा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे जनपद का प्रतिनिधित्व

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



मेरा युवा भारत के तत्वावधान में आयोजित विकसित भारत युवा संसद-2026 में अमन गुप्ता ने प्रथम, उज्ज्वल पाठक ने द्वितीय और श्रेया सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेता अब उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय युवा संसद में हमीरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने निर्धारित विषयों पर तीन-तीन मिनट के भाषण प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन किया। सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए युवाओं से नशामुक्त समाज के निर्माण और राष्ट्र विकास में भागीदारी की अपील की। विजेताओं को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मरम्मत के लिए 15 से 25 नवंबर तक बंद रहेगा रेलवे फाटक

**सुमेरपुर।** यमुना साउथ बैंक रेलखंड पर रेलवे फाटक संख्या-39 को मरम्मत कार्य के चलते 15 से 25 नवंबर तक बंद रखा जाएगा। इस दौरान फाटक से सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर उपेंद्र कुमार ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में बताया कि ग्राम भभौरा से गहतौली और जलाला जाने वाली सड़क पर रेलवे किलोमीटर संख्या 1363/19-21 में फाटक की मरम्मत कराई जाएगी। कार्य 15 नवंबर सुबह आठ बजे से 25 नवंबर शाम छह बजे तक चलेगा। इस दौरान ग्रामीण आवागमन के लिए रेलवे फाटक संख्या-37 तथा समपार संख्या-40 और 41 का उपयोग कर सकेंगे। रेलवे ने जिलाधिकारी से मरम्मत के दौरान यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। संबंधित अधिकारियों को भी इसकी सूचना भेजी गई है।

# सनातन गौरव महोत्सव की कलशयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

- शंकराचार्य के सानिध्य में निकली यात्रा, दीवारी नृत्य बना आकर्षण

**समृद्धि न्यूज़, मौदहा (हमीरपुर)।**



कस्बे के बड़ी देवी मंदिर परिसर में आयोजित छठवें सनातन गौरव महोत्सव-2026 की शुरुआत शुक्रवार को भव्य कलशयात्रा के साथ हुई। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिलाएं सिर पर भगवा कलश लेकर चल रही थीं, जबकि गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर बुंदेलखंड का दीवारी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। कलशयात्रा बड़ी देवी मंदिर से शुरू होकर टेवन बाबा, कोतवाली गेट, थाना चौराहा, जीजीआईसी चौराहा, मली कुआं चौराहा और तहसील मार्ग होते हुए फत्तेपुर मोड़ से वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रथ पर सवार जगदुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ महाराज का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

मंदिर परिसर में 13 से 19 नवंबर तक शंकराचार्य के सानिध्य में श्रीमद्भागवत कथा और आध्यात्मिक सत्संग होगा। प्रतिदिन दोपहर दो से शाम पांच बजे तक कथा तथा सुबह आठ बजे से पादुका पूजन और दीक्षा कार्यक्रम आयोजित होंगे। 19 नवंबर को पूर्णाहुति, हवन, पूजन और भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा।

### आठ बालिका कबड्डी खिलाड़ियों का मंडल स्तरीय ट्रायल के लिए चयन

कल चित्रकूट में होगा ट्रायल, प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में चयन का मिलेगा मौका



**हमीरपुर।** राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय सीनियर बालिका कबड्डी चयन ट्रायल में जनपद की आठ खिलाड़ियों का चयन मंडल स्तरीय ट्रायल के लिए किया गया। चयनित खिलाड़ियों में तनु, रेखा, साक्षी, दुर्गा, वारिसा, प्राची, लक्ष्मी यादव और ऊषा यादव शामिल हैं। सभी खिलाड़ी 14 नवंबर को चित्रकूट में होने वाले मंडल स्तरीय ट्रायल में प्रतिभाग करेंगी। यहां चयनित खिलाड़ियों को 19 से 21 नवंबर तक अमरोहा में होने वाली प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा।

# छात्राओं को वितरित किए टोल फ्री नंबरों के पत्रक



**गुरसराय।** मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी के निर्देश पर खेर इंटर कॉलेज के बालिका विभाग में महिला कांस्टेबलों ने छात्राओं को सुरक्षा संबंधी पत्रक वितरित किए। महिला कांस्टेबल जिज्ञासा श्रीवास्तव, मानसी राजपूत और दीपशिखा यादव ने छात्राओं को कानून की विभिन्न धाराओं और साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने छात्राओं से निडर होकर पढ़ाई करने और किसी भी समस्या पर टोल फ्री नंबरों या महिला थाने में शिकायत दर्ज कराने की अपील की। इस दौरान कस्बा इंचार्ज योगेंद्र कुमार शर्मा मौजूद रहे।

# विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि ने ग्राम लावन में यात्री प्रतीक्षालय अंबेडकर द्वार व ग्राम बसोबई में यात्री प्रतीक्षालय का किया शिलान्यास

**समृद्धि न्यूज़, समथर (झांसी)।**



मोठ तहसील क्षेत्र के ग्राम लावन एवं बसोबई में विकास कार्यों को गति देते हुए यात्री प्रतीक्षालयों तथा अंबेडकर द्वार का शिलान्यास किया गया विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि आरपी निरंजन द्वारा ग्राम लावन में यात्री प्रतीक्षालय एवं अंबेडकर द्वार तथा ग्राम बसोबई में यात्री प्रतीक्षालय का विधिवत शिलान्यास किया गया।इन निर्माण कार्यों से ग्रामीणों एवं राहगीरों को आवागमन के दौरान सुविधाएं मिल सकेंगी। यात्री प्रतीक्षालय बनने से बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों को धूप और बारिश से राहत मिलेगी। वहीं अंबेडकर द्वार गांव की पहचान और गौरव का प्रतीक बनेगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने इन विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया वही गुरुदीपसिंह गुर्जर मंडल अध्यक्ष पूछ वीर प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष मोठ विकास निरंजन मंडल महामंत्री रवि पाल मंडल महामंत्री अमन बादल संजय चौधरी बृजमोहन जाटव संतोष बांधकर पूरन कुशवाहा हरीश तिवारी आत्माराम कुशवाहा मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, दोनों हाथ-पैर तोड़े, पांच पर मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में उसके दोनों हाथ और पैरों की हड्डियां टूट गईं। आरोप है कि हमलावरों ने तमंचे से फायरिंग करने की भी कोशिश की, लेकिन गोली नहीं चली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला पवा गांव का है। पीड़ित भूपेंद्र राजपूत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नौ नवंबर को उसका भाई जयविजय मकान के पीछे तालाब किनारे बंधान पर बैठा था। तभी गांव के ही हरिहर उर्फ हरिओम, सीताराम, वीरपाल, राजू उर्फ कजरा और रोहित वहां पहुंच गए। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते सभी ने जयविजय पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में उसके दोनों हाथ और पैरों की हड्डियां टूट गईं। उसे गंभीर चोटें आईं।पीड़ित के मुताबिक, मुख्य आरोपी हरिहर ने तमंचे से फायरिंग करने की कोशिश की, लेकिन गोली नहीं चली। जिससे उसकी जान बच गई। श्रीनगर थाना प्रभारी सतीश चंद्र ने शुक्रवार सुबह करीब सात बजे बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ ब्नह्स् की धारा 109(1), 115(2), 117(2), 352, 191(2), 191(3) और 3 (5) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले की जांच स्ढ्ढ प्रशांत दीक्षित को सौंपी गई है। थाना प्रभारी के मुताबिक, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# नौ दिन से लापता बुजुर्ग का शव नहर की झाड़ियों में मिला, हत्या की आशंका



**महोबा।** जिले के खन्ना थाना क्षेत्र में 9 दिन से लापता एक बुजुर्ग का शव नहर किनारे झाड़ियों में मिला। शव निर्वस्त्र था और कपड़े व चप्पल कुछ दूरी पर अलग पड़े थे। शरीर का कुछ हिस्सा गल चुका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है।सिरसीकलां मंझाथोक गांव के रहने वाले मूलचंद के बेटे दीपक ने बताया कि उनके पिता चार नवंबर को घर से यह कहकर निकले थे कि वह सिरसी में कोटेदार के पास जा रहे हैं। इसके बाद वापस नहीं लौटे। उस समय दीपक दिल्ली में थे। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी दोपहर करीब एक बजे परिजनों को सूचना मिली कि खेतों के पास नहर के नीचे एक शव पड़ा है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसकी पहचान मूलचंद के रूप में की। शव की हालत काफी खराब थी और शरीर का कुछ हिस्सा गल चुका था। उनके कपड़े और चप्पल भी अलग पड़े मिले। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया परिजनों का कहना है कि मूलचंद की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। ऐसे में उनकी मौत हादसा है या इसके पीछे कोई साजिश है, यह समझ नहीं आ रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### खाद के लिए रात तीन बजे से कतार में लगे किसान

1650 बोरी के लिए पहुंचे तीन हजार किसान, टोकन वितरण के बाद दोनों केंद्रों पर शुरु हुआ खाद वितरण, कई किसानों को लौटना पड़ा मायूस

**पनवाड़ी (महोबा)।** रबी की फसलों की बुवाई के लिए डीएपी खाद की किल्लत किसानों की परेशानी बढ़ा रही है। शुक्रवार को पनवाड़ी कस्बा स्थित पीसीएफ केंद्र और बी-पैक्स देवगनपुरा केंद्र पर खाद वितरण की सूचना मिलते ही किसान रात तीन बजे से ही डाक बंगला मैदान पहुंच गए। सुबह होते-होते किसानों की लंबी कतारें लग गईं। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में टोकन वितरण कराया गया।दोनों केंद्रों पर कुल 1650 बोरी डीएपी खाद उपलब्ध थी, जबकि खाद लेने के लिए करीब तीन हजार किसान पहुंच गए। ऐसे में खाद की उपलब्धता से अधिक किसानों की संख्या होने के कारण कई किसानों को बिना खाद लिए ही मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।पीसीएफ केंद्र प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि केंद्र पर एक हजार बोरी डीएपी खाद उपलब्ध है। शुक्रवार को डाक बंगला मैदान में प्रशासन की मौजूदगी में किसानों को टोकन वितरित किए गए। टोकन के आधार पर सभी किसानों को खाद का वितरण कराया जा रहा है। वहीं, बी-पैक्स देवगनपुरा केंद्र प्रभारी अनवर खान ने बताया कि समिति पर 650 बोरी डीएपी उपलब्ध है। सुबह से ही प्रशासन की देखरेख में डाक बंगला मैदान से टोकन वितरित किए गए। समिति के सदस्यों को दो-दो बोरी खाद दी जा रही है। इस दौरान लेखपाल ब्रजेंद्र पाल, उर्वशी सहित पनवाड़ी थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। प्रशासन की निगरानी में खाद वितरण कराया गया।

# महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि व संतान की मंगलकामना के साथ कर रही हैं कार्तिक स्नान

- महिलाओं के बीच कार्तिक स्नान को लेकर देखा जा रहा है विशेष उत्साह

**समृद्धि न्यूज़, जालौन(जालौन)।**



कार्तिक मास के पावन अवसर पर नगर में महिलाओं के बीच कार्तिक स्नान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह सूर्योदय से पूर्व ही महिलाएं स्नान कर पूजा की थाली सजाकर भगवान की आराधना के लिए पहुंच रही हैं। इस दौरान महिलाओं के समूह मंगल गीत गाते हुए भक्ति भाव से पूजन-अर्चन करते नजर आ रहे हैं। प्रातःकाल वातावरण में गूंजते पारंपरिक भजन और मंगल गीत नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत कर रहे हैं। कार्तिक मास में स्नान और पूजन का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस महीने में ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर भगवान विष्णु का स्मरण, तुलसी पूजन, दीपदान और दान-पुण्य करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की मंगलकामना और घर में सुख-शांति की कामना के साथ पूरे श्रद्धाभाव से धार्मिक अनुष्ठान कर रही हैं। कार्तिक स्नान के दौरान महिलाओं द्वारा बुंदेली लोकपरंपरा से जुड़े मंगल गीतों का गायन विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसी क्रम में महिलाएं कजरी वन ढूंढ आए, श्याम न मिले जैसे पारंपरिक भक्ति गीतों को स्वर देकर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा प्रकट कर रही हैं। गीतों के माध्यम से श्याम के प्रति विरह, प्रेम और भक्ति का भाव व्यक्त होता है। पं. अरविन्द वाजपेयी कहते हैं कि कार्तिक स्नान की यह परंपरा केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के आपसी मेलजोल, लोक संस्कृति के संरक्षण और नई पीढ़ी तक पारंपरिक संस्कार पहुंचाने का भी माध्यम है। बुजुर्ग महिलाओं से नई पीढ़ी की महिलाएं मंगल गीतों, पूजा-विधि और कार्तिक मास की कथाओं को सीख रही हैं। इससे हमारी लोकपरंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ने का कार्य भी हो रहा है। कार्तिक पूर्णिमा तक चलने वाले इस धार्मिक माहौल में स्नान, तुलसी पूजन, दीपदान, भजन-कीर्तन और दान-पुण्य के माध्यम से नगर में आध्यात्मिक चेतना का संचार हो रहा है।

# 15 को आएंगी केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**




अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल 15 नवंबर को नगर में आएंगी। उनके आगमन को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तैयारियों को फाइनल टच देना शुरु कर दिया है हैं। इस दौरान शहर में स्वागत कार्यक्रमों के साथ विशाल जनसभा व कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

पार्टी जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि केंद्रीय मंत्री के आगमन पर कानपुर रोड स्थित बुंदेलखंड द्वार, आटा टोल प्लाजा, गोविंदम होटल और रामेश्वर चौराहे पर कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे। इसके बाद वह सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेंगी। उन्होंने बताया कि मुख्य जनसभा व कार्यकर्ता सम्मेलन पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने महेश्वरी जी का हाता, जिला परिषद परिसर में आयोजित होगा। सम्मेलन के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सक्रिय करने पर जोर दिया जाएगा।जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल के सामाजिक न्याय और सामाजिक भागीदारी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठनात्मक गतिविधियां तेज की गई हैं। पार्टी एनडीए गठबंधन को मजबूत बनाने के लिए काम करेगी।जिलाध्यक्ष ने जिले के नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं से 15 नवंबर को जनसभा में शामिल होने की अपील की। इस दौरान प्रदेश महासचिव ओंकार सिंह ठाकुर, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद पटेल, बाबूजी बोहरा, युवा मंच के प्रदेश महासचिव रोहित राठौर, राहुल पटेल भदौरिया, धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साले ने की थी जीजा की हत्या, गिरफ्तार

- ढाई बिस्वा जमीन के विवाद में हत्या का आरोप, नाबालिग साथी पुलिस अभिरक्षा में

समृद्धि न्यूज़

**प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के सारीपट्टी गांव में धान के खेत से मिले रामदुलार पटेल के शव के मामले में पुलिस ने हत्या का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक के साले भूपेंद्र कुमार पटेल को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके नाबालिग साथी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, परिवार में करीब ढाई बिस्वा जमीन बेचने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते रामदुलार की हत्या किए जाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, जूते, पैंट और शराब की खाली बोतल बरामद करने की बात कही है।रामदुलार मऊआइमा थाना क्षेत्र के बटहा गांव के रहने वाले थे। 9 नवंबर को उनका शव सारीपट्टी गांव के पास कटे धान के खेत में पड़ा मिला था। शव के गले पर रस्सी के निशान और मुंह पर चोट के निशान पाए गए थे। परिस्थितियों को देखते हुए परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। मृतक के छोटे भाई उदय पटेल ने आरोप लगाया कि भूपेंद्र कुमार पटेल ने रामदुलार को अपने साथ ले जाने के बाद उनकी हत्या कर दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। परिजनों का कहना था कि जब तक आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। मुकदमा दर्ज होने के बाद बुधवार दोपहर परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए फाफामऊ घाट ले गए, जहां गमगीन माहौल में रामदुलार का अंतिम संस्कार किया गया। धान के खेत में मिले शव के गले पर रस्सी के निशान और मुंह पर चोट के निशान मिलने से परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस का कहना है कि अब आरोपी की गिरफ्तारी के बाद घटना में इस्तेमाल साधनों और उसकी भूमिका की जांच की जा रही है।

# धान खरीद केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

- सड़कों का निर्माण शुरू न होने पर उपनिदेशक मंडी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश

समृद्धि न्यूज़

**महराजगंज,** धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने शुक्रवार को आनंदनगर मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर खरीद की स्थिति, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और धान के उठान की जानकारी ली। साथ ही क्रय केंद्र प्रभारियों को किसानों के साथ विनम्र व्यवहार करने और खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमित चौधरी ने जिलाधिकारी को बताया कि आनंदनगर मंडी में कुल आठ धान क्रय केंद्र संचालित हैं। इनमें खाद्य विभाग की विपणन शाखा के चार, नेफेड के तीन तथा मंडी समिति का एक क्रय केंद्र शामिल है। जिलाधिकारी ने विभिन्न केंद्रों पर चल रही खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान खाद्य विभाग के आनंदनगर मंडी द्वितीय केंद्र पर ग्राम बाजारडीह निवासी किसान सत्येंद्र सिंह पुत्र अनिरुद्ध सिंह का 43.20 क्विंटल तथा आनंदनगर मंडी तृतीय केंद्र पर इसी गांव के किसान अजय प्रताप सिंह पुत्र अनिरुद्ध सिंह का 43.20 क्विंटल धान तौला जा रहा था।जिलाधिकारी ने सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि केंद्र पर धान बेचने आने वाले किसानों के साथ सम्मानजनक एवं विनम्र व्यवहार किया जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सभी प्रभारी प्रतिदिन निर्धारित समय पर केंद्रों पर उपस्थित रहकर अधिक से अधिक किसानों से धान खरीद सुनिश्चित करें। खरीदे गए धान का समय से संबंधित राइस मिलों को प्रेषण किया जाए, ताकि किसी भी स्थिति में क्रय केंद्रों पर धान लंबित न रहे।

निरीक्षण के दौरान मंडी समिति परिसर की जर्जर सड़कों और अन्य अव्यवस्थाओं को देखकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।

इस पर मंडी सचिव ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए मई माह में ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। टेंडर होने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उपनिदेशक मंडी (निर्माण) को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही मंडी परिसर में किसानों के लिए स्वच्छता, आवागमन और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की कि वे धान विक्रय के लिए खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल अथवा यूपी किसान मित्र ऐप के माध्यम से अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर बेची गई उपज का भुगतान सीधे बैंक खाते में प्राप्त करने के लिए किसान अपने बैंक खाते को आधार से लिंक कराने के साथ ही एनपीसीआई से मैपिंग भी अवश्य करा लें, जिससे भुगतान में किसी प्रकार की समस्या न हो।निरीक्षण के दौरान एसडीएम फरेंदा प्रेम शंकर पांडेय, तहसीलदार फरेंदा वशिष्ठ, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमित चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद की सातों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की अंतिम सूची का हुआ प्रकाशन

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरांत अंतिम सूची जारी, डीईओ पोर्टल पर उपलब्ध

समृद्धि न्यूज़

**कुशीनगर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के क्रम में कुशीनगर जनपद के सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा अंतिम सूची के प्रकाशन हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।

उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशित सूची के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 329-खड्डा में 198 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 374 मतदेय स्थल, 330-पडरौना में 181 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 420 मतदेय स्थल, 331-तमकुहीराज में 228 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 444 मतदेय स्थल, 332-फाजिलनगर में 256 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 458 मतदेय स्थल, 333-कुशीनगर में 221 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 441 मतदेय स्थल, 334-हाटा में 225 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 406 मतदेय स्थल तथा 335-रामकोला (अनुसूचित जाति) में 181 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 394 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं।

इस प्रकार जनपद के सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 1,490 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 2,937 मतदेय स्थल अंतिम रूप से प्रकाशित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों की विधान सभा क्षेत्रवार अंतिम प्रकाशित सूची जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। आम नागरिक एवं संबंधित मतदाता पोर्टल के माध्यम से सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

# वर्तमान रबी अभियान में किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूँ बीज उपलब्ध, 8151.40 कुंतल बीज की हो चुकी है बुकिंग

- 19 नवम्बर तक चयनित किसान राजकीय कृषि बीज भण्डार से प्राप्त कर लें बीज, अन्यथा निरस्त हो जाएगा अभ्यर्थन।

समृद्धि न्यूज़

**कुशीनगर।** जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान रबी अभियान के अन्तर्गत जनपद को गेहूँ सामान्य वितरण योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान पर कुल 13,280.00 कुंतल बीज वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके सापेक्ष अब तक 12,604.20 कुंतल गेहूँ बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर मसूर का उन्नत प्रमाणित बीज शत-प्रतिशत अनुदान तथा सरसों का उन्नत प्रमाणित बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए कृषि विभाग द्वारा प्रचार प्रसार कर किसानों तक बीज पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद में कुल 8,151.40 कुंतल गेहूँ बीज की बुकिंग किसानों द्वारा कराई जा चुकी है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष किसानों का चयन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है तथा चयनित किसानों के पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से सूचना भी भेजी जा रही है। वर्तमान में जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर गेहूँ बीज उपलब्ध कराते हुए नियमानुसार वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने बुकिंग कराने वाले समस्त किसान भाइयों से अपील किया है कि वे समय से अपने सम्बन्धित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर उपस्थित होकर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण (अंगूठा लगाकर) के माध्यम से अपना बीज प्राप्त कर लें। विशेष रूप से ध्यान दें कि जिन चयनित किसानों द्वारा 19 नवम्बर तक बीज प्राप्त नहीं किया जाएगा, उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा तथा उनके स्थान पर वरीयता क्रम में प्रतीक्षा सूची के अन्य किसानों को बीज आवंटित कर दिया जाएगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित किसान की होगी।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कृषि विभाग के माध्यम से वितरित किए जाने वाले गेहूँ बीज के निर्धारित लक्ष्य की बुकिंग पूर्ण होते ही पोर्टल पर बुकिंग की प्रक्रिया स्वतः बंद हो जाएगी। ऐसी स्थिति में किसी कारणवश बुकिंग कराने से वंचित रह जाने वाले किसान निजी क्षेत्र के अधिकृत बीज विक्रेताओं से भी गुणवत्तायुक्त गेहूँ बीज क्रय कर सकते हैं। जनपद के निजी क्षेत्र के बीज विक्रेताओं के पास गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध है।

# दहेज की मांग न पूरी होने पर विवाहिता की पिटाई, मौत

समृद्धि न्यूज़

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के छोटापुरा मजरे मोहम्मदपुर डिघौरा गांव में दहेज उत्पीड़न का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मायके पक्ष का आरोप है कि दहेज में पांच लाख रुपये की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर हालत में पति उसे गुरबक्शगंज चौराहे पर छोड़कर चला गया।

बाद में मायके ले जाते समय विवाहिता की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने शुक्रवार को घर के दरवाजे पर शव रखकर विरोध जताया और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।मृतका के भाई अमित कुमार पुत्र गुरु प्रसाद ने बताया कि उसकी बहन सुनीता का विवाह वर्ष 2023 में खीरों थाना क्षेत्र के सुंदरिया खेड़ा गांव निवासी रामनरेश पुत्र स्वर्गीय बोदला लाल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर सुनीता को प्रताड़ित करने लगे थे। उससे पांच लाख रुपये अतिरिक्त लाने का दबाव बनाया जा रहा था। मांग पूरी न होने पर आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती थी।

अमित कुमार के अनुसार, 10 नवंबर को पति रामनरेश, सास राजरानी और ननद पिंकी, मोनिका व ज्योति ने मिलकर सुनीता की लात-घूंसों और डंडों से पिटाई कर दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोप है कि पति उसे गंभीर हालत में गुरबक्शगंज चौराहे पर छोड़कर चला गया।

घटना की जानकारी मिलने पर भाई अमित मौके पर पहुंचा और सुनीता को अस्पताल ले जाने लगा। इसी दौरान गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के ढकवा के पास सुनीता ने अपने भाई को ससुराल में हुई मारपीट की जानकारी दी। इसके बाद उसकी मौत हो गई। विवाहिता की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया।

# बाल दिवस पर प्रतियोगिताओं की धूम

समृद्धि न्यूज़




महराजगंज, पं. दीनदयाल इंटर कॉलेज, महराजगंज में बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उनमें रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल एवं साहित्यिक अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से पोस्टर निर्माण, भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं मे छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक विजय बहादुर सिंह ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान उनके व्यक्तित्व, कृतित्व, राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा बच्चों के प्रति उनके स्नेह को याद किया गया।पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बाल अधिकार, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों को आकर्षक रंगों एवं चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्राइमरी संवर्ग में प्रियांशु सिंह, रणवीर वर्मा और पलक शर्मा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर संवर्ग में सार्थक भारती प्रथम, अंकुश प्रजापति द्वितीय और प्रिंस मौर्य तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर संवर्ग में प्रतिभा प्रथम, अंशु द्वितीय तथा नितिन पासवान तृतीय स्थान पर रहे।भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पंडित नेहरू के जीवन दर्शन, लोकतांत्रिक मूल्यों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण पर प्रभावशाली विचार रखे। प्राइमरी संवर्ग में महविश ने प्रथम, कमलजीत यादव ने द्वितीय और आदर्श वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर संवर्ग में कुलदीप प्रथम, अनाविया फातिमा द्वितीय और सृष्टि जायसवाल तृतीय रहीं। सीनियर संवर्ग में नितेश गुप्ता ने प्रथम, मौसम जायसवाल ने द्वितीय तथा गरिमा वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

निबंध प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने अपने लेखन कौशल और विचारों की परिपक्वता का परिचय दिया। प्राइमरी संवर्ग में अनुराग गुप्ता प्रथम, नमन प्रजापति द्वितीय और अमन प्रजापति तृतीय रहे।

# छठ घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधाओं का रखें विशेष ध्यान : डीएम

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज, छठ पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने और श्रद्धालुओं व व्रतियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने शुक्रवार को फरेंदा स्थित दुर्गा मंदिर छठ घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाएं समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को नगर पंचायत आनंदनगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी छठ घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई कराने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि घाटों पर स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहें। घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को भी सुगम बनाया जाए तथा श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए प्रवेश और निकास की अलग-अलग समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि भीड़ का दबाव न बढ़े और किसी प्रकार की अव्यवस्था अथवा भगदड़ की स्थिति उत्पन्न न हो।डीएम ने भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों और वालंटियर की तैनाती सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने एसडीएम फरेंदा को सभी छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से महिला व्रतियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए घाटों पर सादी वर्दी में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती करने को कहा। साथ ही महिलाओं के साथ अभद्रता करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने घाटों की गहराई और जलस्तर का आकलन कर संवेदनशील स्थानों को चिह्नित करने तथा वहां बैरिकेडिंग कराने को कहा। किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए घाटों पर पर्याप्त नाव और गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था और श्रद्धा का महत्वपूर्ण पर्व है। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समय रहते तैयारियां पूरी कर लें, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जा सके।निरीक्षण के दौरान एसडीएम फरेंदा प्रेम शंकर पांडेय, तहसीलदार फरेंदा वशिष्ठ, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत आनंदनगर अनुज भारती सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़

**डलमऊ-रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने तहसील डलमऊ स्थित गंगा घाटों एवं मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने आगामी 23, 24 एवं 25 नवम्बर को आयोजित होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले एवं मुख्य स्नान पर्व की तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा मेला जनपद का महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ समय से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और मेला एवं स्नान पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने घाटों पर स्नानार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए घाटों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही घाटों पर भीड़ नियंत्रण एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रबंध समय से पूर्ण करने को कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र एवं घाटों पर व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए तथा जहां भी किसी प्रकार की कमी हो, उसे तत्काल दूर कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देते हुए सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रभावी यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा यातायात व्यवस्था इस प्रकार बनाई जाए, जिससे आवागमन सुचारु बना रहे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं मुख्य स्नान पर्व को सुरक्षित, स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, उप जिलाधिकारी डलमऊ प्रीति सिंह, क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरिजा शंकर त्रिपाठी, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लव मैरिज के तीन महीने बाद पत्नी ने की पति हत्या, झगड़े के दौरान पत्थर से किए वार

समृद्धि न्यूज़

**प्रयागराज।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में लव मैरिज के करीब तीन महीने बाद एक महिला ने अपने पति की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक विवाद के दौरान पत्नी ने पति के सिर पर पत्थर से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद महिला शव के पास बैठकर रोती रही, जिसके बाद पुलिस ने उसे मौके से हिरासत में ले लिया।

पुलिस के अनुसार, उमिला (30) ने करीब तीन महीने पहले शेखर बंसल (35) से लव मैरिज की थी। शेखर की यह दूसरी शादी थी। बताया गया कि पहली पत्नी उसे छोड़ चुकी थी। शेखर मध्य प्रदेश में मजदूरी करता था, जहां उसकी मुलाकात उमिला से हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और बाद में दोनों ने प्रयागराज आकर मंदिर में शादी कर ली। पुलिस के मुताबिक शेखर शराब पीने का आदी था और अक्सर पत्नी से विवाद करता था। उमिला घर के बाहर पड़ोस की महिलाओं से बातचीत कर रही थी। इसी दौरान शेखर शराब के नशे में वहां पहुंचा और उसे घर चलने के लिए कहने लगा। उमिला के सड़क की ओर जाने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान शेखर ने उमिला को थप्पड़ मार दिया। इससे नाराज होकर उमिला ने पास पड़ा पत्थर उठाया और शेखर के सिर पर वार कर दिया। पुलिस के अनुसार, पत्थर से किए गए वार के बाद शेखर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही शंकरगढ़ थाना प्रभारी प्रीतम कुमार तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उमिला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में महिला ने पुलिस के सामने घटना की बात स्वीकार की। पुलिस ने मौके से खून से सना पत्थर बरामद करने की बात कही है।

# नगर के दो वार्डों में विकास कार्यों को मिली गति, अध्यक्ष ने किया सड़क व नाला निर्माण कार्यों का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज़




**महराजगंज,** नगर पालिका परिषद महराजगंज की ओर से नगर के विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने और नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल ने आजाद नगर और साहू जी महाराज नगर में इंटरलॉकिंग सड़क तथा नाला निर्माण कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया। इन विकास कार्यों के शुरू होने से स्थानीय नागरिकों में खुशी का माहौल है।

अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल ने आजाद नगर में नहर से सुलूक के घर होते हुए मुन्नीलाल के घर तक बनने वाली इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। वहीं, साहू जी महाराज नगर में महिला अस्पताल के सामने इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इन कार्यों के पूरा होने से दोनों क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलने के साथ ही जलनिकासी की समस्या से भी राहत मिलने की उम्मीद है।

इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना नगर पालिका की प्राथमिकता है। आजाद नगर में सड़क निर्माण पूरा होने से स्थानीय लोगों का आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र की सड़क व्यवस्था बेहतर होगी। वहीं, महिला अस्पताल के सामने सड़क और नाला निर्माण होने से अस्पताल आने वाले मरीजों, उनके तीमारदारों तथा स्थानीय नागरिकों को विशेष सुविधा मिलेगी। बेहतर सड़क व्यवस्था और जलनिकासी से क्षेत्र में यातायात को सुचारु बनाने के साथ पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने में भी मदद मिलेगी।

# छठ पूजा की तैयारियों का डीएम व एसपी ने लिया जायजा, शिवाघाट सेवरही का किया निरीक्षण

**कुशीनगर।** छठ पूजा पर्व को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने संयुक्त रूप से शिवा घाट, सेवरही का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा को लेकर की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने घाट की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल सुविधा, भीड़ प्रबंधन सहित श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

# खेत में मिला युवक का शव, शरीर पर चोट के निशान हत्या की आशंका

समृद्धि न्यूज़

**प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के दुबरा जगदीशपुर मजरा दूबेपुर गांव के पास शुक्रवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव निवासी भाई लाल प्रजापति (40) पुत्र बांके लाल के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार भाई लाल गांव में ट्रैक्टर से ग्रामीणों के खेतों की जुताई का काम करता था। परिजनों के मुताबिक वह गुरुवार रात खेत की जुताई के लिए ट्रैक्टर लेकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। शुक्रवार सुबह ग्रामीण खेतों की ओर पहुंचे तो भाई लाल का शव खेत में पड़ा मिला। शव से करीब 50 मीटर की दूरी पर उसका ट्रैक्टर भी खड़ा मिला। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक के शरीर पर कई जगह गंभीर चोट के निशान और खून लगा हुआ था। शव की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना पर नवाबगंज थाना प्रभारी पंकज अवस्थी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। थाना प्रभारी के मुताबिक घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

पुलिस रंजिश समेत अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## 64 पद स्वीकृत, 22 डॉक्टर तैनात, 42 पद खाली; कैसे मिले बेहतर इलाज!

- 100 बेड के एमसीएच विंग में एक भी चिकित्सक नहीं।
- ट्रामा सेंटर में भी छह पद रिक्त।
- ब्लड बैंक में विशेषज्ञों का टोटा।

समृद्धि न्यूज



**कन्नौज।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का अंदाजा संयुक्त जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों के रिक्त पदों से लगाया जा सकता है। यहां डॉक्टरों के 64 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें महज 22 चिकित्सक ही तैनात हैं। 42 पद खाली पड़े हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी का सबसे बड़ा असर 100 बेड के एमसीएच विंग पर है, जहां स्वीकृत सभी 18 पद रिक्त हैं। यानी इस विंग में एक भी चिकित्सक की तैनाती नहीं है। अस्पताल के उपलब्ध विभागवार आंकड़ों के मुताबिक संयुक्त जिला चिकित्सालय में 33 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 19 चिकित्सक कार्यरत हैं। वहीं 100 बेड एमसीएच विंग में स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, एनेस्थेटिस्ट, ईएमओ और पैथोलॉजिस्ट समेत 18 पद खाली हैं। ट्रामा सेंटर में नौ पद स्वीकृत हैं, लेकिन यहां केवल तीन चिकित्सक तैनात हैं, जबकि छह पद रिक्त हैं। ब्लड बैंक में वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट और चिकित्साधिकारी समेत चार पदों पर किसी की तैनाती नहीं है। हालात यह हैं कि मरीजों को बेहतर इलाज और विशेषज्ञ सेवाओं के लिए दूसरे जिलों की दौड़ लगानी पड़ती है। खासकर गर्भवती महिलाओं, नवजातों और गंभीर दुर्घटना में घायल मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। चिकित्सकों की इस भारी कमी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से शासन को पत्र भेजकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की मांग की गई है। अब देखना यह है कि शासन इस गंभीर समस्या पर कब ध्यान देता है और जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को विशेषज्ञ डॉक्टर मिल पाते हैं।

# अनुज हत्याकांड के आरोपी के घर चला बाबा का बुलडोजर

- प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भारी पुलिस बल रहा तैनात
- दीपावली के दिन अधिवक्ता अनुज के चार गोली मार कर की गई थी हत्या

समृद्धि न्यूज



**छिबरामऊ, कन्नौज।** दिवाली के दिन हुए अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी हत्याकांड के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बनाए गए आमोल दीक्षित के घर पर नगर पालिका की टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची और मकान के चिह्नित हिस्से को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। कार्रवाई से पहले मकान के गेट पर नोटिस चस्पा किया गया था। इसमें निर्धारित सीमा से अधिक निर्माण किए जाने का हवाला दिया गया था।

गौरतलब है कि दीपावली के दिन 8 नवंबर की शाम करीब 6:30 बजे कोतवाली के पास कोयला वाली गली में विवाद के बाद अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस के मुताबिक, अमोल दीक्षित ने पहले अधिवक्ता के चचेरे भाई बसंत चतुर्वेदी को थप्पड़ मार दिया था। इसकी जानकारी मिलने पर अनुज अपने साथियों के साथ अमोल से शिकायत करने पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि अमोल घर के अंदर से लाइसेंसी पिस्टल निकाल लाया और अनुज पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गंभीर हालत में उन्हें सौ शैया अस्पताल ले जाया गया था। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। मामले में 9 नवंबर को मृतक के भाई अंकित चतुर्वेदी की तहरीर पर अमोल, उसके पिता अवध बिहारी दीक्षित और मां मुन्नी देवी के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने 10 नवंबर को मुख्य आरोपी अमोल को फर्रुखाबाद रोड स्थित काली नदी के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लाइसेंसी 7.65 एमएम पिस्टल भी बरामद हुई। इसी दिन उसकी मां मुन्नी देवी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हालांकि, अमोल के पिता अवध बिहारी दीक्षित अभी फरार हैं। शुक्रवार को मकान के चिह्नित हिस्से पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भारी तादाद में मौजूद रही।

## नशामुक्ति और यातायात सुरक्षा का युवाओं को दिलाया संकल्प



- ब्लॉक स्तरीय युवा संसद में नशे के दुष्प्रभाव बताए।
- विकसित भारत में युवाओं की भूमिका पर हुई चर्चा।

समृद्धि न्यूज

**कन्नौज।** मेरा युवा भारत के तत्वावधान में स्वामी भजनानंद इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं को नशामुक्ति, यातायात सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक किया गया।

मुख्य अतिथि यातायात निरीक्षक आफाक खान ने युवाओं को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट लगाने और सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनने की अपील की। मास्टर ट्रेनर ने नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए इससे दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने युवाओं को मेरा युवा भारत पोर्टल से जुड़कर विभिन्न कार्यक्रमों और स्वयंसेवी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम का आयोजन यूनिटी फाउंडेशन क्लब के अध्यक्ष शिवांग श्रीवास्तव के सहयोग से हुआ। इसमें प्रधानाचार्य प्रदीप यादव, विजय शंकर गुप्ता, रामजी तिवारी, विनिता कटियार, शिवम सक्सेना सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## 100 हेलमेट बांटकर यातायात पुलिस ने दिया सुरक्षा का संदेश

- निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वाहन चालकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण।
- डीएम और एसपी ने की पहल की सराहना

समृद्धि न्यूज



**कन्नौज।** सड़क हादसों में दोपहिया वाहन चालकों की जान बचाने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए शुक्रवार को यातायात पुलिस ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश और सीओ यातायात शिल्पा वर्मा के पर्यवेक्षण में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी और एसपी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस दौरान जरूरतमंद दोपहिया वाहन चालकों को 100 हेलमेट निशुल्क वितरित किए गए। इनमें 50 हेलमेट सेवानिवृत्त सीओ उमाशंकर यादव, बिलाल सिद्दीकी और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के मैनेजर मुकेश दुबे ने दान किए, जबकि 50 हेलमेट स्थानीय संस्थाओं की ओर से उपलब्ध कराए गए।

एसपी विनोद कुमार ने कहा कि हेलमेट नहीं पहनने के कारण सड़क हादसों में दोपहिया वाहन चालकों की मौत के आंकड़े चिंताजनक हैं। हेलमेट पहनने से दुर्घटना में जान बचने की संभावना 70 से 80 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।

डीएम ने अभियान की सराहना करते हुए पूरे जिले में यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार कराने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में टीएसआई आफाक खान ने शायराना अंदाज में हेलमेट की स्ट्रिप बांधने का महत्व समझाया। इस दौरान प्रभारी यातायात रविशंकर त्रिपाठी, एआरएम दिनेश यादव, पीएसआई रामप्रताप सिंह और टीएसआई अरशद अली मौजूद रहे।

## सर्दियों में बच्चों को मिलेगा अतिरिक्त पोषण



- शुक्रवार को परोसा जाएगा हलवा और उपमा

समृद्धि न्यूज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को अतिरिक्त पोषण देने के उद्देश्य से सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन योजना शुरू की गई है। इसके तहत अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर में शुक्रवार को बच्चों को नमकीन उपमा वितरित किया गया। विद्यालय में पंजीकृत 213 बच्चों में से 203 बच्चों ने उपमा ग्रहण किया।

बेसिक शिक्षा विभाग के मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की ओर से आठ अक्टूबर 2026 को जारी शासनादेश के अनुसार नवंबर 2026 से फरवरी 2027 के तीसरे सप्ताह तक कुल 14 सप्ताह यह व्यवस्था लागू रहेगी। इसके तहत नियमित मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त प्रत्येक शुक्रवार को बच्चों को विशेष पोषण आहार दिया जाएगा। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार पहले और तीसरे शुक्रवार को सूजी का मीठा हलवा तथा दूसरे और चौथे शुक्रवार को नमकीन उपमा दिया जाएगा। शासन ने सर्दियों में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह पहल की है। योजना से बच्चों को अतिरिक्त पौष्टिक आहार मिल सकेगा।

## मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान सागर में नईया डाल दई

### सरस सुंदरकांड पाठ में गूंजे अंश हनुमान के भजन



समृद्धि न्यूज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला बस्तीराम पीपल वाली गली में सिद्ध गोपाल ट्रेडिंग कंपनी नवीन मंडी के स्वामी कैलाश गुप्ता के आवास पर आयोजित सरस सुंदरकांड पाठ में फिल्म अंश हनुमान के भजनों ने समां बांध दिया। आचार्य विनोद दुबे ने आयोजक कैलाश गुप्ता से राम दरबार का पूजन कराया।

सरस संगीतमय सुंदरकांड वाचक भानु प्रताप सिंह चौहान ने प्रभु श्री राम की महिमा का बखान करते हुए कहा प्रभु राम के भक्त हनुमान जी का चरित्र हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति और समर्पण से कोई भी कार्य असंभव नहीं। जब हनुमान जी लंका में सीता माता की खोज में गए, तब उन्होंने केवल राम नाम का सहारा लिया। आज भी यदि हम राम-सीता और हनुमान जी के भरोसे अपनी नैया डाल दें, तो जीवन का हर संकट पार हो जाता है। उनके भजनों 'जप रहे सीता राम राम गुण गा-गा के', 'मैने तेरे ही भरोसे हनुमान सागर में नईया डाल दई' आदि को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। साथ ही नाल पर संगत दे रहे सचिन दुबे ने 'दिलकश तेरा नक्शा है सूरत बड़ी प्यारी है' भजन गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अधिवक्ता अनुज हत्याकांड के विरोध में वकीलों ने निकाला न्याय मार्च

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी की हत्या के विरोध में शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे अधिवक्ताओं ने न्याय मार्च निकाला। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय के नेतृत्व में जिले की तीन बार एसोसिएशन के अधिवक्ता एकजुट हुए। इस दौरान वकीलों ने अधिवक्ता एकता, सम्मान और सुरक्षा की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की भागीदारी ने घटना के प्रति आक्रोश जाहिर किया। न्याय मार्च में कन्नौज, छिबरामऊ और तिर्वा बार एसोसिएशन के अधिवक्ता शामिल हुए। मार्च के बाद सभी अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी के आवास पर पहुंचे और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत अधिवक्ता को याद किया।

## महंगाई की मार से टेंट कारोबारियों की बढ़ी चिंता

- तीन-चार महीने में सजावटी कपड़ों के दाम लगभग दोगुने
- पुरानी बुकिंग, अब महंगा सामान... मुनाफा बचाना मुश्किल

समृद्धि न्यूज



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सहालग में शादियों की रौनक बढ़ने वाली है लेकिन इस बार सजावट का खर्च कारोबारियों की चिंता बढ़ा रहा है। टेंट और डेकोरेशन में इस्तेमाल होने वाले कपड़ों की कीमतों में पिछले तीन-चार महीने में भारी उछाल आया है। सामान्य कपड़ा 22 रुपये से बढ़कर 38 से 40 रुपये मीटर और वेलवेट कपड़ा 160 रुपये से बढ़कर 320 से 340 रुपये मीटर तक पहुंच गया है। इससे सजावट की लागत लगभग दोगुनी हो गई है।

नगर के तालग्राम रोड स्थित राजू टेंट इवेंट एंड वेडिंग प्लानर के स्वामी एवं टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव राजू ने कहा परेशानी पुरानी बुकिंग है। ज्यादातर शादी समारोहों के पैकेज तीन से चार महीने पहले तय हो चुके हैं। उस समय कपड़ों और सजावट के सामान की कीमतें कम थीं। अब बढ़ी कीमतों पर सामान खरीदना पड़ रहा है, जबकि ग्राहकों से पुरानी दरों पर ही भुगतान मिलेगा। ऐसे में लागत निकालना भी मुश्किल हो सकता है। वहीं, नई बुकिंग में बढ़ी कीमतों को शामिल किया जा रहा है, जिसका असर आने वाले समय में शादी करने वाले परिवारों के बजट पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शादी-विवाह, जन्मोत्सव से लेकर अंतिम संस्कार तक वे ग्राहकों की इज्जत के लिए सजावट का जिम्मा संभालते हैं, लेकिन काम पूरा होते ही ग्राहक पैसे देने में टालमटोल करते हैं और बेइज्जती पर उतर आते हैं। इससे न सिर्फ उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है, बल्कि आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष दीपू टेंट हाउस ने कहा 20 नवंबर से 10 दिसंबर तक सहालग है। वेलवेट और दूसरे सजावटी कपड़ों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी हुई है। लाइटिंग और डेकोरेशन के सामान के साथ मजदूरी का खर्च भी बढ़ा है। पहले तय पैकेज में काम करने से मुनाफा खत्म होने की आशंका है।

## 457 लाख से बनेंगे 11 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र, ग्रामीणों को गांव में मिलेगा इलाज

- तीन ब्लॉकों में होगा निर्माण, सभी स्थलों पर भूमि आवंटन पूरा।
- जिला पंचायत कराएगी काम

समृद्धि न्यूज



**कन्नौज।** ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए जिले में 11 नए स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण कराया जाएगा। शासन ने इसके लिए 15वें वित्त आयोग की हेल्थ ग्रांट योजना के तहत 457.27 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। प्रत्येक उपकेंद्र के निर्माण पर 41.57 लाख रुपये खर्च होंगे। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि कन्नौज ब्लॉक में बलारपुर, मौसमपुर मौरारा/कनपटियापुर, मड़हारपुर और सारोतोप में चार उपकेंद्र बनेंगे। उमर्दा ब्लॉक के सिंहपुर, सरसई, मुगरा, रूरा और बढ़नपुर वीरहार में पांच तथा तालग्राम ब्लॉक के भुडहा और डुडवां बुजुर्ग में दो उपकेंद्रों का निर्माण होगा। सभी 11 स्थलों पर भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नौ स्थलों के लिए 10 नवंबर को भूमि आवंटित की गई। निर्माण कार्य जिला पंचायत कराएगी। इन केंद्रों के शुरू होने से ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और नियमित जांच की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिल सकेगी। इससे दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों तक दौड़ लगाने की जरूरत कम होगी।

## राशन कार्डों से होगा मतदाता सूची का मिलान, छूटे लोगों के भरवाएंगे फार्म-6

**कन्नौज।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत मतदाता सूची में पात्र नागरिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के लिए प्रशासन ने कोटेदारों को जिम्मेदारी सौंपी है। शुक्रवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में जिले के सभी उचित दर विक्रेताओं की कार्यशाला आयोजित की गई।

डिप्टी कलेक्टर अविनाश कुमार ने निर्देश दिए कि कोटेदार अपने क्षेत्र के राशन कार्डों में दर्ज 18 वर्ष और इससे अधिक आयु के लाभार्थियों का मतदाता सूची से मिलान कराएं। जिन पात्र लोगों के नाम सूची में दर्ज नहीं हैं, उनसे फार्म-6 भरवाकर पंजीकरण कराएं। उन्होंने विशेष रूप से युवा और महिला मतदाताओं को जागरूक करने पर जोर दिया।

## होटलों में अनैतिक कार्यों से लोगों में फैल रहा आक्रोश

- नवीन मंडी क्षेत्र के होटलों में अनैतिक गतिविधियों की शिकायत
- शिक्षण संस्थानों के आसपास के माहौल पर जताई चिंता

समृद्धि न्यूज




**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के नवीन मंडी क्षेत्र में संचालित ओयो व अन्य होटलों की जांच कराकर अनैतिक एवं गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग उठी है। इस संबंध में क्षेत्रवासियों, स्थानीय नागरिकों और शिक्षण संस्थानों से जुड़े लोगों ने उपजिलाधिकारी को सामूहिक शिकायती पत्र सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

शिकायती पत्र में कहा गया है कि नवीन मंडी क्षेत्र में संचालित कुछ ओयो और अन्य होटलों में कथित देह व्यापार तथा अन्य अनैतिक गतिविधियां होने की शिकायतें सामने आती रही हैं। इन होटलों के आसपास शिवनारायण सिंह इंटर कॉलेज, कोमिल सिंह डिग्री कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय लड़ैता तथा कई कोचिंग सेंटर संचालित हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गतिविधियों से क्षेत्र के सामाजिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पडने की आशंका है। इससे विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों में भी चिंता बनी हुई है। उन्होंने होटलों के संचालकों और वहां आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों की नियमानुसार जांच कराने की मांग की है। सामूहिक शिकायती पत्र के माध्यम से प्रशासन से आग्रह किया गया है कि संबंधित होटलों के अभिलेखों, पंजीकरण और संचालन संबंधी नियमों की जांच कराई जाए। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता, अनैतिक गतिविधि या कानून का उल्लंघन सामने आता है, तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। क्षेत्रवासियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

### अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं कई होटल

छिबरामऊ। नगर के पश्चिमी सिरे पर ओयो के नाम से संचालित होटलों में अनैतिक कार्यों को लेकर क्षेत्र के लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले दिनों पर्यटन विभाग की टीम ने इन होटलों में छापामार कार्रवाई की थी।

उस समय किसी भी होटल का न तो रजिस्ट्रेशन मिला था और न ही अन्य कोई परमीशन मिली थी। इन होटलों में कुछ लोग कमरों में थे, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी गेट नहीं खोले गए। इसका उल्लेख करते हुए पयर्टन अधिकारी ने इन होटलों को अवैध बताया था।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज,जनपद कन्नौज

पत्रांक 656/न.पा.प./2026-27 दिनांक- 12.11.2026

### ई-निविदा सूचना

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद कन्नौज पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत मार्ग प्रकाश व्यवस्था का कार्य कराना चाहती है जिसके लिए अर्ह ठेकेदारों/फर्मो से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

Tender Reference Number -2026-27/09ET(RE)

| क्र.सं. | स्टेज | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 |
| 1. | Publishing Date | 13-11-2026 | 09:00 AM |
| 2. | Document Download/Sale Start Date | 13-11-2026 | 09:00 AM |
| 3. | Seek Clarification Start Date | 13-11-2026 | 09:00 AM |
| 4. | Seek Clarification End Date | 16-11-2026 | 02:00 PM |
| 5. | PreBid Meeting Date | 16-11-2026 | 02:00 PM |
| 6. | Bid Submission Start Date | 16-11-2026 | 03:00 PM |
| 7. | Bid Submission Closing Date | 28-11-2026 | 02:00 PM |
| 8. | Bid Opening Date | 28-11-2026 | 03:00 PM |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यो का विवरण उनकी आगणन लागत,निविदा की धरोहर राशि (EMD) निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण,शर्तें व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 13.11.2026 प्रातः 09:00 बजे से देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेंगी।

(अनिल कुमार)
अधिशासी अधिकारी/ टेण्डर कमेटी अध्यक्ष

(मुन्नी देवी)
अध्यक्ष










# पुरानी रंजिश में हुई मारपीट में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

- परिजनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप
- आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने के बाहर लगाया जाम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव घुमिया रसूलपुर में पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल 45 वर्षीय जयदेव उर्फ दुर्विजय की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने के बाहर जमकर हंगामा किया। मृतक के पुत्र गौरव ने बीते 9 नवंबर को ही थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई थी। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद भी स्थानीय पुलिस ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया और आरोपियों को बचाने का प्रयास किया।

परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस ने शुरुआती शिकायतों को गंभीरता से लिया होता और समय रहते कार्रवाई की जाती, तो शायद जयदेव की जान बच सकती थी। शुक्रवार को जैसे ही जयदेव की मौत की खबर घर पहुंची, परिजनों का सब्र टूट गया। पुलिस जब शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने पहुंची, तो गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव उठाने से इनकार कर दिया। उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कठोर धाराओं में कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।


रोते बिलखते परिजन


मौके पर मौजूद ग्रामीण व पुलिस कर्मी

उन्होंने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और निष्पक्ष जांच कर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिया। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस घटना ने एक बार फिर स्थानीय थाना पुलिस की कार्यशैली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रीय नागरिकों और परिजनों का साफ तौर पर कहना है कि पुलिस की सुस्ती और कथित लापरवाही के कारण ही अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और एक हंसता-खेलता परिवार उजड़ गया। परिजनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने थाने के सामने बेरीकेडिंग लगाकर जमा लगा दिया और कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होती है तब तक बैठे रहेंगे। समाचार लिखे जाने तक स्थानीय पुलिस के अलावा कोई उच्चाधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था। परिजन अपनी मांग को लेकर बैठे रहे। बताते चले कि मृतक ने ईंट भट्ठा लिया है, उसी की मिट्टी उठाने को लेकर विवाद हुआ है। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि एनसीआर में ही मुकदमा तरमीम कर धारायें बढ़ा दी जायेगी, परिजन इस बात पर मान गये।

# बाइक व साइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में बुजुर्ग दंपती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के कंपिल मार्ग पर शुक्रवार को ईदगाह के पास तेज रफ्तार बाइक और साइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में साइकिल सवार बुजुर्ग दंपती समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद दंपती की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम रायपुर निवासी इसरार शुक्रवार को अपनी पत्नी कुरेशा बेगम को साइकिल पर बैठाकर कायमगंज की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह कंपिल मार्ग स्थित ईदगाह के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल सवार दंपती और बाइक चालक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। बाइक चालक की पहचान कंपिल थाना क्षेत्र के ग्राम मेदपुर निवासी आशीष पुत्र ओमवीर के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉ0 अमित ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। इसरार और उनकी पत्नी कुरेशा बेगम की स्थिति चिंताजनक होने के कारण चिकित्सक ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# जू.हा.स्कूल शिक्षक संघ ने समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

- पदोन्नति और चयन वेतनमान पर बनी सहमति

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर विस्तृत वार्ता की।

इस दौरान बीएसए ने संघ की प्रमुख मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। पदोन्नति के विषय पर हुई विस्तृत चर्चा के बाद बीएसए ने आश्वस्त किया कि अगले सप्ताह तक त्रुटिरहित वरिष्ठता सूची जारी कर दी जाएगी। साथ ही


बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षकगण

यह भी प्रयास किया जाएगा कि पदोन्नति के उपरांत सभी शिक्षकों की तैनाती उनकी सुविधा अनुसार उनके ही विकास क्षेत्र में हो। नगर क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न विकास खंडों में 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर चुके अवशेष शिक्षकों को इस महीने के अंत तक चयन वेतनमान का लाभ प्रदान कर दिया जाएगा। मध्याह्न भोजन एमडीएम योजना के अंतर्गत विकास क्षेत्र स्तर पर जमा कराए जा रहे फल-सब्जी के बिलों से जुड़े आदेश की समीक्षा कर व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाएगा, ताकि किसी भी शिक्षक को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े।

प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष अभिनेश मिश्रा, महामंत्री डॉ0 वीरेंद्र त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, मंडल उपाध्यक्ष हरिओम शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष जगदीश नारायण अवस्थी व विपिन सिंह, संयुक्त मंत्री राजीव कुमार व संदीप शुक्ला, जिला कार्यसमिति सदस्य आदित्य कुमार सिंह तथा ब्लॉक अध्यक्षगण अवनीश कुमार त्रिपाठी, विनोद कुमार पाठक, राजीव कुमार दुबे, शैलेश कुमार दुबे व पंकज शुक्ला सहित कई अन्य शिक्षक साथी मौजूद रहे।

**टी-20 लीग के दूसरे सीजन के लिए खिलाड़ियों का ऑक्शन 17 को**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिले में होने जा रहे टी-20 लीग के दूसरे सीजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की नीलामी ऑक्शन आगामी 17 नवंबर को सेंट्रल जेल चौराहे के समीप स्थित एनआर पैलेस में आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी छह फ्रेंचाइजी टीमों के मालिक खिलाड़ियों पर बोली लगाएंगे। मुख्य प्रतियोगिता का आगाज 25 नवंबर से याकूतगंज स्थित डीके स्पोर्ट्स कांप्लेक्स मैदान पर होगा। आयोजक दानिश खान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार प्रतियोगिता को और अधिक भव्य व रोमांचक बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लीग के दूसरे सीजन में स्थानीय प्रतिभाओं के साथ-साथ अन्य जनपदों के दिग्गज खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। ऑक्शन के दौरान सभी टीम मालिक अपनी टीम की जरूरत और रणनीति के मुताबिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन करेंगे। टूर्नामेंट में कुल छह टीमें खिताब के लिए जोर आजमाइश करेंगी। इनमें फतेहगढ़ योद्धा, याकूतगंज वारियर्स, कमालगंज टाइगर्स, शमसाबादी सिकंदर, कायमगंज रॉयल्स और मोहम्मदाबाद किंग्स शामिल हैं। आयोजक ने बताया कि इस सीजन में मोहम्मदाबाद किंग्स को नई टीम के रूप में लीग से जोड़ा गया है।

# छठ महापर्व: प्रथम दिन व्रतियों ने पूजन कर रखा व्रत

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

पूर्वांचल विकास समिति के तत्वाधान में चार दिवासीय छठ पूजा महोत्सव शुरु हो गया है। शुक्रवार से चलने वाले छठ पूजा महोत्सव में प्रथम दिन नहाय-खाय के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। 16 नवम्बर को सुबह भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समापन होगा। शुक्रवार को व्रतधारियों ने प्रातः अपने घर में पूजा घर की साफ-सफाई कर नहाने के बाद अलग पूजा के लिए पूजन सामग्री बनायी।

जिसमें लौकी की सब्जी चना डाल मिलाकर बनाया गया एवं भात भी बनाया गया। चटनी पकौड़ी इत्यादि बनाकर भगवान भास्कर को अर्पित कर पूजा करने के बाद प्रसादी ग्रहण


प्रसाद ग्रहण करती व्रती दुर्गा देवी

किया गया। शनिवार को खरना मनाया जायेगा। व्रती महिलाओं के साथ पुरुषों ने भी पूजन आदि सामग्री लाकर सहयोग किया। समिति के अध्यक्ष केदार शाह, सदस्य एनडी प्रसाद, हरेन्द्र दुबे, संयोजक डा0 शमीम खां, प्रमोद कुमार झां, मनोज शर्मा, बृजभूषण सिंह, मुकेश कुमार, रामबाबू शाह, अजीत भट्ट, रामबाबू आदि ने सहयोग किया।

# मुख्य आरक्षी चालक समेत छह पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जिले में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए एक मुख्य आरक्षी चालक और पांच आरक्षियों को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के इस कड़े फैसले से महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक ने थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में तैनात मुख्य आरक्षी चालक अरुण कुमार और आरक्षी लिटिल आमिर को लाइन हाजिर किया गया है। इसके अलावा, कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र की विभिन्न चौकियों पर तैनात चार सिपाहियों को


जानकारी देती पुलिस अधीक्षक

भी पुलिस लाइन भेजा गया है, जिनमें मोहित कुमार आरक्षी कोतवाली फर्रुखाबाद, राहुल कुमार आरक्षी रेलवे रोड पुलिस चौकी, रणवीर/रवि सिंह आरक्षी घुमना चौकी, मलखान सिंह आरक्षी नखास चौकी को लाइन हाजिर किया गया है। पुलिस विभाग के सूत्रों के अनुसार, प्रशासनिक और कार्यप्रणाली में सुधार के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। सभी संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन में आमद कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने पर अभियुक्त गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

थाना मऊदरवाजा पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और मारपीट करने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार बीती 14 सितंबर 2026 को न्यायालय के आदेश पर थाना मऊदरवाजा में ग्राम बिचपुरिया थाना अमृतपुर निवासी विजय विक्रम उर्फ रजत सहित तीन लोगों के विरुद्ध धारा 69/115(2)/352/351(3)/324 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़िता का आरोप था कि अभियुक्त ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में


पुलिस हिरासत में आरोपी

शादी से इनकार कर दिया। जब पीड़िता ने इस पर दबाव बनाया, तो अभियुक्तों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। मामले की विवेचना कर रही थाना मऊदरवाजा पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर वांछित अभियुक्त विजय विक्रम उर्फरजत पुत्र उदयवीर निवासी ग्राम बिचपुरिया थाना अमृतपुर को धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय के समक्ष बयान देने की बात कही है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना मऊदरवाजा के प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह, उपनिरीक्षक कासिफ हनीफ, कांस्टेबल नरेश कुमार, कांस्टेबल विनीत कुमार और कांस्टेबल प्रियांक शामिल रहे।

# गैंगस्टर एक्ट में दो को चार वर्ष का कारावास

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 से जुड़े एक गंभीर मामले में थाना मोहम्मदाबाद के अंतर्गत दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में अभियुक्तगण संजय और राजीव कुमार को दोषी करार देते हुए चार वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

मामला थाना मोहम्मदाबाद का है, जहाँ अभियुक्त संजय पुत्र जगदीश ठाकुर और राजीव कुमार पुत्र रामदास वर्मा समेत अन्य सह-अभुयुक्तों के विरुद्ध धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार ये सभी अभियुक्त एक संगठित गिरोह बनाकर क्षेत्र में गंभीर अपराधों को अंजाम देते थे, जिससे आम जनता में भय और आतंक का माहौल था। लंबी न्यायिक प्रक्रिया और गवाहों के परीक्षण के बाद न्यायालय ने अपना निर्णय सुनाया। विचारण के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर विशेष न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्तगण संजय और राजीव कुमार को धारा 3(1) यू0पी0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम 1986 के तहत चार वर्ष का कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# निजी शीतगृह संचालक 31 दिसम्बर तक करा लें लाइसेंस का नवीनीकरण

- लाइसेंस नवीनीकरण न कराने वाले शीतगृहों में भण्डारण पर लगेगी रोक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी राघवेंद्र सिंह द्वारा जनपद के समस्त निजी शीतगृह स्वामियों एवं प्रबन्धकों को सूचित किया गया है कि शासनादेश के अनुपालन में वर्ष 2027 के लिए शीतगृह लाइसेंस का नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य है। इस संबंध में अवगत कराया गया है कि शीतगृह लाइसेंस नवीनीकरण के लिए निर्धारित सामान्य तिथि 31 अक्टूबर 2026 तक थी। निर्धारित तिथि के उपरान्त अब विलम्ब शुल्क सहित 31 दिसम्बर तक नवीनीकरण के आवेदन ऑनलाइन माध्यम से किए जा सकते हैं। इसके लिए विभागीय वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी ने बताया कि 31 दिसम्बर के उपरान्त प्राप्त होने वाले नवीनीकरण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा संबंधित शीतगृह का लाइसेंस स्वतः निरस्त समझा जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त निजी शीतगृह स्वामियों एवं प्रबन्धकों से अपील की है कि निर्धारित समयसीमा के भीतर अपने शीतगृह लाइसेंस का नवीनीकरण अनिवार्य रूप से करा लें। माह दिसम्बर तक लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराने वाले शीतगृहों में आलू एवं अन्य कृषि उत्पादों के भण्डारण पर रोक लगा दी जाएगी। साथ ही उत्तर प्रदेश शीतगृह विनियमन अधिनियम-1976 के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए संबंधित शीतगृह स्वामी/प्रबन्धक स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# बेटी के साथ देखने पर पिता ने की थी युवक की हत्या

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

थाना जहानगंज पुलिस ने ग्राम सरवर आलमपुर में मिले युवक के सनसनीखेज शव मिलने के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के मुख्य नामजद आरोपी को आलाकत्ल बांस का डंडा व रस्सी और खून से सनी शर्ट के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को 12 नवंबर को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम सरवर आलमपुर में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त दीपक पुत्र स्व0 नंदराम निवासी ग्राम नगला चाहर थाना जहानगंज के रूप में की। मृतक के भाई की तहरीर पर


पुलिस हिरासत में हत्यारोपी

थाना जहानगंज में सुभाष चंद्र कुशवाहा व अन्य अज्ञात के खिलाफ धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने वांछित मुख्य अभियुक्त सुभाष चंद्र कुशवाहा पुत्र स्व0 रामविलास निवासी ग्राम सरवर आलमपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी सुभाष चंद्र ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि 11 नवंबर 2026 की रात जब वह खेत से घर लौटा, तो उसने दीपक को अपनी पुत्री के साथ घर के अंदर देख लिया था। इस बात से गुस्से में आकर उसने घर में रखे बांस के डंडे से दीपक की पिटाई कर दी। इसके बाद उसने अपने भतीजे विमलेश उर्फ भूरे पुत्र स्व0 जितेंद्र को भी बुला लिया और दोनों ने मिलकर रस्सी से गला कसकर दीपक की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को एक खंडहर के पास फेंक दिया था।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चीजें बरामद की हैं। गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन पाल, उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह, कांस्टेबल अंकुर और कांस्टेबल सोनू शामिल रहे। पुलिस फरार सह-आरोपी की तलाश कर रही है।

# वायस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगी उत्तर पुस्तिकाएं

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

- उप्र बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाएं जिले में भेजना शुरू किया

यूपी बोर्ड की पांच फरवरी से शुरू होने वाली हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा के लिये उत्तर पुस्तिकाओ का पहुँचना जिला में शुरू हो गया है।

यह कार्य दिसम्बर के अन्त तक पूरा करने का लक्ष्य है। उत्तर पुस्तिकाएं सुरक्षा के लिहाज से इस 24 घंटे क्रियाशील वायस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखने के निर्देश दिये है। जिले में उत्तर पुस्तिकाओं का पहुंचना शुरु हो गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार के अनुसार यूपी बोर्ड से उत्तर पुस्तिकाएं जिले में पहुँचना शुरू हो गयी है, जिन्हें राजकीय इण्टर कालेज फतेहगढ़ में सीसीटीवी की निगरानी में रख दिया गया है, कापियों की सुरक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार सुनिश्चित की जाएंगी।

उत्तर पुस्तिकाए दिसम्बर के अन्त जिले में पहुचाने का बोर्ड का लक्ष्य है। पांच फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल के 25,220 तथा इण्टर मे 19,911 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है।

# गंगा में गिरने वाले नालों को रोकने के लिए गंगा मिशन की टीम ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई बैठक
- गंगा में सीधे गिर रहे नालों को रोकने के लिए संबंधित विभागों को दिए गए दिशा-निर्देश

गंगा नदी को स्वच्छ, अविरल एवं निर्मल बनाए रखने तथा गंगा में सीधे गिरने वाले नालों के माध्यम से पहुंच रहे प्रदूषित जल को रोकने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली के उपनिदेशक नलिन कुमार श्रीवास्तव एवं उनकी टीम द्वारा जनपद का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक एवं विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के उपनिदेशक नलिन कुमार श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने जनपद में गंगा नदी में सीधे गिर रहे नालों की स्थिति, उनके माध्यम से गंगा नदी में पहुंच रहे दूषित जल तथा नालों के प्रवाह को रोकने के लिए किए जाने वाले आवश्यक उपायों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंगा नदी में सीधे गिरने वाले सभी नालों को चिन्हित कर उनकी वर्तमान स्थिति का विस्तृत विवरण तैयार


बैठक लेती जिलाधिकारी मौजूद अधिकारी

किया जाए। नालों के दूषित जल को गंगा में जाने से रोकने के लिए तकनीकी एवं व्यवहारिक विकल्पों पर विचार करते हुए आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में अनुपचारित गंदा पानी सीधे गंगा नदी में प्रवाहित न हो। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की टीम एवं संबंधित अधिकारियों ने विकासखंड बढ़पुर के ग्राम सोता बहादुरपुर में गंगा नदी में गिर रहे नालों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नालों के निकास स्थलों एवं गंगा नदी तक पहुंच रहे दूषित जल की स्थिति का जायजा लिया गया। टीम द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर नालों के पानी को गंगा नदी में पहुंचने से पूर्व रोकने एवं उसके उचित प्रबंधन के लिए फिल्टर चैंबर बनाए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित ग्राम पंचायत एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने को कहा गया।

निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि जनपद में गंगा नदी में गिरने वाले अन्य नालों को भी चिन्हित कर उनके विरुद्ध इसी प्रकार प्रभावी कार्यवाही की जाए। नालों के पानी का समुचित उपचार एवं निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों एवं तकनीकी व्यवस्थाओं का उपयोग करते हुए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। इस कार्य में ग्राम पंचायत, विकासखंड एवं संबंधित विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की टीम द्वारा फतेहगढ़ स्थित 17 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसटीपी की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक राजीव कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अवनीश कुमार, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई, जल निगम कानपुर के परियोजना अभियंता मोहित चक, जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल, जल निगम शहरी के विपुल कुमार सहित खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत सचिव एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय अखिल भारतीय श्री हरिनाम संकीर्तन महाकुम्भ का हुआ शुभारम्भ

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

पांचाल क्षेत्र गंगा तट पर श्री राधा माधव संकीर्तन का अखिल भारतीय हरिनाम संकीर्तन महाकुम्भ तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय महामंत्री सुनील कौशिक, प्रसिद्ध भजन गायक सुधाकर कौशिक ने हरिनाम संकीर्तन गायन वंदन से शुरू किया। उन्होंने कहा कलयुग में हरि नाम संकीर्तन ही मानव को मोक्ष प्रदान कर सकता है।



भजन गाते गायक



भजनों पर नृत्य करती मिथलेश अग्रवाल आदि भक्तगण

मुख्य संरक्षक डॉ0 मनमोहन गोस्वामी ने पिछले महाकुम्भ की यात्रा को याद करते हुये विभिन्न प्रान्तों से आये हुये भजन गायकों एवं ठाकुर के भक्तों का स्वागत किया। भजन गायक अरुण ग्रोवर लुधियाना, सालिक श्रीवास्तव गाजियाबाद, राजीव शास्त्री सोनीपत, विवेक सबलोक अम्बाला, आदित्य अमृतसर, जतिन अमृतसर, राजेन्द्र अमृतसर, प्रिंस लुधियाना, श्याम अरोड़ा ऋषिकेश, पंजाब, दिल्ली, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बरेली, इटावा, मैनपुरी, क्षेत्रों से लगभग 40 समितियों ने राष्ट्रीय सम्मेलन महाकुम्भ में पांचाल क्षेत्र में दुर्वासा ऋषि नारायण आश्रम में माँ गंगा की गोद में हरिनाम संकीर्तन के कुम्भ में गीत-संगीत-भाव-नृत्य राधा-कृष्ण प्रेम की अमृतमयी रस का पान किया। महाकुम्भ के तीन दिवसीय कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं के कई सत्र होंगे। महाप्रभु चैतन्य देव के परम्परागत संकीर्तन मर्मज्ञ, गोपाल भट्टाचार्य जी, गौगीय परम्परा में मुकुट मणि गोस्वामी सुदामा महाराज, एवं धर्मार्थ ट्रस्ट चन्द्रप्रकाश अग्रवाल की पावन स्मृति में हरि नाम संकीर्तन का महाकुम्भ गंगा तट, नारायण आश्रम बगिया में मिथलेश अग्रवाल एवं उनके पति सत्य प्रकाश अग्रवाल लक्ष्मी नारायण एवं मोनिका अग्रवाल परिवार के महाकुम्भ में स्वागत व्यवस्था की। ठाकुर जी के फूलों का बंगला दिव्य एवं भव्य आचार्य सेवक एवं परिकर चिन्मय गोस्वामी ने वृन्दावन धाम बना दिया।

भजन गायक, संगीतज्ञ, शास्त्रीय, एवं सुगम संगीत के अंतर्गत भक्ति परंपरा में सूर, तुलसी, मीरा के पदों एवं स्वर संगम के साथ सभी भक्तों को आध्यात्मिक गंगा में भक्ति रस का आनन्द लुटा रहे थे। दूसरी ओर भगवान श्रीकृष्ण जन्म की लीला रूप में नन्दोत्सव का आनन्द संस्कार गीत-बधाई गीत, मंगल-गीत के साथ नृत्य कर रहे थे।

इस दौरान मिथिलेश अग्रवाल, सत्य प्रकाश अग्रवाल, डॉ0 मनमोहन गोस्वामी, अशोक वर्मा, श्याम टण्डन, सुनील वर्मा, डॉ0 मनोज मेहरोत्रा, विनोद अग्निहोत्री, सुरेन्द्र सफ्फड़, अशोक वर्मा, अखिल मेहरोत्रा, विपिन बर्मा, सुनील मेहरोत्रा, श्याम टण्डन, श्रीनाथ पाठक, ज्योति शंकर, कौस्तुभ अग्रवाल, अतुल गुप्ता, श्याम मेहरोत्रा, मनमोहन अग्रवाल ठाकुर के भक्त परिवारों ने ढोल-मजीरा-बाँसुरी की ध्वनि के साथ भाव नृत्य किया। संयोजको ने प्रसाद का वितरण किया। महाआरती की गई।

## फुंका ट्रांसफार्मर न बदले जाने से भड़के ग्रामीण लगाया जाम



सड़क पर धरना देते ग्रामीण को समझाती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बरौन ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले ग्राम नगला गुलाल में पिछले छह दिनों से फुंका पड़ा ट्रांसफार्मर न बदले जाने से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। बिजली विभाग की लापरवाही के विरोध में व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे मार्ग पर यातायात बाधित हो गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का ट्रांसफार्मर छह दिन पहले फुंक गया था, जिसकी सूचना तत्काल बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों को दे दी गई थी। इसके बावजूद विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर बदलवाने की कोई सुध नहीं ली गई, जिससे गांव में अंधेरा छाया हुआ है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर जाम लगने की सूचना मिलते ही थाना मऊदरवाजा इंस्पेक्टर दो चौकी इंचार्ज और भारी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और मौके से ही बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से फोन पर वार्ता की। अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान अभिषेक सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, रामू ठाकुर, राजेश सिंह, शिशुपाल सिंह, श्रीनिवास, नन्हे लल्ला, अजय प्रताप, संजीव सिंह, अनुज प्रताप सिंह, विनय प्रताप सिंह, सचिन यादव, लालू यादव, मोटी यादव, अनुराग यादव और सोमनाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाल संरक्षण समिति की बैठक में बाल अधिकारों और सुरक्षा पर दिया जोर

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

विकास खण्ड कमालगंज में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक जिला प्रोबेशन अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी अनिल चन्द्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, देखरेख एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

बैठक में खण्ड विकास अधिकारी अनिल चन्द्र ने बाल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न एवं बाल अधिकारों के उल्लंघन के




बैठक में मौजूद अधिकारीगण

मामलों के प्रति संवेदनशील रहें तथा ऐसे मामलों की जानकारी मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर बच्चों के संरक्षण हेतु गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठकें प्रत्येक त्रिमास पर आयोजित की जाएं।

बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करना कानूनन अनिवार्य है। बच्चों के साथ यौन शोषण की किसी भी घटना को छिपाने के बजाय तत्काल संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस को सूचित किया जाए। इसके साथ ही बच्चों की सहायता एवं संरक्षण के लिए संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त करने हेतु 112 इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी महेन्द्र सिंह ने साइबर अपराधों से बचाव, यौन शोषण की रोकथाम तथा जरूरतमंद एवं संकटग्रस्त बच्चों को त्वरित सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराने के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी संगीता शुक्ला, सहायक विकास अधिकारी पंचायत शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, खण्ड शिक्षा विभाग से हुकुम सिंह, खंड चिकित्साधिकारी सुधाकर माथुर, स्वैक्षिक संगठन से आशीष शुक्ल उपस्थित रहे।

## भव्यता और श्रद्धा के साथ निकली 33वीं गोवर्धन शोभायात्रा

- मनमोहक धार्मिक झांकियां रहीं आकर्षण का प्रमुख केंद्र

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

अंगूरीबाग में श्री गोवर्धन शोभा यात्रा सेवा समिति एवं श्री गणेश जन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 33वीं गोवर्धन शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ निकाली गई।

शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा और पूरा नगर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन लीला से संबंधित मनमोहक धार्मिक झांकियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। भक्ति गीतों, भजनों और जयकारों के बीच श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमते नजर आए। शोभायात्रा अंगूरीबाग से प्रारंभ होकर साहबगंज चौराहा, घुमना बाजार, नाला मछरट्टा सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जगह-जगह नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।



शोभायात्रा में मौजूद मां दुर्गा की झांकी



रथ पर सवार सालिगराम की झांकी

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों का विशेष सहयोग रहा।

आयोजक मंडल ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

## 20 नवम्बर को क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आगामी 20 नवम्बर को क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानजनक ढंग से संपन्न कराना तथा उनके परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक संबल प्रदान करना है। डीएम ने निर्देशित किया कि 20 नवम्बर को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं भव्य तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।



बैठक लेती जिलाधिकारी

कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिन अधिकारियों को जिस कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे अपने स्तर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। नामित अधिकारी कार्यक्रम के दिन स्वयं आयोजन स्थल पर उपस्थित रहकर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से व्यवस्थाओं की निगरानी करें तथा यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहने पाए। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले सभी जोड़ों एवं उनके परिजनों की सुविधा और सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाए। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, मंच, टेंट, भोजन, पार्किंग, सुरक्षाए चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी शालिनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में शासन द्वारा जनपद के लिए कुल 703 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक विवाह हेतु कुल 908 जोड़ों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में लगभग 375 पात्र लाभार्थियों को सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से योजना के लाभ से लाभान्वित किए जाने की तैयारी की जा रही है। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसके माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को अपनी बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कराने में सहायता मिलती है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी शालिनी मौजूद रही।

## टोल प्रबंधक पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का आरोप

- भाकियू ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही की मांग

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

नियामतपुर इक्रोटिया टोल प्लाजा प्रकरण को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। यूनियन ने टोल प्रबंधक समेत दो लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री और पुलिस के आला अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में यूनियन ने बताया कि 3 नवंबर को संगठन के पदाधिकारी और स्थानीय किसान मुरादाबाद स्थित नियामतपुर इक्रोटिया टोल प्लाजा पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान टोल प्रबंधक अमित कुमार शर्मा ने किसानों की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से उन पर प्रतिदिन 5 से 6 हजार रुपये की अवैध वसूली करने का झूठा आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया। यूनियन के पदाधिकारियों ने दर्ज किए गए मुकदमे की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि एफआईआर में जानबूझकर गलत धाराओं का इस्तेमाल किया गया है। घटना और मुकदमा दर्ज करने के समय में कथित तौर पर हेरफेर की गई है। इन्हीं बिंदुओं को आधार बनाते हुए भाकियू लोकशक्ति ने टोल प्रबंधक और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ धारा 223, 227, 248 और 356 के तहत मुकदमा दर्ज कर उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कायमगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत झब्बूपुर, मझोला और याहियापुर के किसान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में व्याप्त आवारा गोवंश और मवेशियों की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया है। किसानों का कहना है कि सड़कों और गांवों में बेसहारा घूम रहे मवेशियों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं।



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते किसान नेता

इसके अलावा, ये पशु खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे मजबूर होकर किसानों को कड़ाके की ठंड में रातभर जागकर फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से तत्काल अभियान चलाकर आवारा पशुओं को गोशालाओं में भिजवाने और इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के आयोजन के लिए कै. गिरिजा शंकर नोडल अधिकारी नामित

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार म्युनिसिपल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के आयोजन हेतु जनपदीय नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 16 नवंबर से 30 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के छात्र-छात्राओं के मध्य सड़क सुरक्षा विषय पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के साथ भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 20 नवंबर को



कै0 गिरिजा शंकर

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य अतिथि की उपस्थिति में किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। जनपदीय नोडल अधिकारी कैप्टन गिरिजा शंकर के निर्देशानुसार जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में 18 नवंबर को विद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा विषय पर भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक प्रतियोगिता से दो-दो विजेता छात्र-छात्राओं का चयन कर उन्हें जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया जाएगा। विद्यालय स्तर पर चयनित विजेता छात्र-छात्राओं के नाम संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा 19 नवंबर तक म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में प्रेषित करना अनिवार्य होगा। कैप्टन गिरिजा शंकर ने जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करें तथा विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सुरक्षित सड़क व्यवहार और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति जागरूक करें।

## 16 नवंबर से शुरू होगी 15 दिवसीय संस्कृत नाट्य कार्यशाला

- महाकवि भास के दूतवाक्यम् का होगा मंचन

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् एवं विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 16 नवंबर से 15 दिवसीय प्रस्तुति परक संस्कृत नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ एशियन स्किल अकादमी जोगराज स्ट्रीट में किया जाएगा।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में नाट्य कला, अभिनय, संवाद अदायगी तथा मंचीय प्रस्तुति एवं संस्कृत के प्रति रुचि विकसित करना है। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को नाट्य कला की विभिन्न विधाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उनकी रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास हो सके। कार्यशाला का निर्देशन सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा किया जाएगा तथा संस्कृत शिक्षण का दायित्व डॉ0 प्रदीप कुमार शुक्ला निभाएंगे। कार्यशाला पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है। इसमें प्रवेश पहले आगत, पहले पावत के आधार पर दिया जाएगा। संस्था का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा एवं नाट्य परंपरा को प्रोत्साहित करते हुए युवाओं को कला और संस्कृति से जोड़ना है। कार्यशाला के अंतर्गत प्रतिभागियों को दूतवाक्यम् नाटक का प्रशिक्षण दिया जायेगा।




जानकारी देते सुरेन्द्र पाण्डेय व आचार्य प्रदीप नारायण शुक्ला

दूतवाक्यम् संस्कृत साहित्य के प्रसिद्ध नाटककार महाकवि भास द्वारा रचित नाटक है। यह महाभारत पर आधारित है। नाटक का मुख्य कथानक भगवान श्रीकृष्ण के शांति-दूत बनकर कौरवों की सभा में जाना तथा दुर्योधन को धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने का संदेश देना है। नाटक में श्रीकृष्ण द्वारा पांडवों के अधिकारों की मांग, युद्ध टालने का प्रयास, दुर्योधन का अहंकार एवं श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप का प्रभावशाली चित्रण किया जायेगा। इसमें धर्म और अधर्म, सत्य और असत्य तथा न्याय और अन्याय के मध्य संघर्ष को नाटकीय रूप में प्रस्तुत किया जायेगा। केवल एक पौराणिक प्रसंग नहीं, बल्कि शांति, सद्भाव, कूटनीति, नैतिकता और धर्म की स्थापना का सशक्त संदेश देने वाला नाटक है।

इसकी संवाद प्रधान शैली, ओजस्वी भाषा और प्रभावशाली नाटकीयता इसे संस्कृत रंगमंच की महत्वपूर्ण कृति बनाती है। इस नाटक के माध्यम से दर्शकों को यह संदेश देने का प्रयास किया जायेगा कि अहंकार और हठ का परिणाम विनाश होता है, जबकि विवेक, संवाद और धर्म के मार्ग से शांति एवं न्याय की स्थापना संभव है। वार्ता के दौरान आचार्य डॉ0 प्रदीप नारायण शुक्ल मौजूद रहे।

## नवाबगंज में प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर प्राथमिक शिक्षक संघ नवाबगंज द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजेश यादव ने की। बैठक में शिक्षकों की 12 सूत्रीय मांगों और समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिनमें 1 अप्रैल 2005 या उसके पश्चात नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन व्यवस्था का लाभ दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनिवार्य टीईटी से जुड़े बिंदु। शिक्षकों के शैक्षिक एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की जाँच। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की पदोन्नति प्रमोशन आदि से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने कहा कि प्रदेश में पिछले 19 वर्षों से प्राथमिक शिक्षकों की पदोन्नति नहीं की गई है। इसके चलते अधिकांश शिक्षक बिना पदोन्नति पाए ही सहायक अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त होने को मजबूर हैं। उन्होंने आगे कहा कि पदोन्नति प्रक्रिया में बिना टीईटी नॉन-टीईटी शिक्षकों को वंचित रखने के सरकार के फैसले से शिक्षक समाज में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 18 नवंबर को जनपद के सभी शिक्षक जिला मुख्यालय पर एकत्र होकर जोरदार धरना-प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा जाएगा। बैठक में संघ के पदाधिकारी और विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे। राजेश कुमार अध्यक्ष, सुशील कुमार मंत्री, प्रमोद प्रजापति, प्रताप नारायण, विनोद कुमार, मनोज कुमार यादव, संजीव कुमार, अरविन्द कुमार, सुनील कुमार, श्यामजी शुक्ल, अरविन्द कुमार, राजीव राजपूत, विकास पाल, अनुराग कुमार शिक्षकगण उपस्थित रहे।

12 सूत्रीय मांगों पर हुई चर्चा



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

### अभिनंदन समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद द्वारा नीवाचुअत तिराहे से स्टेट बैंक तक के मार्ग को पंडित विमल प्रसाद तिवारी मार्ग किये जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल का अभिनंदन समारोह 14 नवम्बर शनिवार 3 :30 बजे अग्रवाल सभाभवन में होगा। यह जानकारी आयोजक आदेश तिवारी ने दी है।

## भव्यता के साथ शुरु हुआ 23वाँ मानस सम्मेलन

- संतों ने दी धर्म और संस्कारों की प्रेरणा

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

23वाँ मानस सम्मेलन मदारबाड़ी में प्रातः काल सूर्य देव एवं मानस पूजन के साथ संत शिरोमणि ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने सम्पन्न किया। पं0 शिवदत्त, आचार्य अरविन्द द्विवेदी, स्वामी योगेश्वरानन्द, सर्वेश शुक्ल ने वेद मंत्रों, स्वस्तिवाचन, मंगलाचरण के साथ प्रारम्भ किया। सम्मेलन आये हुये गणमान्य व्यक्ति, श्री राम भक्त सेवक का भारत सिंह ने स्वागत किया। पांचाल घाट गंगा तट पर दुर्वासा आश्रम के संत ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने मानस को विश्व का अनूठा ग्रन्थ बताया, जो मानव जीवन जीने का मार्ग दर्शन कराता है। संत-महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वेदव्यास,



प्रवचन करते ईश्वरदास ब्रह्मचारी महाराज

गो तुलसी दास ने मानव को भव सागर से मुक्त होने का मार्ग दिखाया। राम की लीलाओं से उनके पवित्र आचरण से मानव जीवन को तथा श्री राम चरित्र मानस ग्रन्थ से प्रेरणा लेकर उसका अध्ययन, चिन्तन, पठन, पाठन कर अपने मानवीय, दैवीय गुणों को से स्वयं को सत्य अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष का रास्ता दिखाता है। श्री राम का नाम ही सत्य है जो मनुष्य को इस संसारिक जीवन भवसागर से मुक्ति दिला सकता है। उन्होंने कहा आयोजक गण 23 वर्षों से मानस सम्मेलन के द्वारा युवा पीढ़ी में भारतीय संस्कृति का संरक्षण एवं संस्कार देने का कार्य कर रहे है। मुख्य अतिथि के रूप में संतो का स्वागत भारत सिंह, अशोक वर्मा, राकेश निराला मीडिया प्रभारी, गिरिराज, राहुल कनौजिया, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, अक्षित, श्याम सुन्दर लल्ला आदि ने ईश्वर दास ब्रह्मचारी एवं संत जनों का स्वागत किया। सनातन धर्म की शक्ति मातृ शक्ति महिला मंडल में निर्मला सिंह, गौरंगना दुबे, शारदा भदौरिया, कुसुम सिंह, शकुन्तला देवी मिश्रा ने तुलसी माता एवं मानस में श्री राम दरबार, आदि देवताओं की आरती उतारी। ब्रज किशोर सिंह किशोर ने सम्मेलन में विधिवत रूप मंगलाचरण के साथ संचालन किया। कथा का विश्राम कुसुम दुबे ने आभार एवं धन्यवाद दिया। राम दरबार, हनुमान जी एवं सीता माता की सुन्दर चित्रमय झांकी की आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धा विश्वास के साथ मानस ग्रन्थ के मूल मंत्रो का आचरण करेंगे तो मानव जीवन भवसागर से पार हो सकता है और उसका कल्याण हो सकता है।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा की मौत

**सुलतानपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के केएनआई चौकी क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करने वाली छात्रा का शव कमरे में पंखे के सहारे लटका मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस विधिक कार्यवाही में जुटी है। प्रतापगढ़ जिले के सुखपाल नगर निवासी आयुषी सिंह( 20 )पुत्री सुनील सिंह कोतवाली नगर के केएनआई कस्बा के पास किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी।जो केएनआई में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा थी।शुक्रवार को कमरा अंदर से बंद होने के बाद जब काफी देर तक छात्रा कमरे से बाहर नहीं निकली तो मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी तो छात्रा का शव पंखे में दुपट्टे के सहारे लटका मिला।पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर परिजनो को सूचना दी।परिजनो के पहुंचने के बाद शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।नगर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर मां-बेटा घायल, सीएचसी में भर्ती

**सुलतानपुर।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के आनापुर नारायणगंज गांव के पास शुक्रवार दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर बाइक से गिरकर मां-बेटा घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा में भर्ती कराया गया। अमेठी जिले के कोतवाली क्षेत्र स्थित अयोध्या नगर निवासी गुलशन अपनी पत्नी रानी और मासूम बेटे प्रांजल के साथ बाइक से ससुराल शाहगंज जा रहे थे। आनापुर नारायणगंज के पास बाइक अनियंत्रित होने से पीछे बैठी रानी बेटे समेत सड़क पर गिर गई।

### निजी हैंडपंप के रीबोर के नाम पर 33 हजार का भुगतान, आईजीआरएस पर शिकायत

**सुलतानपुर।** प्रतापपुर कमैचा विकासखंड की हड़िया सरपतहा ग्रामसभा में निजी हैंडपंप को सरकारी अभिलेखों में रीबोर दर्शाकर 33 हजार रुपये का भुगतान निकालने का आरोप लगा है। मामले में गांव निवासी इंदल निषाद ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उन्होंने करीब एक वर्ष पूर्व अपने निजी खर्च से इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाया था। आरोप है कि ग्राम प्रधान/प्रशासक और सचिव ने इसी हैंडपंप को सरकारी अभिलेखों में रीबोर का कार्य दिखाकर 33 हजार रुपये का भुगतान करा लिया। जानकारी होने पर उन्होंने संबंधित अभिलेखों, भुगतान विवरण और मौके की जांच कराने की मांग की है।शिकायतकर्ता ने आरोप सही पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई और सरकारी धनराशि की वसूली की मांग की है। खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### इग्नू के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का परिचय सभा आयोजित

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू भौतिकी एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र में जुलाई 2026 सत्र के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में परिचय सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमला नेहरू ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्य प्रो. राधेश्याम सिंह ने मां सरस्वती और संस्थापक बाबू केएन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।उन्होंने कहा कि इग्नू दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा के माध्यम से युवाओं, नौकरीपेशा लोगों और महिलाओं को उच्च शिक्षा का बेहतर अवसर प्रदान कर रहा है। अध्ययन केंद्र समन्वयक डॉ. शक्ति सिंह ने रोजगारपरक पाठ्यक्रमों, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री और परामर्श कक्षाओं की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. सुनील प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की प्रवेश एवं परीक्षा व्यवस्था से अवगत कराया।कार्यक्रम में डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह, डॉ. अतुल कुमार सिंह, डॉ. अवधेश दुबे, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. आरपी मिश्रा सहित शिक्षक और करीब 70 नवप्रवेशित विद्यार्थी मौजूद रहे।

### शिवगढ़ थाने के उपनिरीक्षक संजय सिंह का आकस्मिक निधन, पुलिस विभाग में शोक



**सुलतानपुर।** शिवगढ़ थाने में तैनात उपनिरीक्षक संजय सिंह (गाजीपुर) का शुक्रवार सुबह करीब 10-15 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, गाजीपुर जिले के हरपुर निवासी स्व. गुरजन सिंह के पुत्र संजय सिंह शुक्रवार सुबह थाने की बैरक में अचानक बिस्तर पर गिर पड़े। थाना प्रभारी परशुराम ओझा हमराही पुलिसकर्मियों के साथ उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मौत की वजह हृदय गति रुकना बताई जा रही है।

### 1044 आंगनवाड़ी केंद्रों पर जलापूर्ति नहीं, सीडीओ ने जताई नाराजगी

**सुलतानपुर।** कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक हुई। इसमें पोषण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि 1293 गर्भवती महिलाओं ने चौथी एएनसी जांच का लाभ लिया है। पुष्टाहार वितरण में फेस कैप्चर की प्रगति 95 प्रतिशत और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति 70 प्रतिशत मिली। सीडीओ ने दोनों योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों का वजन, फेस कैप्चर और ई-केवाईसी शत-प्रतिशत दर्ज कराने को कहा।आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा में 13 भवन अधूरे मिले, जबकि 54 केंद्रों के विद्युत कनेक्शन के लिए आगणन लंबित पाया गया। सबसे गंभीर स्थिति जलापूर्ति की रही। जिले के 1044 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस पर सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए जल निगम के अधिशासी अभियंता को स्पष्टीकरण सहित सोमवार को प्रगति रिपोर्ट के साथ तलब किया।

### कालाकांकर में 18 नवंबर को लगेगा रोजगार मेला

**कुंडा-प्रतापगढ़।** क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 18 नवंबर को मदनमोहन मालवीय पीजी कॉलेज कालाकांकर परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से आयोजित यह मेला सुबह 10 बजे से शुरू होगा।जिला सेवायोजन अधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर्स, एलएंडटी कंस्ट्रक्शन अहमदाबाद, एमआरएफ, न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर्स, क्रेस कॉर्प, रैंडस्टैंड, मदरसन ग्रुप नोएडा, प्रणव विकास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, स्पार्क मिंडा, सेफ एक्सप्रेस, फ्लिपकार्ट, सिक्योरिटी सर्विसेज और ब्लिंक कॉमर्स सहित विभिन्न निजी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।मेले में विभिन्न पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा। इच्छुक युवक-युवतियां अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं अन्य जरूरी दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि और समय पर पहुंचकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### हीरागंज में अग्निपीड़ित कपड़ा व्यापारी के मकान में फिर लगी आग



**कुंडा-प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हीरागंज बाजार में अग्निकांड से पीड़ित कपड़ा व्यापारी फूलचंद केसरवानी के मकान में शुक्रवार सायं काल दूसरी बार फिर से आग लगने से हड़कंप मच गया। मकान की तीसरी मंजिल स्थित कमरे से धुआं निकलता देख आसपास के लोग दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने पड़ोस के घरों से समरसेबल पंप चलवाकर आग बुझाई। ज्ञातव्य है कि बीते 21 अक्टूबर को फूलचंद की कपड़े की दुकान में भीषण आग लगी थी। जिसमें लाखों रुपये का रेडीमेड कपड़ा रेडीमेड ज्वैलरी के सामान जलकर राख हो गया था। शुक्रवार को मकान में फिर आग लगने से परिवार और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर समय से नहीं पहुंची। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आंख पर काबू न पाया होता तो इस बार भी बड़ा हादसा हो सकता था।

# छठ पूजा की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा, घाट पर सुरक्षा व सफाई के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।**



छठ पूजा के मद्देनजर शुक्रवार को जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल के साथ सीताकुंड घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा और श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्थाएं देखीं।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने घाट परिसर और आसपास नियमित सफाई कराने, कूड़ा निस्तारण तथा पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और विभागों के बीच समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### टेक्नोलॉजी को मास्टर नहीं, अपना पार्टनर बनाएं छात्र: डीएम



**सुलतानपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञानकुंज, विवेकानंद नगर में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की तीन दिवसीय क्षेत्रीय प्रतियोगिता के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने कहा कि छात्र टेक्नोलॉजी को अपना मास्टर नहीं, बल्कि पार्टनर बनाएं। विज्ञान, गणित और तकनीक के साथ सांस्कृतिक विरासत से जुड़ना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित कर नए प्रयोग करने चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने के लिए हर क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ बनाना जरूरी है। डीएम ने विद्यालय के अनुशासन और व्यवस्थाओं की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पारंपरिक लोकगीतों पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अध्यक्षता विभाग प्रचारक प्रकाश ने की। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल, डॉ. जेपी सिंह, हेमचंद्र, डॉ. राममनोहर, शेषधर द्विवेदी, डॉ. विनोद कुमार सिंह, भोलानाथ अग्रवाल सहित 49 जनपदों से आए छात्र-छात्राएं और शिक्षक मौजूद रहे।

## एनसीआरबी के आंकड़ों वाले पोस्टरों से गरमाई सियासत, लगाने वालों का पता नहीं




**सुलतानपुर।** जिले में बीती रात शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर एनसीआरबी के आंकड़ों से जुड़े पोस्टर लगाए जाने के बाद शुक्रवार को चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध, दलित उत्पीड़न, सड़क हादसों में मौतों और संगठित अपराध जैसे मुद्दों को उठाते इन पोस्टरों ने लोगों का ध्यान खींचा। हालांकि, पोस्टर किस संगठन या व्यक्ति की ओर से लगाए गए हैं, इसका खुलासा नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि प्रदेश के कई जिलों में चलाए जा रहे इस पोस्टर अभियान के तहत 100 से अधिक स्थानों पर 10 हजार से ज्यादा पोस्टर लगाए गए हैं। इसकी शुरुआत सुलतानपुर से होने की चर्चा है। जौनपुर, अमेठी, प्रतापगढ़, बस्ती, गोंडा और आजमगढ़ में भी पोस्टर लगाए जाने की जानकारी सामने आई है। पोस्टरों में एनसीआरबी के वर्ष 2017 से अब तक के आंकड़ों के जरिए प्रदेश में अपराध और सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दे उठाए गए हैं। फिलहाल इस अभियान के पीछे किसका हाथ है, इसे लेकर अटकलें जारी हैं।

## बकरी को बचाने कुएं में उतरे बुजुर्ग की डूबकर मौत परिवार में कोहराम

**सुलतानपुर।** धम्मौर थाना क्षेत्र के भाटी ग्राम पंचायत स्थित रेवतीपुर गड़ेरिया पुरवा में बकरी को बचाने के प्रयास में बुजुर्ग की कुएं में गिरकर मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी काशी पाल रोजाना की तरह बकरी चराने गए थे। इसी दौरान उनकी एक बकरी कुएं में गिर गई। उसे बचाने के लिए काशी पाल कुएं में उतरे, लेकिन खुद भी हादसे का शिकार हो गए। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान कुएं में बकरी मिलने पर घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची धम्मौर पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी। बुजुर्ग की मौत से गांव में शोक का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक कमलकांत त्रिपाठी ने बताया कि शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## 1.87 करोड़ से बनेगा दो किमी लंबा नाला चार मोहल्लों को मिलेगी जलभराव से राहत

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।**



शहर के शास्त्रीनगर, ओमनगर, पयागीपुर और नरायनपुर में जलभराव की समस्या दूर करने के लिए नगर पालिका ने 1.87 करोड़ रुपये की लागत से करीब दो किलोमीटर लंबे पक्के नाले का निर्माण शुरू कराया है। पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह नाला शास्त्रीनगर-ओमनगर मार्ग से रेलवे लाइन के नीचे होते हुए इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप, आईटीआई तक नरायनपुर वार्ड में बनाया जाएगा। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पुराना नाला कई स्थानों पर कच्चा और जर्जर होने से बारिश के दौरान जलभराव की समस्या होती थी। स्थानीय लोगों की लंबे समय से नाला निर्माण की मांग थी। नए नाले के निर्माण से चारों मोहल्लों में जलनिकासी व्यवस्था बेहतर होगी और बारिश के दौरान होने वाले जलभराव से राहत मिलेगी।इस मौके पर सभासद अखिलेश मिश्र, गिरीश कुमार मिश्र, श्रवण सिंह, लालेन्द्र सिंह, पवन मौर्य, पुष्कर तिवारी, मो. तारिख और पालिका के सहायक अभियंता संतोष कुमार सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# अधिकारों के लिए फार्मासिस्टों का सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।**



पदनाम में बदलाव और कार्यक्षेत्र के अधिकारों की मांग को लेकर जिले के फार्मासिस्ट शुक्रवार को लामबंद हो गए। फार्मासिस्टों ने सीएमओ कार्यालय के बाहर धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने योग्यता के अनुरूप जिम्मेदारी और दवा वितरण का अधिकार देने की मांग उठाई।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रशिक्षित फार्मासिस्टों को ही दवा वितरण की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। फार्मासिस्ट परीक्षित उपाध्याय ने सरकार से शीघ्र मांगें पूरी कर फार्मासिस्टों का शोषण बंद कराने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो फार्मासिस्ट कार्य बहिष्कार करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**कुंडा-प्रतापगढ़।** एक सप्ताह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल युवक का इलाज के दौरान मौत हो गई। शव के घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। प्रयागराज जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत लाल गोपालगंज के निंदूरा बाबा का पुरवा सीमावर्ती गांव का निवासी रमेश कुमार गौतम 35 वर्ष बीते शुक्रवार को मेहनत मजदूरी करके सायं काल अपने घर बाइक से वापस लौटते समय बाघराय थाना क्षेत्र के बिहार बाजार के समीप शकरदहा मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए सीएचसी बाघराय ले जाया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया गया। जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए आखिरकार घटना के सातवें दिन



जिंदगी की जंग हार जाने से मौत हो गई। शव के घर पहुंचने पर पत्नी प्रमिला देवी, 8 वर्षीय बेटा अनुज कुमार समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दो माह की एक और बेटी अनामिका भी है। विधवा पत्नी समेत बच्चों की अब कौन करेगा परवरिश, कैसे होगी शिक्षा दीक्षा तथा कौन करेगा बच्चों का शादी विवाह। यही सोच सोच कर पत्नी प्रमिला देवी बार-बार बेहोश हो जा रही थी। रमेश कुमार आर्थिक रूप से काफी कमजोर था।

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर

**सुलतानपुर।** चांदा क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर विषाक्त पदार्थ खाने से एक युवक की हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रतापगढ़ जिले के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी विमल सिंह (पुत्र रंजय सिंह) ने शुक्रवार दोपहर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। चिकित्साधिकारी डॉ. सौरभ सोनकर ने बताया कि युवक को गंभीर अवस्था में लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# अक्टूबर महीने में बरामद किए 147 गुम व खोए हुए मोबाइल, मालिकों के खिले चेहरे

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**



जिले में खोए या गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश के लिए प्रतापगढ़ पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल और सर्विलांस टीम की तकनीकी मदद से अक्टूबर माह में कुल 147 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद किए गए इन मोबाइल्स की अनुमानित कीमत लगभग 24 लाख 60 हजार रुपये आंकी गई है। इस सिलसिले में पुलिस लाइन के सांई कॉम्प्लेक्स में दोपहर करीब 2 बजे एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर और अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार ने अपने हाथों से बरामद किए गए कीमती फोन उनके असली मालिकों को सौंपे। फोन वापस मिलने पर नागरिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पुलिस टीम व अधिकारियों का दिल से आभार जताया।

**साइबर टीमों और सर्विलांस सेल की अहम भूमिका:** पुलिस के अनुसार, जिले के सभी थानों की साइबर टीमों और सर्विलांस सेल ने अपनी तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए इन फोनों को ट्रेस करने में सफलता पाई। सीईआईआर पोर्टल पर अक्टूबर माह में दर्ज शिकायतों के आधार पर लगभग 79 प्रतिशत मोबाइल फोन सफलतापूर्वक उनके स्वामियों को वापस मिले हैं। खास बात यह है कि प्रतापगढ़ पुलिस अपनी कार्यकुशलता के दम पर अप्रैल महीने में 40वीं रैंक पर थी, जो सितंबर माह तक बेहतर प्रदर्शन करते हुए सीधे 5वीं रैंक पर पहुंच गई है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम या चोरी हो जाए, तो वे तुरंत नजदीकी थाने में सूचना दें या सीआईआर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। इससे फोन की लोकेशन ट्रेस करने और उसे सुरक्षित वापस पाने में पुलिस को काफी मदद मिलती है।

### कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाने से नाबालिग भाई की मौत, दूसरा गंभीर, आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले के जेठवारा थाना क्षेत्र के चमरूपुर पठान गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ कोल्ड ड्रिंक में कथित तौर पर जमालघोटा (जहरीला पदार्थ) मिलाकर दो नाबालिग भाइयों को पिलाने का मामला सामने आया है। इस घटना में छोटे भाई की मौत हो गई, जबकि बड़े भाई की हालत गंभीर बनी हुई थी। पुलिस ने शुक्रवार शाम करीब 4 बजे मामले का खुलासा करते हुए 58 वर्षीय मुख्य आरोपी अशफाक अहमद को हारी का पुरवा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित बच्चों के पिता मोहम्मद आसिर ने शिकायत दर्ज कराई कि 18 अक्टूबर 2026 को गांव के सफवान के जरिए उनके दोनों बेटों को बुलाया गया था। आरोप है कि बच्चों को कोल्ड ड्रिंक और नमकीन दी गई, जिसमें कथित तौर पर जहरीला पदार्थ जमालघोटा मिलाया गया था। जहरीली कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद 14 वर्षीय छोटे भाई मोहम्मद अरफाज की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए मऊआइमा ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। हालांकि, प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं, 15 वर्षीय बड़े भाई मोहम्मद अफ्फान की हालत गंभीर होने पर उसे प्रतापगढ़ के अपोलो अस्पताल और बाद में प्रयागराज के करेली स्थित गौस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उसका 8-9 दिनों तक इलाज चला। मोहम्मद आसिर का आरोप है कि घटना के बाद आरोपियों ने बड़े बेटे के इलाज के नाम पर करीब 2 लाख 80 हजार रुपये दिए और समाज व बिरादरी का हवाला देकर पुलिस में शिकायत न करने का भारी दबाव बनाया, जिससे डरवश उस समय सूचना नहीं दी गई। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# फार्मासिस्टों ने सीएमओ कार्यालय पर दिया धरना

### मुख्यमंत्री को सम्बोधित 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीएमओ को सौंपा

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**



डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर शुक्रवार को जनपद के फार्मासिस्टों ने अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय व संचालन जिला मंत्री राकेश कुमार यादव ने किया। धरने के उपरांत एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीएमओ को सौंपा। सौंपे गये मांगों में प्रमुख रूप से फार्मासिस्ट का पदनाम बदलकर फार्मेसी अधिकारी तथा चीफ फार्मासिस्ट का पदनाम चीफ फार्मेसी अधिकारी किए जाने, फार्मासिस्टों को सीमित औषधियों के लिए नुस्खा लिखने का अधिकार देने, फार्मासिस्ट का ग्रेड पे 4600 एवं चीफ फार्मासिस्ट का ग्रेड पे 5400 किए जाने की मांग के अलावा एलोपैथिक चिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति में फार्मासिस्ट को मिलने वाले प्रभार भत्ते को 75 रुपये से बढ़ाकर 750 रुपये करने, लंबित वरिष्ठता सूची जारी करने, पीएचसी एवं सीएचसी पर आवश्यकतानुसार पदों का सृजन करने तथा दवाओं का वितरण केवल फार्मासिस्टों के माध्यम से कराए जाने सहित अन्य मांगें शामिल रहीं। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी और विभाग की रीढ़ हैं। इसके बावजूद उनकी जायज मांगें लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो 20 नवंबर को लखनऊ में प्रदेशव्यापी विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।जिला मंत्री राकेश कुमार यादव ने कहा कि फार्मासिस्ट अपने अधिकारों और सम्मान के लिए एकजुट हैं। एसोसिएशन लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचा रही है। धरने में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदय राज सिंह, उपाध्यक्ष हरिशंकर सिंह, संगठन मंत्री संदीप कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री मान सिंह यादव, कोषाध्यक्ष बृज किशोर श्रीवास्तव, ऑडिटर रंजीत यादव सहित सदस्य मदन सिंह, सुशील कुमार एवं कैलाश नाथ सहित जनपद के विभिन्न चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति केंद्रों को मिलीं 14 नई स्कूटी, महिला पुलिसकर्मियों को मिली गश्त में सहूलियत

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**



महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में प्रतापगढ़ पुलिस विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति केंद्रों को 14 नई स्कूटी वितरित की गईं। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आ आलोक कुमार की मौजूदगी में महिला पुलिसकर्मियों को ये स्कूटी सौंपीं। ये वाहन सीएसआर के माध्यम से उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें पाकर महिला पुलिसकर्मियों में खासा उत्साह देखा गया और उन्होंने वाहनों के साथ सेल्फी भी ली।

बता दें कि इससे पहले मिशन शक्ति केंद्रों को 10 स्कूटी दी जा चुकी थीं। नई 14 स्कूटी मिलने के बाद अब कुल वाहनों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इन दोपहिया वाहनों के मिलने से महिला पुलिसकर्मियों को अपने क्षेत्र में आवागमन और गश्त करने में काफी सहूलियत मिलेगी।

इन स्कूटी के जरिए महिला पुलिसकर्मी स्कूल-कॉलेज, बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर प्रभावी रूप से गश्त कर सकेंगी। साथ ही, महिलाओं और बालिकाओं की शिकायतों पर तुरंत मौके पर पहुंचने, जागरूकता अभियान चलाने और जरूरतमंद महिलाओं की सहायता करने में आसानी होगी।

कार्यक्रम के दौरान एसपी दीपक भूकर ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा करने, आम जनता से बातचीत करने और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक राजीव राय, परिवहन शाखा प्रभारी भगवान दास यादव समेत अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।